ಶುಭ್ ಲಾಭ್

खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

DAILY

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र



भाजपा की राजनीति राष्ट्रहित के लिए है: सीटी रवि @ नम्मा बेंगलूरु


Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । सोमवार, 24 जून, 2024 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । epaper.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-6 रु.। वर्ष-6 । अंक-175

# नीट परीक्षा मामले में सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर

**केंद्रीय जांच ब्यूरो ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की शिकायत पर दर्ज किया मामला**

**जांच के लिए दो टीम पटना-गोधरा जाएंगी, ग्रेस मार्क्स वाले 1563 छात्रों की परीक्षा खत्म**




**नई दिल्ली, 23 जून (एजेंसियां)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की लिखित शिकायत के आधार पर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं के मामले में आपराधिक मामला दर्ज किया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यहां यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि गत पांच मई को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नीट (यूजी) 2024 परीक्षा के दौरान कुछ राज्यों में कुछ अलग-अलग घटनाएं हुईं। यह परीक्षा 571 शहरों में 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी, जिसमें 14 विदेशी शहर भी शामिल थे। परीक्षा में 23 लाख से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे। उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्रालय ने सीबीआई से कथित अनियमितताओं के पूरे मामले की व्यापक जांच करने का अनुरोध किया है, जिसमें षडयंत्र, धोखाधड़ी, प्रतिरूपण, विश्वासघात और उम्मीदवारों, संस्थानों और बिचौलियों द्वारा सबूतों को नष्ट करना, अनियमितताओं का प्रयास करना शामिल है। मंत्रालय ने सीबीआई से परीक्षा के आयोजन से जुड़े लोक सेवकों की भूमिका, यदि कोई हो, की जांच करने तथा घटनाओं के पूरे दायरे और बड़ी साजिश की जांच करने का अनुरोध किया है।

सीबीआई ने तदनुसार एक आपराधिक मामला दर्ज किया है और जांच शुरू की है। मामले की सर्वोच्च प्राथमिकता पर जांच करने के लिए सीबीआई द्वारा विशेष टीमों का गठन किया गया है एवं इन टीमों को पटना और गोधरा भेजा जा रहा है जहां स्थानीय पुलिस ने मामले दर्ज किए हैं।

वहीं, 5 मई को हुई नीट परीक्षा के रिजल्ट में ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 कैंडिडेट्स के लिए रविवार को रीएग्जाम हुआ। एग्जाम दोपहर 2 बजे से शाम 5:20 बजे के बीच शेड्यूल किया गया था। कई छात्र परीक्षा में शामिल नहीं हुए।

चंडीगढ़ में सिर्फ दो कैंडिडेट्स के लिए एग्जाम सेंटर बनाया गया, दोनों ही नहीं पहुंचे। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने नीट-यूजी परीक्षा विवादों के संबंध में एक्शन लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को धन्यवाद दिया।

▶10 पर

## बिहार के बाद अब महाराष्ट्र का कनेक्शन, दो अध्यापकों से हुई पूछताछ

**नई दिल्ली, 23 जून (एजेंसियां)।** पेपर लीक का मामला इन दिनों सुर्खियों में बना हुआ है। बिहार पुलिस ने इस मामले में कुछ लोगों को गिरफ्तार किया है। अब नीट पेपर लीक का कनेक्शन महाराष्ट्र में भी मिला है। पुलिस ने दो अध्यापकों से पेपर लीक मामले में पूछताछ की है। जिन अध्यापकों से पूछताछ हुई है, उन्हें नांदेड़ की आंतकरोधी स्कवॉड ने शक के आधार पर पकड़ा।

पुलिस को शक है कि ये दोनों अध्यापक नीट पेपर लीक मामले में शामिल हो सकते हैं। दोनों महाराष्ट्र के जिला परिषद स्कूलों में पढ़ाते हैं। साथ ही दोनों लातूर में निजी कोचिंग सेंटर भी संचालित करते हैं। पुलिस ने दोनों से कई घंटे तक पूछताछ की और फिर जाने दिया। पुलिस ने दोनों को जरूरत पड़ने पर फिर से पूछताछ के लिए

▶10 पर

## छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट से पुलिस ट्रक उड़ाया, दो जवान शहीद

**बीजापुर-सुकमा बॉर्डर पर हमला, कई अन्य घायल**



**सुकमा, 23 जून (एजेंसियां)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा और बीजापुर बॉर्डर पर रविवार को नक्सलियों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। सिलगेर और टेकलगुडम के बीच नक्सलियों ने सीआरपीएफ जवानों के ट्रक को आईईडी ब्लास्ट कर उड़ा दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस ब्लास्ट में कोबरा बटालियन के दो जवान शहीद हो गए। जबकि कई अन्य घायल हो गये।

जिले के एक पुलिस अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है। सिलगेर इलाके में जवान नक्सलियों के तलाश अभियान पर निकले थे। इसी दौरान नक्सलियों ने उनके ट्रक पर आईईडी ब्लास्ट कर दिया। नक्सलियों के इस हमले में दो जवान शहीद हो गए जबकि कई जवान घायल हो गए। घायल जवानों को इलाज के अस्पताल लाया जा रहा है। इधर, नक्सली हमले की सूचना पर अतिरिक्त बल को मौके पर भेजा गया है। इलाके में तलाश अभियान तेज कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, जगरगुंडा क्षेत्र स्थित सिलगेर कैंप से 201 कोबरा वाहिनी के जवानों का मूवमेंट रोड ओपनिंग ड्यूटी के दौरान ट्रक और बाइक से टेकलगुडेम की ओर था। वहां रास्ते में नक्सलियों ने आईईडी प्लांट कर रखा था। बताया जा रहा है कि दोपहर करीब 3 बजे जैसे ही जवानों से भरा ट्रक वहां से निकला, आईईडी की चपेट में आ गया।

ब्लास्ट के चलते ट्रक का चालक जवान विष्णु आर और सह चालक जवान शैलेंद्र शहीद हो गए। बाकी जवान सुरक्षित बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि ये जवान राशन लेकर जवान कैंप जा रहे थे। टेकलगुडम और इससे आगे का पूवर्ती इलाका नक्सली कमांडर हिड़मा और देवा का गढ़ है। कुछ ही महीने पहले यहां सुरक्षाबलों का कैंप स्थापित किया गया है। करीब महीना भर पहले बीजापुर जिले में थाना प्रभारी की गाड़ी नक्सलियों के लगाए आईईडी की चपेट में आ गई थी। फरसेगढ़ थाना प्रभारी आकाश मसीह अपने एक जवान के साथ शासकीय काम से

▶10 पर

### चार नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा, 23 जून (एजेंसियां)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में पुलिस अफसरों के समक्ष बिना हथियार के 2 महिला सहित 4 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया।

शुक्रवार को प्रतिबंधित माओवादी नक्सल संगठन में सक्रिय 2 महिला नक्सली समेत 4 नक्सलियों क्रमश: हेमला नंदे (एर्रनपल्ली आरपीसी सीएनएम सदस्या) एर्रनपल्ली थाना पामेड़ जिला बीजापुर, नुप्पो सोमड़ी (नागाराम आरपीसी केएमएस उपाध्यक्षा) नागाराम सरपंचपारा थाना चिंतलनार जिला सुकमा, हेमला एर्रा (नागाराम आरपीसी मिलिशिया सदस्य) नागाराम थाना चिंतलनार जिला सुकमा एवं कड़ती हिड़िया (नागाराम आरपीसी मिलिशिया सदस्य) के द्वारा नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में रवि गणवीर डिप्टी कमाण्डेन्ट 74 वाहिनी सीआरपीएफ एवं मनीष रात्रे, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन जिला सुकमा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया।

▶10 पर

## इसरो ने आरएलवी पुष्पक का तीसरा सफल लैंडिंग परीक्षण किया पूरा



**बेंगलुरु, 23 जून (एजेंसियां)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने पुन: काम आने वाले प्रक्षेपण यान (आरएलवी) के लैंडिंग प्रयोग (एलईएक्स) को लगातार तीसरी बार सफलतापूर्वक पूरा कर नया मील का पत्थर स्थापित किया है। कर्नाटक के चित्रदुर्ग में एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर) पर एलईएक्स श्रृंखला के एलईएक्स -03 का अंतिम परीक्षण रविवार सुबह 07:10 बजे हुआ। इस मिशन में अंतरिक्ष से लौटने वाले यान को तेज हवाओं के बीच उतारने का अभ्यास किया गया, जिससे अंतरिक्ष एजेंसी की आरएलवी के विकास के लिए आवश्यक अहम प्रौद्योगिकियों को हासिल करने में विशेषज्ञता को बल मिला है। पिछले आरएलवी एलईएक्स -01 और एलईएक्स -02 मिशनों की उपलब्धियों के आधार पर, आरएलवी एलईएक्स -03 परीक्षण ने अधिक चुनौतीपूर्ण

▶10 पर

## जीरो कैजुअल्टी अप्रोच के साथ आगे बढ़ रहा भारत का आपदा प्रबंधन

**नई दिल्ली, 23 जून (एजेंसियां)।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को यहां एक उच्चस्तरीय बैठक में बाढ़ प्रबंधन की समुचित तैयारियों और इस समस्या को कम करने के लिए व्यापक तथा दूरगामी नीति बनाने के दीर्घकालिक उपायों की समीक्षा की।

श्री शाह ने पिछले साल लिए गए निर्णयों पर हुई कार्रवाई की समीक्षा की। इसके साथ ही सभी एजेंसियों द्वारा अपनाई जा रही आधुनिक तकनीकों और उनके नेटवर्क के विस्तार पर भी चर्चा हुई। उन्होंने बादल फटने से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही बाढ़ नियंत्रण के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की ओर से उपलब्ध कराए गए चित्रों के विभिन्न एजेंसियों द्वारा अधिकतम इस्तेमाल पर भी बल दिया गया।



**अमित शाह ने की बाढ़ की समस्या से निपटने के दीर्घकालिक उपायों की समीक्षा**

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारत का आपदा प्रबंधन जीरो कैजुअल्टी अप्रोच के साथ आगे बढ़ रहा है। गृह मंत्री ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को बाढ़ प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी परामर्श को समय पर लागू करने की अपील की। उन्होंने मौसम विभाग और केन्द्रीय जल आयोग को निर्देश दिया कि उन्हें वर्षा और बाढ़ चेतावनी में उपयोग होने वाले सभी उपकरणों की हर साल जांच करनी चाहिए। श्री शाह ने सिक्किम और मणिपुर में हाल ही में आई बाढ़ का विस्तृत अध्यन कर गृह मंत्रालय को रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि देश के सभी प्रमुख बांधों के

▶10 पर

## उरी में सेना ने घुसपैठिए को मार गिराया

**अमरनाथ यात्रा को लेकर अर्धसैनिक बलों की 24 अतिरिक्त कंपनियां होंगी तैनात**

**श्रीनगर, 23 जून (एजेंसियां)।** जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के उरी सेक्टर में सेना ने रविवार को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास चल रहे घुसपैठ विरोधी अभियान के दौरान एक अज्ञात आतंकवादी को मार गिराया।

सेना ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, उरी सेक्टर में 22 जून को शुरू किये गये घुसपैठ विरोधी अभियान में एक आतंकवादी मारा गया है। मारे गये आतंकवादी की पहचान अब तक नहीं की जा सकी है। आधिकारिक



सूत्रों ने बताया कि शनिवार को खुफिया जानकारी के आधार पर बारामूला के गोहालन उरी में घुसपैठ विरोधी अभियान शुरू किया गया था। नियंत्रण रेखा पर तैनात सेना ने जवानों ने घुसपैठियों की संदिग्ध गतिविधि देखते ही उन्हें ललकारा। सूत्रों ने कहा, घुसपैठियों को चुनौती दी गयी, जिस पर उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सेना ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिससे मुठभेड़ शुरू हो गयी। सेना ने बताया कि अभियान अब भी जारी है। इससे पहले बीते बुधवार 21 जून को बालामुला में मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो पाकिस्तानी

▶10 पर

## अगरतला में नौ और बांग्लादेशी नागरिक हिरासत में लिए गए

**अगरतला, 23 जून (एजेंसियां)।** रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने त्रिपुरा के अगरतला रेलवे स्टेशन पर छह महिलाओं सहित कम से कम नौ बांग्लादेशी

नागरिकों को हिरासत में लिया है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। इन लोगों को दिल्ली और बेंगलुरु जाने वाली ट्रेनों में चढ़ने से पहले हिरासत में लिया गया है।

जीआरपी सूत्रों ने बताया कि शनिवार को हिरासत में लिये गये बांग्लादेशी नागरिकों की उम्र 20 से 45 साल के बीच है और वे अवैध रूप से त्रिपुरा में घुसे थे। वे नौकरी की तलाश में दिल्ली, बेंगलुरु और गुजरात जाने वाली ट्रेनों में

▶10 पर

## जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद ले रहा है अंतिम सांसें : सिन्हा

**जम्मू, 23 जून (एजेंसियां)।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि राज्य में आतंकवाद अंतिम सांसें ले रहा है और इसने आतंक के निर्यातक हमारे पड़ोसी को हताश कर दिया है। श्री सिन्हा ने रियासी जिले के तलवारा स्थित सहायक प्रशिक्षण केंद्र में जम्मू-कश्मीर पुलिस के 16वें बीआरटीसी बैच की सत्यापन सह पासिंग आउट परेड में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, हाल की आतंकवादी घटनाएं हमारे दुश्मन की हताशा का संकेत हैं। हमारा उद्देश्य आतंकवाद का पूर्ण उन्मूलन करना है। हमें आतंकवादियों और



उनके सहयोगियों का पता लगाना चाहिए जो उन्हें पनाह दे रहे हैं।

सीमा बटालियन के कुल 860 रिक्रूट कांस्टेबलों ने रविवार को एसटीसी में अपना कठोर प्रशिक्षण पूरा किया। पासिंग आउट कैडेटों को समर्पण और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। श्री सिन्हा ने सीमा बटालियन के पास आउट कैडेट्स को जम्मू कश्मीर पुलिस का अभिन्न अंग बनने पर बधाई दी। रियासी में सहायक पुलिस प्रशिक्षण केंद्र एक प्रतिष्ठित संस्थान है जो आतंकवाद और कानून व्यवस्था की चुनौतियों का सामना

▶10 पर

### सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

सोना : 73,980/-
(प्रति 10 ग्राम)

चाँदी : 91,439/-
(प्रति किलोग्राम)

### मौसम बेंगलूरु

अधिकतम : $32^0$
न्यूनतम : $22^0$

# आज से शुरू हो रहा संसद का सत्र

**पहले दिन पीएम मोदी-कैबिनेट मंत्रियों समेत 280 सांसद लेंगे शपथ**

**नई दिल्ली, 23 जून (एजेंसियां)।** कल यानी सोमवार से 18वीं लोकसभा के पहले सत्र की शुरुआत हो रही है। सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने पर सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी कैबिनेट में शामिल मंत्री बतौर सांसद शपथ लेंगे। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब उन्हें शपथ दिलाएंगे। इसके बाद नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलायी जाएगी। पीएम मोदी के बाद राजनाथ सिंह, अमित शाह और नितिन गड़करी शपथ ग्रहण करेंगे। उसके बाद मंत्री परिषद के अन्य सदस्य सांसद के रूप में शपथ लेंगे।

बता दें कि पीएम मोदी की कैबिनेट में शामिल मंत्रियों में 58 लोकसभा के सदस्य हैं। केंद्रीय मंत्री परिषद में शामिल 13 सदस्य राज्यसभा के सांसद हैं



और एक मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू अभी किसी भी सदन के सदस्य नहीं हैं। वह लुधियाना से बीजेपी के टिकट पर लोकसभा का चुनाव लड़े थे, लेकिन हार गए थे। पीएम मोदी और उनके मंत्रियों के बाद अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार राज्यवार सांसदों को शपथ दिलायी जाएगी। संसद के इस सत्र में शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं होगा।

इस तरह सबसे पहले असम के सांसद और सबसे अंत में पश्चिम बंगाल के सांसद शपथ लेंगे। संसद सत्र के पहले दिन यानी 24 जून को 280 नवनिर्वाचित सांसद शपथ लेंगे। दूसरे दिन यानी 25 जून को 264 नवनिर्वाचित सांसद शपथ लेंगे। इसके बाद 26 जून को लोकसभा स्पीकर का चुनाव होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 जून को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। 28 जून को सरकार राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा कराने की कोशिश करेगी, हालांकि हाल ही में हुए नीट पेपर लीक पर विपक्ष हंगामा कर सकता है।

राष्ट्रपति के अभिभाषण के जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 जुलाई को लोकसभा को संबोधित करेंगे। वह 3 जुलाई को राज्यसभा में बोलेंगे। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने 20 जून को बताया था कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओड़ीशा के कटक से

▶10 पर

### कार्टून कॉर्नर



# सच्चा धार्मिक व्यक्ति वही है जिसके अन्दर दया है : सुधांशु जी




**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
विश्व जागृति मिशन के बेंगलूरु मण्डल द्वारा आयोजित चार दिवसीय अमृत ज्ञान वर्षा महोत्सव का रविवार को समापन समारोह आयोजित किया गया। समापन समारोह में गुरुदेव सुधांशु जी महाराज का सर्वश्री सुनील मनोहर, मिश्री लाल एवं एसडी गीता ने मंच पर आकर अभिनन्दन किया।

इस शुभ मौके पर व्यास पीठ पर विराजित गुरुदेव ने भगवान का पूजन एवं अर्चन प्रमोद टांटिया और प्रमोद डालमिया के माध्यम से सम्पन्न कराया। समापन समारोह के अन्तिम सत्र में बोलते हुए राष्ट्र संत परम पूज्य सुधांशु जी महाराज ने कहा कि धार्मिक व्यक्ति वह है जिसका आचरण धर्ममय है।

ऐसा व्यक्ति प्राणी मात्र के प्रति दया, करुणा, मैत्री का भाव रखता है। जैसा व्यवहार हम स्वयं के लिए, अपने बच्चों के लिए चाहते हैं, वैसा ही व्यवहार दूसरों के प्रति करना ही धर्म है। प्राणीमात्र का कल्याण चाहना, सभी के सुख की कामना करना, सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करना ही धार्मिक व्यक्ति की पहचान है। धार्मिक व्यक्ति सृष्टि के नियमों का पालन करता है और सृष्टि निर्माता परमात्मा में गहरी श्रद्धा रखता है। धर्म हमें भगवान से जोड़ता है। भगवान के नाम जप, स्तुति, कीर्तन, प्रार्थना और ध्यान यह सभी भक्ति में प्रगति के मार्ग हैं।

उन्होंने कहा कि भगवान की स्तुति करते समय उनके दाता वाले स्वरूप का स्मरण करें, संकट मोचन वाले स्वरूप का स्मरण करें, रक्षक और करुणा निधान वाले स्वरूप का स्मरण करें। हृदय से भगवान का धन्यवाद करें, स्तुति में भावना का ही विशेष महत्व है। जप, प्रार्थना और स्तुति आदि भगवान के प्रति प्रेम प्रकट करने की विधि है। भक्ति में हमारी जैसी भावना होगी वैसे ही फल की प्राप्ति होगी, भगवान सेवा से ही प्रसन्न होते हैं।

भजन करते हुए सेवा करें और सेवा करते हुए भजन करें। प्रार्थना आत्मा का मुख्य भोजन है इसलिए प्रार्थना का नियम खुद के आध्यात्मिक उन्नति के लिए अवश्य बनाएं। जय नगर स्थित पूर्णिमा कन्वेंशन सेंटर में आयोजित चार दिवसीय भक्ति सत्संग प्रवचन में मण्डल प्रधान के. के. टांटिया के अलावा सैकड़ों कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा। आदित्य टांटिया ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जेष्ठ पूनम मेला का आयोजन




**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
दक्षिण नाकोड़ा तीर्थ अरसीकेरे के पास स्थित जाजूर में जेष्ठ पूनम मेला का आयोजन किया गया। मरुधर में सियाट निवासी हाल चेन्नई वासी सुगालचन्द, महावीरचन्द, आशीषकुमार सिंघवी परिवार ने संपूर्ण मेले का लाभ लेते हुए चेन्नई से रेल यात्रा संघ का आयोजन किया। कुंभ स्थापना के पश्चात प्रारंभ हुए कार्यक्रम में तुषार गुरुजी ने पार्श्व भैरव महापुजन पढाई। संभव संगीत मंडल के मधुर संगीत के बीच सुर सम्राट दिलखुश बाफणा के साथ प्रकाश राठोड एवं रिंकु बाफणा ने भक्ति गीतों की लहर फैलाकर उपस्थित जन सैलाब को झुमाते हुए नाचने पर मजबूर किया। मेला परंपरागत लाभार्थी परिवारों द्वारा भैरवदेव को छप्पनभोग, 108 श्रीफल, पुष्प अर्पण एवं तेल चढाने का कार्य बड़े हर्षोल्लास के साथ जयकारों के बीच किया। इस अवसर पर बेंगलूरु से राष्ट्रीय पार्श्व भैरव भक्त परिवार ने संघ रेल यात्रा का आयोजन किया। आयोजन के समापन पर ट्रस्ट अध्यक्ष अशोककुमार सुराना, सुरेश वेद मुथा, मनोज बाफणा, रमेश परमार, विजयराज विनायकिया, महावीर पीपाडा, मांगीलाल मेहता, रमेश कटारिया, डॉ.विजय कुमार सुराना, प्रवीण परमार ने मेला लाभार्थी परिवार का बहुमान किया। इस अवसर पर चेन्नई से नवीन बंबोली, राजेश सिंघवी, बिरुर से विनोद पितलिया, चिकमगलूरु से पुष्पराज गादिया, सुभाष पितलिया, बेंगलूरु से मदनराज, राकेश सालेचा, राहुल कल्पवृक्ष, सुरेश लुणिया, स्थानीय महावीर बोहरा, राजेश सुंदेशा मुथा, चेतन बलगट सहित अनेक गणमान्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## सौतेली बेटी को प्रताड़ित करने के आरोप में ट्रक चालक गिरफ्तार

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** गौरीबिदनूर पुलिस ने 30 वर्षीय ट्रक चालक को घर में अपनी तीन वर्षीय सौतेली बेटी को कथित तौर पर प्रताड़ित करने के आरोप में गिरफ्तार किया। पीड़िता के दादा की शिकायत के आधार पर, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया, जिसकी पहचान अमजद के रूप में हुई है, उस पर किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की विभिन्न धाराओं और हत्या के प्रयास के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी की शादी 20 महीने पहले जरीम ताज से हुई थी, जिसकी पहले दो बार शादी हो चुकी थी, उसकी तीन नाबालिग बेटियाँ हैं, जिनमें पिछली शादी से तीन साल की बेटी भी शामिल है। पुलिस के अनुसार, आरोपी अपनी सौतेली बेटियों को कथित तौर पर प्रताड़ित करता था। शुक्रवार को आरोपी ने कथित तौर पर पीड़िता पर बेलन से हमला किया और घर में रोने और उसे परेशान करने का आरोप लगाते हुए उसे सिगरेट से भी जलाया। बच्ची को उसकी माँ ने पड़ोसियों की मदद से बचाया और उसे बॉरिंग अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उसका इलाज चल रहा है।

# दर्शन ने जेल में बिना भोजन के बिताई रात



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
चित्रदुर्ग के रेणुकास्वामी हत्याकांड में परप्पाना अग्रहारा जेल में बंद अभिनेता दर्शन ने बिना उचित भोजन और नींद के रात बिताई। अदालत ने दर्शन और चारों आरोपियों को शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। आरोपियों को परप्पाना की अग्रहारा जेल भेज दिया गया। जैसे ही दर्शन जेल में दाखिल हुए, उन्हें एक विचाराधीन कैदी का नंबर दिया गया और बैरक में भेज दिया गया। शनिवार रात खाने में चपाती, चावल-सांबर और छाछ दिया। लेकिन दर्शन ने ठीक से खाना नहीं खाया। पुलिस हिरासत में मुकदमे के दौरान फ्रूटेरियन रहे दर्शन पहले दिन जेल में बिना खाए-पिए और ठीक से सोए बैठे रहे। वह प्रातः 6 बजे उठ गए और नित्यकर्म से निवृत्त होकर चिन्तित बैठे हुए थे। जेल के मेनू के मुताबिक उन्हें नाश्ते में पलाऊ परोसा गया। 13 साल पहले 2011 में वे अपनी पत्नी विजयलक्ष्मी से मारपीट के बाद कई दिनों तक अग्रहारा जेल में थे। अब वह हत्या के एक मामले में जेल में है। रेणुकास्वामी हमला मामले में कामाक्षीपाल्या पुलिस स्टेशन ने अब तक अभिनेता दर्शन और पवित्रा गौड़ा समेत 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उनसे पूछताछ की और उन्हें न्यायिक हिरासत में सौंप दिया है। फिलहाल सभी आरोपी परप्पाना अग्रहारा जेल में हैं।

# विसर्जन दिवस के अवसर पर मानव सेवा



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
गणाधिपति गुरुदेव आचार्य श्री तुलसी के 28वें महाप्रयाण विसर्जन दिवस के उपलक्ष में तेरापंथ युवक परिषद राजाजीनगर द्वारा रविवार को सुकांक्षा चैरिटेबल ट्रस्ट, बसवेश्वरनगर में मांगीलाल, नितेश, वंश लूणावत परिवार के सहयोग से ट्रस्ट में प्रवासित निराश्रित बच्चों को चॉकलेटस बिस्किट्स एवं दैनिक जरुरत की सामग्री प्रदान कर सेवा कार्य किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सामुहिक नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से किया गया। ट्रस्ट के वार्डन अक्षिता ने बताया कि यहां पर तीस निराश्रित बच्चे प्रवासित हैं और यहां ट्रस्ट पिछले 3 सालों से चल रही है। अक्षिता ने प्रायोजक परिवार एवं तेरापंथ युवक परिषद राजाजीनगर के सदस्यों के प्रति मंगल कामनाएं संप्रेषित करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। तेयुप राजाजीनगर अध्यक्ष कमलेश गन्ना ने अपने विचार व्यक्त करते हुए लुणावत परिवार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर तेयुप से कमलेश चौरड़िया, सुनील मेहता, जयंतीलाल गांधी एवं विक्रम बोहरा की उपस्थिति रही।

# योग दिवस पर योगाभ्यास का भव्य आयोजन



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
कर्नाटक मारवाड़ी समाज बेंगलूरु और मारवाड़ी युवा मंच, बेंगलूरु के तत्वावधान में रविवार को जयनगर स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में योग शिक्षिका श्वेता कयाल के कुशल निर्देशन में योगाभ्यास संपन्न हुआ। श्वेता कयाल ने सभी सदस्यों को विभिन्न प्रकार के योग एवं आसन के बारे में बताया। उन्होंने इन आसनों से होने वाले फायदे भी बताएं। उन्होंने इस बात पर विशेष महत्व दिया कि योग हमारे जीवन के लिए कितना जरूरी है।

इस अवसर पर बिमल सरावगी और मायुम बेंगलूरु के पूर्व अध्यक्ष बिकास पोद्दार ने योग गुरु श्वेता कयाल का सम्मान किया। साथ ही योग का महत्व बताते हुए, योग को अपनी जीवनशैली में शामिल करने पर प्रकाश डाला।

के.एम.एस के अध्यक्ष विकाश बालोदिया और मायुम बेंगलूरु के अध्यक्ष स्नेहकुमार जाजू ने इस भव्य कार्यक्रम की प्लानिंग की और यथारूप कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन तिनों संस्थाओं ने मिलकर किया। कार्यक्रम में के.एम.एस के सदस्य विजय बंका, आनंद गिंडोरिया, रंजन भवसिंगका, आनंद अग्रवाल, सुभाष भगेरिया, मनीष खेमका, पंकज अग्रवाल, सितेश जालान, उमेश तुलस्यान, कांता बंका, वंदना तुलस्यान, स्वाति बालोदिया, सुषमा चाँदगोठिया, नेहा बैरोलिया, किरण गिण्डोरिया, शीतल जिंदल, नीलम अग्रवाल, किरण भावसिंगका, पुष्पा भगेरिया, पूनम जालान और मोहित तुलसियान उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम को विशेष बनाने के लिए मायुम बेंगलूरु शाखा से सुशील सैनी, मनीषकुमार अग्रवाल, पुनीत राठी, दीपाक्षी जाजू, विवेक खण्डेलवाल, विनोद गर्ग, एकता खण्डेलवाल, गौरव शर्मा, सविता गर्ग, अशोक अग्रवाल, सुविधा शर्मा, लक्ष्य तुलसियान, साइना अग्रवाल, वैभव खण्डेलवाल, चांदनी मोदी, और करनसिंह राजपुरोहित का भी योगदान रहा।

संदीप पोद्दार और अमित मोदी द्वारा स्वादिष्ट जलपान की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के अंत में के.एम.एस के वॉकथॉन प्रोग्राम के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

# सीआईडी सूरज रेवन्ना के खिलाफ यौन शोषण मामले की करेगी जांच



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्नाटक सरकार ने एमएलसी डॉ. सूरज रेवन्ना का मामला सीआईडी को सौंप दिया है। एडीजीपी कानून एवं व्यवस्था आर हितेंद्र ने रविवार को एक आदेश जारी कर हासन जिले के पुलिस अधीक्षक को सूरज रेवन्ना से संबंधित मामले को तत्काल प्रभाव से सीआईडी के जांच अधिकारी को सौंपने का निर्देश दिया। उन्होंने डीजीपी सीआईडी स्पेशल यूनिट्स एवं आर्थिक अपराध बेंगलूरु को आगे की जांच करने के लिए भी कहा। सूरज रेवन्ना पर आईपीसी की धारा 377 (अप्राकृतिक अपराध), 342 (गलत तरीके से बंधक बनाना), 506 (आपराधिक धमकी), 34 (सामान्य इरादा) के तहत मामला दर्ज किया गया।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
प्रेक्षा फाउंडेशन के तत्वावधान में शनिवार को राजराजेश्वरीनगर सभा भवन में राजराजेश्वरीनगर महिला मंडल एवं विजयनगर प्रेक्षाध्यान केन्द्र ने संयुक्त रूप से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिल्पा दक द्वारा त्रिपदी वन्दना के साथ हुआ। उसके बाद राजराजेश्वरीनगर महिला मंडल की बहनों ने प्रेक्षा गीत का संगान किया। महिला मंडल अध्यक्ष सुमन पटावरी ने सभी का स्वागत किया। प्रेक्षा प्रशिक्षिका मंजु लुणिया ने प्रेक्षाध्यान के संदर्भ में अपने विचार रखे। तदुपरांत शिल्पा दक ने योगासन के प्रयोग कराये तथा प्रेक्षा प्रशिक्षक छत्र सिंह मालू ने ध्यान का प्रयोग कराया। प्रेक्षा प्रशिक्षक साउथ कोऑर्डिनेटर तथा विजयनगर प्रेक्षाध्यान केन्द्र संयोजिका वीणा बैद ने उपस्थित बहनों को प्रेक्षाध्यान के बारे में जानकारी दी। यह कार्यक्रम दो सत्रों में चला। प्रथम सत्र में ज्ञानशाला के करीब 40 बच्चों को योगा एवं ध्यान के प्रयोग कराये गये तथा द्वितीय सत्र में महिला मंडल की 36 बहनों ने भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन महिला मंडल मंत्री पदमा मेहर ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रेक्षा प्रशिक्षिका पूनम दुगड़ ने किया।

# हर हाल में चित्त की आंतरिक प्रसन्नता बनाए रखें

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
श्री जिन कुशल सूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुडी के तत्वावधान में गुरुवर्या चैतन्य श्री जी, श्री जिज्ञासाजी, सुबोधिजी, निर्मितीप्रभा जी का प्रवचन आयोजित किया गया। प्रवचन में साध्वी वर्या ने फरमाया कि गलती सभी से होती है, लेकिन गलती स्वीकार करके उसे सुधार करने वाले बहुत कम लोग होते हैं। हमें हमेशा सदगुरु, सुसंगति और सुसाहित्य के मार्गदर्शन में रहना चाहिए और बुरी संगत, बुरी आदतें, और कुसाहित्य से दूर रहना चाहिए। गुरु कभी मिलेंगे या नहीं मिलेंगे लेकिन उनके लिखे साहित्य घर में रखना चाहिए



ताकि गुरु की अनुपस्थिति में हमें सदमार्ग दिखा सके।

आचार्य हरिभद्र सूरी जी ने 1444 ग्रन्थ लिखे हैं। हमें इन ग्रन्थों और आप्त पुरुषों द्वारा लिखे गए आगमों को हृदयंगम करना है। हर आगे बढ़ाया हुआ कदम लाभदायक नहीं होगा और हर पीछे लिया हुआ कदम हानिकारक नहीं होता।

प्रभु की वाणी श्रवण करने का सुयोग हमें सुयोग्य बनने का अवसर प्रदान करती है। प्रभु की जिनवाणी हमारे अन्त:करण की चेतना जगाने के लिए होती है। जो व्यक्ति हमेशा आनन्दित रहता है उसके जीवन में सदा मंगल ही होता है। गजसुकुमाल मुनि जिनके सिर पर अंगारे हैं लेकिन फिर भी वो चित्त में प्रसन्न थे, पांच सौ से अधिक मुनि भगवन्तों को घाणी में पिलने के बाद भी आन्तरिक समता को नहीं छोड़ा। अशोक रांका परिवार द्वारा सकल संघ को प्रभावना प्रदान की गई। प्रवचन में दादावाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष तेजराज मालानी, पूर्व अध्यक्ष निर्भय लाल गुलेच्छा, महैन्द्र कुमार रांका, कोषाध्यक्ष रनजीत ललवानी, प्रवक्ता अरविन्द कोठारी के साथ दादावाड़ी ट्रस्ट से जुड़ी समस्त संस्थाओं के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे। संचालन दादावाड़ी ट्रस्ट के ललित डाकलिया ने किया।

# भाजपा की राजनीति राष्ट्रहित के लिए हैं: सीटी रवि

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव और विधान परिषद सदस्य सी.टी. रवि ने कहा कि भाजपा राष्ट्रहित को छोड़े बिना राष्ट्रहित की पृष्ठभूमि में राजनीति कर रही है। वे रविवार को शहर के भाजपा प्रदेश कार्यालय जगन्नाथ भवन में आयोजित जगन्नाथ राव जोशी के जन्म दिवस एवं श्यामाप्रसाद मुखर्जी के शहादत दिवस कार्यक्रम में बोल रहे थे।

कर्नाटक के बाहर, मध्य प्रदेश में निर्वाचित सांसद, जगन्नाथ राव जोशी, कार्यकर्ताओं के लिए एक प्रेरक थे। उन्होंने बताया कि हमने इस घर का नाम उनके नाम पर रखा है। उन्होंने कहा कि वह कर्नाटक केसरी के नाम को सार्थक करते हैं, जिन्होंने एक आयोजक और संरक्षक के रूप में पार्टी के राज्य और देश के संगठन का नेतृत्व किया। नारगुंडा में जिस घर में उनका जन्म हुआ था उसे एक स्मारक में बदल दिया गया है। उनके जीवन की एक तस्वीर है। उन्होंने कहा कि यह स्मारक इसलिए बनाया गया है ताकि वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों को भी उनके जीवन का अनुभव मिले। श्यामप्रसाद मुखर्जी का जन्म काफी धनी परिवार में हुआ था। उन्होंने कम उम्र में कलकत्ता विश्वविद्यालय



के चांसलर के रूप में काम किया। वह हिंदू महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष थे। वह राष्ट्रीय सरकार में मंत्री थे। वह न केवल सुशिक्षित, वक्ता थे, बल्कि राजनीति के क्षेत्र में भी एक कुशल संगठनकर्ता थे। उन्होंने एक अनुकरणीय राष्ट्रवादी के रूप में कार्य किया। उन्होंने कहा कि उनका व्यक्तित्व राष्ट्रीय हितों से कभी समझौता नहीं करने वाला था। उन्होंने कहा कि धारा 370 को खत्म करने के लिए जनसंघ के पहले संघर्ष के 69 साल बाद, उनके बलिदान के बाद, हमने धारा 370 को खत्म किया, कश्मीर और भारत के संविधान में आरक्षण दिया, और कश्मीर के लोग भी उनके नेतृत्व में भारतीयता का हिस्सा हैं। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश महासचिव और विधायक सुनील कुमार, प्रदेश महासचिव प्रीतम गौड़ा, विधायक बसवराज, प्रदेश कार्यालय सचिव लोकेश अम्बेकल्लू, मंडल संगठन सचिव उदय कुमार शेट्टी, मंडल प्रभारी राजेश कावेरी, बेंगलूरु मध्य जिला अध्यक्ष सप्तगिरी गौड़ा, पार्टी नेता, कार्यकर्ता एवं कार्यालय स्टाफ उपस्थित थे।

# राज्य सरकार सुरक्षित, केंद्र सरकार बहुमत के बिना अस्थिर: कृषि मंत्री

**मांड्या/शुभ लाभ ब्यूरो।**

कृषि मंत्री चेलुवरायस्वामी ने कहा कि राज्य सरकार सुरक्षित है और भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार, जिसके पास बहुमत नहीं है, अस्थिर है। भाजपा और जेडीएस नेताओं की बार-बार आलोचना कि राज्य सरकार गिर जाएगी, पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास 112 सीटों के मुकाबले 136 विधायक हैं। हमारी सरकार सुरक्षित है।

केंद्र में भाजपा को केवल 240 सीटें मिलीं। सरकार नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू के समर्थन से बनी थी। कांग्रेस ने केंद्र में सरकार बनाने का प्रयास नहीं किया। भाजपा के लिए एक मौका छोड़ दिया है। मोदी सरकार इस अवधि में वह करने की कोशिश कर रही है जो उसने पिछले दस वर्षों में नहीं किया है।

उन्होंने कहा कि समग्र विकास होना चाहिए। उन्होंने इस बात पर टिप्पणी की कि विधान परिषद सदस्य सूरज रेवन्ना के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया है। लेकिन कोई कुछ नहीं कर सकता। कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी। सूरज के मामले में एक शिकायत और एक जवाबी शिकायत दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि दोनों मामलों की जांच करायी जायेगी। जांच में सच्चाई सामने आ जायेगी। उन्होंने कहा कि यह अच्छा है कि इस मामले पर



### खेती के लिए पानी छोड़ना संभव नहीं

ऐसे मामले में लोगों के कल्याण को ध्यान में रखा जाना चाहिए। जिन लोगों ने कुमारबेट्टा पर हाथ डाला, उन्हें कष्ट हुआ है। उस पर भी ध्यान दीजिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसी भी परियोजना में कानून के मुताबिक सहयोग करेगी। राज्य में उपमुख्यमंत्री का अतिरिक्त पद सृजित करने को लेकर कोई चर्चा नहीं है। कोई भी फैसला हाईकमान ही ले सकता है। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री मिलकर काम कर रहे हैं। केआरएस में जल भंडारण कम है। यदि बारिश के लिए ट्यूबवेल में पानी का स्तर 110 फीट से ऊपर हो जाता है, तो हम खेती के लिए पानी उपलब्ध कराने के बारे में चर्चा कर सकते हैं। लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि मौजूदा स्थिति में खेती के लिए पानी छोड़ना संभव नहीं है।

ज्यादा चर्चा नहीं हो रही है। हम वो नहीं जो सुबह कहा करते थे कि पेन ड्राइव होती है। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने कई बार सलाह दी थी कि पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी को राजनीति में व्यक्तिगत आलोचना के बजाय विषयगत आलोचना करनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी को कम से कम अब राज्य के विकास पर ध्यान देना चाहिए। मीडिया ने कहा कि दर्शन के अंगरक्षकों ने कांग्रेस विधायक उदय के गनमैन पर हमला किया। लेकिन कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई। उन्होंने कहा कि अगर घटना होती तो पुलिस महकमा वहां होता। इससे पहले जब कुमारस्वामी मुख्यमंत्री थे तो वे बेल्लारी के कुद्रेमुख और कुमारबेट्टा में खनन को ना कहते थे। अब केंद्रीय मंत्री बनने के बाद वह खनन दोबारा शुरू कराने की कोशिश कर रहे हैं।

# व्यक्ति ही हत्या के बाद दोस्तों समेत आठ लोग हिरासत में

**हुब्बल्ली/शुभ लाभ ब्यूरो।**

हुब्बल्ली में एक 28 वर्षीय व्यक्ति मृत पाया गया, जिसके माथे पर चोट के निशान थे और पुलिस ने मामले की जांच के बाद मृतक के कुछ दोस्तों समेत आठ लोगों को हिरासत में लिया है।

आकाश शेखरय्या मठपति के रूप में पहचाने जाने वाले व्यक्ति उत्तर कर्नाटक ऑटोरिक्शा चालक और मालिक संघ के अध्यक्ष शेखरय्या मठपति के बेटे थे। आकाश मठपति शनिवार शाम हुब्बल्ली के गिरि नगर में माथे पर चोट के निशान के साथ मृत पाए गए। पुलिस आयुक्त रेणुका सुकुमार, जिन्होंने अपराध स्थल का दौरा किया, ने कहा कि पीड़ित के पिता को अपराध में उसके



(आकाश) दोस्तों की संलिप्तता का संदेह है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि माथे पर चोट के अलावा शरीर पर कोई अन्य चोट नहीं थी। इसके बाद, मामले की आगे की जांच करते हुए, ओल्ड हुब्बल्ली पुलिस ने आठ लोगों को हिरासत में ले लिया। चूंकि पीड़ित के पिता ने यह भी बताया कि उनके बेटे को मुर्देश्वर में उसके ससुराल वालों के कर्ज के कारण परेशान किया जा रहा था, इसलिए पुलिस उस पहलू की भी जांच कर रही है। इस अपराध के बाद ऑटोरिक्शा चालकों ने इस बात पर रोष व्यक्त किया कि पुलिस अधिकारी इस तरह की घटनाओं पर लगाम लगाने में ढिलाई बरत रहे हैं। इस बीच, विधानसभा सदस्य महेश तेंगिनाकाई ने मामले की गहन जांच की मांग की है ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों को सजा मिल सके।

# पुलिस ने गांजा सेवन के खिलाफ चलाया अभियान

**शिवमोग्गा/शुभ लाभ ब्यूरो।**

शवमोग्गा पुलिस ने जिले में गांजा सेवन और तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया है। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि जब भी वे किसी को गांजा सेवन करते देखें तो पुलिस को सूचित करें।

शिवमोग्गा के एसपी जी.के. मिथुन कुमार ने रविवार को कहा कि अगर कोई भी अभिभावक अपने बच्चों को ड्रग्स का सेवन करते हुए देखता है तो वे सीधे पुलिस अधिकारियों को फोन कर सकते हैं, जिसमें वे भी शामिल हैं। अधिकारी ने कहा अगर उन्हें बच्चों के ड्रग्स सेवन करने के बारे में जरा भी संदेह है तो वे हमें सूचित कर सकते हैं। हम जांच करेंगे, पूछताछ करेंगे और उचित कार्रवाई करेंगे। इससे पहले एक मामला सामने आया था जिसमें पिता ने खुद पुलिस को अपने बेटे के गांजा सेवन करने की सूचना दी थी।

एसपी ने कहा कि 8 जून से जिला पुलिस गांजा तस्करी और



गांजा सेवन के खिलाफ विशेष अभियान चला रही है। 15 दिनों के भीतर जिले में एनडीपीएस एक्ट के तहत 61 मामले दर्ज किए गए, साथ ही 5.5 लाख रुपये से अधिक कीमत का 15 किलो गांजा जब्त किया गया। कुल मामलों में से 54 मामले गांजा सेवन से संबंधित थे, जबकि बाकी मामले तस्करी से संबंधित थे। इसके अलावा, पुलिस प्रतिबंधित पदार्थों के सेवन का पता लगाने के लिए परीक्षण कर रही है। पिछले 15 दिनों में 450 परीक्षण किए गए, जिनमें से 54 सकारात्मक पाए गए। उन्होंने कहा शिवमोग्गा के मैकगैन अस्पताल और सभी तालुक मुख्यालयों में हमारे पास परीक्षण किट हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के अधिकारी परीक्षण करने में पुलिस का सहयोग कर रहे हैं। ज्यादातर मामलों में गांजा बेंगलूरु से मंगाया जाता है। एसपी ने कहा कि पुलिस नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम चला रही है। उन्होंने कहा हम पीयूसी और डिग्री कॉलेजों के छात्रों को लक्षित कर रहे हैं।

# मैसूरु में क्रेडाई का राज्य सम्मेलन आज से

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (क्रेडाई) सोमवार और मंगलवार को मैसूरु में अपना दो दिवसीय राज्य सम्मेलन 2024 आयोजित करेगा। कर्नाटक में क्रेडाई के विभिन्न अध्यायों के 400 से अधिक सदस्य मैसूरु के बाहरी इलाके हूटागली में साइलेंट शोर्स रिसॉर्ट में आयोजित होने वाले दो दिवसीय सम्मेलन में भाग लेंगे। क्रेडाई, मैसूरु अध्याय के अध्यक्ष श्रीहरि डी. द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, सम्मेलन में रियल एस्टेट विकास, निर्माण क्षेत्र में नई तकनीकों को अपनाने, रियल एस्टेट उद्योग के सामने आने वाली समस्याओं और समाधानों पर चर्चा होने की उम्मीद है।



सम्मेलन के दौरान विभिन्न सत्रों में रियल एस्टेट उद्योग के विशेषज्ञ बोलेंगे, जिसका उद्घाटन 24 जून को समाज कल्याण मंत्री एच.सी. महादेवप्पा द्वारा किया जाएगा, जो मैसूरु जिले के प्रभारी मंत्री भी हैं। पशुपालन और रेशम उत्पादन मंत्री के. वेंकटेश, मैसूरु के विधायक जी.टी. देवेगौड़ा, श्रीवत्स, तनवीर सैत और हरीश गौड़ा के अलावा एमएलसी सी.एन. मंजे गौड़ा और एमयूडीए के अध्यक्ष मारी गौड़ा भी उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे।

# प्रेमिका ने की आत्महत्या व्यक्ति गिरफ्तार

**रायचूर/शुभ लाभ ब्यूरो।**

रायचूर में स्थित सांत्वना केंद्र से 19 वर्षीय लड़की ने कूदकर आत्महत्या कर ली। जिसके बाद रायचूर पश्चिम पुलिस ने घटना के संबंध में पीड़िता के प्रेमी बताए जा रहे 24 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार व्यक्ति का नाम विनय रेड्डी बताया गया। पीड़िता और आरोपी दोनों शहर के जलाल नगर के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार अनुराधा और विनय रेड्डी एक-दूसरे से प्यार करते थे। उन्होंने गुरुवार को पुलिस से अपनी शादी के लिए सुरक्षा की मांग की। इस बीच, लड़की के माता-पिता द्वारा शादी के लिए राजी न होने पर अनुराधा को उसी दिन पुलिस स्टेशन से सांत्वना केंद्र



भेज दिया गया। अब, ऐसा कहा जा रहा है कि विनय रेड्डी द्वारा शादी करने से इनकार करने पर लड़की ने कूदकर आत्महत्या कर ली।

हालांकि लड़की को तुरंत रायचूर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में स्थानांतरित कर दिया गया, लेकिन रविवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक निखिल बी ने बताया कि पीड़िता के माता-पिता द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद, रायचूर पश्चिम पुलिस ने आईपीसी की धारा 306 और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# चन्नपट्टना उम्मीदवार चयन के लिए कोई जल्दबाजी नहीं: कुमारस्वामी

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

केंद्रीय इस्पात और भारी उद्योग मंत्री कुमारस्वामी ने कहा कि चन्नपटना विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए गठबंधन उम्मीदवार को चुनने में कोई जल्दबाजी नहीं है। उन्होंने कहा कि हम फिलहाल उम्मीदवार चुनने में जल्दबाजी में नहीं हैं। केपीसीसी अध्यक्ष डी.के.शिवकुमार के चन्नपट्टना उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने की बात पर उन्होंने कहा कि उन्हें चुनाव लड़ने से किसने रोका था।

शिवकुमार के चन्नपट्टना जाने पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि अगर वह जाते हैं तो इसमें गलत क्या है? उन्हें कौन पकड़ रहा है? उन्होंने कहा कि अब भी



चन्नपट्टना को लेकर चिंता है और ध्यान देने के लिए उन्हें बधाई देते हैं। डीके शिवकुमार राज्य सरकार में उपमुख्यमंत्री हैं।

उन्होंने पूछा कि क्या उन्हें चन्नपट्टना न जाने के लिए कहना संभव होगा।

जब यह बताया गया कि वह बेंगलूरु ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार की हार का बदला चन्नपट्टना में जीतकर लेने की कोशिश कर रहे हैं, तो कुमारस्वामी ने कहा कि देखते हैं। विधान परिषद सदस्य सूरज रेवन्ना के खिलाफ असामान्य यौन उत्पीड़न के आरोप के मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कुमारस्वामी ने कहा क्या आप मुझसे इस तरह का सवाल पूछ रहे हैं? मुझे ऐसी बातों पर प्रतिक्रिया देने की जरूरत नहीं है। आरोपों की सुनवाई कर ली गयी है और कानूनी कार्रवाई की जायेगी। हमें उस पर आरोप लगाने वाले से क्या लेना-देना?

## सूरज रेवन्ना यौन शोषण मामला

# एचडी रेवन्ना ने अपने बेटे के खिलाफ आरोपों के पीछे षड्यंत्र का लगाया आरोप

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

जेडीएस विधायक और कर्नाटक के पूर्व मंत्री एच.डी. रेवन्ना ने रविवार को अपने बेटे और एमएलसी सूरज रेवन्ना के खिलाफ एक पुरुष पार्टी कार्यकर्ता का यौन शोषण करने के आरोपों को षड्यंत्र करार दिया और कहा कि उन्हें भगवान और न्यायपालिका पर भरोसा है। किसी भी बात पर प्रतिक्रिया देने से बचते हुए उन्होंने कहा कि जब समय आएगा तो वह सब कुछ बता देंगे।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि सूरज रेवन्ना, पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के भाई, जिन पर कई महिलाओं का यौन शोषण करने का आरोप



है, को हासन में अप्राकृतिक अपराध के आरोप में गिरफ्तार किया गया। उन पर कुछ दिन पहले एक पार्टी कार्यकर्ता का कथित तौर पर यौन शोषण करने और अप्राकृतिक अपराध सहित आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत शनिवार को मामला दर्ज किया गया। रेवन्ना ने कहा मैं किसी भी बात पर प्रतिक्रिया नहीं दूंगा। सीआईडी को अपनी जांच करने दीजिए। किसने कहा कि (जांच) मत करो? मैं इस पर कुछ नहीं कहूंगा।

मैं न्यायपालिका का सम्मान करता हूं। मुझे पता है कि राज्य में क्या हो रहा है। यहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा मैं किसी भी बात पर प्रतिक्रिया नहीं दूंगा। मुझे भगवान और न्यायपालिका पर भरोसा है। मैं ऐसी साजिशों से नहीं डरूंगा। मुझे पता है कि यह क्या है, समय तय करेगा। यह पूछे जाने पर कि साजिश कौन कर रहा है, रेवन्ना ने कहा मुझे नहीं पता, आपको (मीडिया) बताना होगा - कौन, क्या। मैं इसे आप पर छोड़ता हूं। इसका सामना करेंगे, न्यायपालिका है। सूरज (पुलिस के पास) गया है, हर कोई जानता है कि पिछले कुछ दिनों में क्या हुआ है। सूरज की शिकायत के बारे में उन्होंने कहा मुझे नहीं पता कि यह क्या है। जब समय आएगा तो मैं सब कुछ बता दूंगा। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते सूरज रेवन्ना (37) ने आरोपों का स्पष्ट रूप से खंडन किया है। सूरज ने यह भी आरोप लगाया था कि उस व्यक्ति ने उनसे 5 करोड़ की उगाही करने के लिए उनके खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज कराई थी।

# नव गठित टीम का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

साध्वी श्री उदितयशाजी के सान्निध्य में तेरापंथ युवक परिषद् बेंगलूरु की नव गठित टीम का शपथ ग्रहण समारोह चामराजपेट में आयोजित किया गया। साध्वीवृंद के नमस्कार महामंत्र के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। निवर्तमान अध्यक्ष रजत बैद ने स्वागत वक्तव्य के साथ अपने कार्यकाल में हुए कार्यों की झलक प्रस्तुत की एवं गणमान्य व्यक्तियों को सत्र 2023-24 का प्रगति प्रतिवेदन भेंट किया। अभातेयुप के पूर्व अध्यक्ष विमल कटारिया ने श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन करवाया। युवा शक्ति ने सामूहिक विजय गीत का संगान किया। जैन संस्कार विधि से मंगल मंत्रोच्चार के साथ



शपथ विधि की शुरुआत संस्कारक विक्रम दुगड़, जितेंद्र घोषल, अमित भंडारी एवं आदित्य मांडोत ने संपादित करवाई। निवर्तमान अध्यक्ष रजत बैद ने नव मनोनीत अध्यक्ष विमल धारीवाल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। अध्यक्ष विमल धारीवाल ने अपनी टीम की घोषणा कर उन्हें शपथ ग्रहण दिलवाई। साध्वी उदितयशाजी ने युवकों को संघपति के प्रति पूर्ण समर्पित होकर कार्य करने, कार्यकाल की त्यागमय शुरुआत करने एवं एक-दूसरे से सीखने की प्रेरणा दी। साध्वी संगीतप्रभाजी ने युवकों को संगठित होकर कार्य करने की प्रेरणा देते हुए गीत का संगान किया। अभातेयुप पूर्व अध्यक्ष विमल कटारिया, प्रबुद्ध विचारक दिनेश पोखरणा, शाखा प्रभारी अमित दक, तेरापंथ सभा अध्यक्ष पारसमल भंसाली, महिला मंडल अध्यक्षा रिजु डूंगरवाल ने शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन मंत्री राकेश चोरड़िया एवं रोहित कोठारी ने किया।

# भजन संध्या में थिरके श्रद्धालु

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

श्री राजपुरोहित समाज कर्नाटक बेंगलूरु के तत्वावधान में राजपुरोहित समाज भवन में ज्येष्ठ सुदी पूर्णिमा के अवसर पर एक शाम कुलगुरु श्रीश्री 1008 संत श्री खेतेश्वर दाता के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम ज्योत प्रज्वलित कर गुरु वंदना की गई।

भजनों के माध्यम से गुरु गुण-गान किया गया। भजनों का दौर दोपहर से शुरू हुआ जो मध्य रात्रि तक चलता रहा। भजन संध्या एवं प्रसादी के लाभार्थी स्व. कान सिंह सिया राजपुरोहित परिवार हिंगोला



रामासनी बाला हाल बन्नूर रहे। इस मौके पर गवरीदेवी धर्मपत्नी स्व. कानसिंह, समाजसेवी डॉ.महेन्द्र सिंह कालाप्पा, राजेश सिंह, रोशनसिंह, दर्शनसिंह, विराट सिंह सहित समाज के पदाधिकारी व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

सीरवी समाज एचएसआर लेआउट एवं अक्षय अस्पताल के तत्वावधान में रविवार को सीरवी समाज भवन एचएसआर लेआउट में नि: शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ आईमाता के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। चिकित्सक डॉ शेल्के ज्ञानेश्वर बालासाहेब और डॉ रघुनंदन ने बताया कि शिविर में 95 लोगों का मुफ्त परीक्षण किया गया। इस दौरान हृदय रोग, मधुमेह, बीपी, डायबिटीज एवं सामान्य जांच की गई।

इस कार्यक्रम में वडेर के सचिव लक्ष्मणराम आगलेचा, कोषाध्यक्ष भंवरलाल बर्फा, सह-कोषाध्यक्ष बाबूलाल सोलंकी, नवयुवक मण्डल के अध्यक्ष महेंद्र राठौड़, नवयुवक मण्डल के सचिव मदन राठौड़, उपाध्यक्ष टीकमराम आगलेचा, मीडिया प्रभारी किशोर राठौड़ आदि उपस्थित थे।

# पूर्णिमा के उपलक्ष्य में दादा गुरुदेव की भक्ति



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

श्री जिन कुशल सूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट के तत्वावधान में श्री जिनदत्त कुशल सूरी जैन सेवा एवं संगीत मंडल बसवनगुड़ी द्वारा पूर्णिमा के उपलक्ष्य में दादा गुरुदेव की भक्ति बसवनगुड़ी दादावाड़ी में रखी गई। इस अवसर पर ललित डाकलिया, संगीतकार सनी रांका, नितेश बोहरा, यतीन्द्र भडगतिया, पारस पारख, मनन बोहरा, मौली जैन आदि ने गुरुदेव के सुमधुर भजन सुनाए।

# जबरन अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के मामले में सूरज रेवन्ना गिरफ्तार

**हासन/शुभ लाभ ब्यूरो।**

पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के परिवार को एक और झटका देते हुए पुलिस ने जेडीएस एमएलसी और गौड़ा के पोते सूरज रेवन्ना को जबरन अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के मामले में गिरफ्तार कर लिया। आरोपों की गैर-जमानती प्रकृति के कारण, पुलिस ने गिरफ्तारी से पहले गहन पूछताछ की। डॉ सूरज रेवन्ना को हासन सीईएन पुलिस स्टेशन में हिरासत में लिया गया था। सूत्रों ने पुष्टि की है कि पुलिस ने गिरफ्तारी से पहले सुबह 4 बजे तक उनसे पूछताछ की। पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना के बड़े बेटे सूरज रेवन्ना को उस समय हिरासत में लिया गया जब वह शिकायत दर्ज कराने पुलिस स्टेशन आए थे।

बताया जाता है कि उन्हें एक जेडीएस कार्यकर्ता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने की कोशिश करते समय हिरासत में लिया गया, जो इस मामले में कथित पीड़ित है। पुलिस ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पोते सूरज रेवन्ना के खिलाफ शनिवार रात को एफआईआर दर्ज की गई थी और उन्हें जेडी (एस) कार्यकर्ता द्वारा दर्ज कराए गए



कथित यौन उत्पीड़न मामले के संबंध में पूछताछ के लिए पुलिस स्टेशन बुलाया गया था। सूरज रेवन्ना होलेनरसीपुर ग्रामीण पुलिस स्टेशन पहुंचे और पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। पुलिस ने सूरज रेवन्ना के खिलाफ आईपीसी की धारा 377 (अप्राकृतिक यौन संबंध), 342 (गलत तरीके से बंधक बनाना) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत एफआईआर दर्ज की है। मामले में पीड़ित ने डीजीपी और हासन पुलिस अधीक्षक दोनों के कार्यालय में अपनी शिकायत भेजी थी। इस संबंध में शिकायत की प्रति मिलने के बाद पुलिस ने मामले को होलेनरसीपुर ग्रामीण पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया था। पुलिस ने कथित यौन उत्पीड़न मामले के संबंध में पीड़ित से संपर्क किया और उसका बयान दर्ज किया। इस बीच सकलेशपुर डीएसपी प्रमोद कुमार को मामले में जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। पुलिस पीड़ित को मेडिकल जांच के लिए भी ले गई है। सूत्रों ने बताया कि पीड़ित के आग्रह पर उसे मेडिकल जांच के लिए बेंगलूरु ले जाया गया। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए सूरज रेवन्ना ने कहा कि यह उनके खिलाफ एक राजनीतिक साजिश है और उन्हें नहीं पता कि यह कब तक चलेगी। मेरे खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाए गए हैं और मैं इन आरोपों को सिरे से खारिज करता हूं। कानूनी तौर पर मामले से निपटा जाएगा और पीड़ित के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की जाएगी। उन्होंने कहा जांच होनी चाहिए और सच्चाई सामने आनी चाहिए। मुझे देश के कानून पर भरोसा है। यह एक साजिश है और मैं आज इस पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। मैं किसी पर उंगली नहीं उठाने जा रहा हूं। जांच चल रही है और सच्चाई सामने आएगी। राज्य के लोगों को सच्चाई पता चल जाएगी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि सूरज रेवन्ना द्वारा आयोजित एक समारोह में उसकी मुलाकात हुई थी। उसके संगठनात्मक कौशल से प्रभावित होकर सूरज रेवन्ना ने कथित तौर पर अपना मोबाइल नंबर साझा किया और प्रेम प्रतीकों के साथ प्यारे संदेश भेजने शुरू कर दिए। उसे अपने फार्महाउस पर मिलने के लिए कहा गया, जहाँ उसका कथित तौर पर यौन शोषण किया गया। सूरज रेवन्ना के बड़े भाई और पूर्व जेडी (एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना को सेक्स वीडियो कांड के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। उनके पिता जेडी (एस) विधायक एच.डी. रेवन्ना को सेक्स वीडियो कांड से जुड़े अपहरण मामले में जेल में बंद कर दिया गया था और सशर्त जमानत पर रिहा किया गया।

## अपहरण के एक मामले में जांच का सामना

उनकी मां भवानी रेवन्ना अपहरण के एक मामले में जांच का सामना कर रही हैं और हाल ही में उन्हें अदालत से सशर्त जमानत मिली थी। कर्नाटक पुलिस ने भी सूरज रेवन्ना के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों के बाद जबरन वसूली के आरोप में दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। सूरज रेवन्ना के सहयोगी शिवकुमार ने होलेनरसीपुर पुलिस स्टेशन में पीड़ित और उसके परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। शिवकुमार ने शिकायत में कहा कि पैसे ऐंठने के लिए सूरज रेवन्ना के खिलाफ झूठे आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में दावा किया गया है कि आरोपियों ने सूरज रेवन्ना को 5 करोड़ रुपये न देने पर यौन शोषण का मामला दर्ज कराने की धमकी दी थी। पुलिस ने आईपीसी की धारा 384 (जबरन वसूली) और 584 (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया है।

# नीट पेपर लीक केस : नार्को टेस्ट की तैयारी में बिहार पुलिस, डिप्टी सीएम बोले- सबूत दें तेजस्वी

**पटना (एजेंसियां)।**

बिहार पुलिस की जांच टीम ने सभी सबूत शिक्षा मंत्रालय को सौंप दी। अब इसी के आधार पर शिक्षा मंत्रालय ने सीबीआई को इस मामले की जांच करने की जिम्मेदारी दी। सीबीआई ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की शिकायत पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया और मामले की जांच में जुट गई। टीम बिहार पुलिस से भी संपर्क में है। इधर, बिहार पुलिस की टीम अब इस मामले गिरफ्तार हुए सभी 13 आरोपियों के नार्को टेस्ट कराने की तैयारी में है। बिहार पुलिस की टीम ने झारखंड के देवघर में छापेमारी कर मास्टरमाइंट संजीव मुखिया के रिश्तेदार चिंटू कुमार समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चिंटू के अलावा बिट्टू, पंकू, काजू, राजीव और अजीत कुमार के रूप में इनकी पहचान हुई है। पंकू को छोड़कर सभी नालंदा के रहने वाले हैं। पुलिस टीम इन सभी से पटना में पूछताछ कर रही है।

बिहार पुलिस सूत्रों की मानें तो जांच टीम 13 आरोपियों की नार्को एनालिसिस




और ब्रेन मैपिंग टेस्ट कराने की मांग शिक्षा मंत्रालय से करेगा। इतना ही नहीं जिस फ्लैट से नीट का जला हुआ पेपर मिला था, वह पेपर भी पुलिस ने एनटीए को सौंप दिया था। अब इस जले हुए पेपर का मिलान करने के लिए मूल पेपर जांच टीम को दे दिया है। दरअसल, बिहार पुलिस से जब यह मामला आर्थिक अपराध इकाई के पास आया तो उसने जलने से बचे टुकड़ों को जोड़कर प्रश्नपत्रों में से 74 प्रश्न निकाले। इसके साथ ही प्रश्न का एक बुकलेट नंबर (6136488) भी। इसी बुकलेट का पेपर पटना में माफिया के वॉट्सऐप पर आया था, वो बुकलेट झारखंड के हजारीबाग स्थित ओएसिस स्कूल को मिला था। इतना ही नहीं बुकलेट जिस बक्से में स्कूल पहुंचा था, उससे भी छेड़छाड़ हुई थी। यह जांच में स्पष्ट हो गया है।

इधर, उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने फिर से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर हमला बोला। तेजस्वी द्वारा दिए गए संजीव मुखिया की नेताओं के साथ वाली तस्वीर जारी करने वाले बयान पर पलटवार करते हुए अगर दम है तो 24 घंटा के भीतर तेजस्वी यादव साक्ष्य को सार्वजनिक करें और ब्लैकमेलर बनकर लोगों को धमकाना और डराना बंद करें। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव की भाषा ब्लैकमेलर जैसी है।

वह प्रशासन को डरा धमका रहे हैं। इससे पहले डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कहा था कि तेजस्वी यादव को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या प्रीतम कुमार अभी भी उनके पीएस हैं और उन्हें यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि सिकंदर प्रसाद यादवेंदु कौन हैं? जब लालू प्रसाद यादव रांची में जेल गए थे, तब सिकंदर प्रसाद यादवेंदु हुआ करते थे। लालू की सेवा में वह रहते थे। सिकंदर सिंचाई विभाग में जेई थे। विजय सिन्हा ने आरोप लगाया कि वह लोगों के भविष्य के साथ खेलते हैं जब वे सत्ता में होते हैं तो घोटाले करते हैं और नियुक्ति प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं।

बता दें कि हाल में ही नीट पेपर लीक मामले में बिहार पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की थी। पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने 6 पोस्ट-डेटेड चेक बरामद किए थे, जिनके बारे में शक है कि ये चेक माफिया के पक्ष में जारी किए गए थे, जो पिछले महीने आयोजित नीट से पहले कथित रूप से लीक हुए पेपर की मांग करने वाले हर उम्मीदवार से 30 लाख रुपये से अधिक की मांग कर रहे थे। वहीं बिहार पुलिस ने जिस अनुराग यादव नाम के परीक्षार्थी को गिरफ्तार किया था, उसका कबूलनामा सामने आया था। उसने स्पष्ट कहा था कि उसके फूफा सिकंदर प्रसाद यादवेंदु ने ही उसे कोटा से पटना बुलाया था। कहा था कि परीक्षा में सब सेटिंग हो चुका है। इसके बाद चार मई की रात पटना के एक रेस्ट हाउस में अमित आनंद और नीतीश कुमार के पास मुझे छोड़ दिया। इनलोगों ने मुझे नीट के परीक्षा का प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका दिया। रात भर में पेपर रटवाया गया।

# कर्नाटक ने 3587.67 करोड़ की 64 परियोजनाओं को दी मंजूरी

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

कर्नाटक सरकार ने 3587.67 करोड़ के निवेश वाली 64 नई व्यावसायिक परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनमें राज्य भर में 13,896 नौकरियां पैदा होने की संभावना है। इन परियोजनाओं को शुक्रवार को बड़े, मध्यम उद्योग और बुनियादी ढांचा विकास मंत्री एम.बी. पाटिल की अध्यक्षता वाली 146वीं राज्य स्तरीय एकल खिड़की मंजूरी समिति (एसएलएसडब्ल्यूसीसी) ने मंजूरी दी। कुछ बड़ी मंजूरियों में इंटरनेशनल बैटरी कंपनी इंडिया और रिवर मोबिलिटी के प्रस्ताव शामिल हैं, जो क्रमशः 390 करोड़ और 306.9 करोड़ निवेश करने की योजना बना रहे हैं। पाटिल ने कहा कि ये परियोजनाएं राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में समान निवेश को बढ़ावा देंगी, खासकर उत्तरी कर्नाटक के जिलों को इससे लाभ होगा।

उन्होंने कहा कि समिति ने 50 करोड़ रुपये से अधिक पूंजी निवेश वाली 13 प्रमुख बड़ी और मध्यम परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनकी कुल लागत 2046.39 करोड़ रुपये है और इससे लगभग 7,199 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा, 15 करोड़ रुपये से लेकर 50 करोड़ रुपये तक के निवेश वाली 47 नई परियोजनाओं को मंजूरी दी गई, जिनकी कुल लागत 1058.55 करोड़ रुपये है और इससे लगभग 6,547 नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि 482.73 करोड़ रुपये की चार अतिरिक्त पूंजी निवेश योजनाओं को भी मंजूरी दी गई, जिससे लगभग 150 लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

# बुलेटप्रूफ जैकेट समेत हथियार बनाने की मिनी गन फैक्टरी का भंडाफोड़, संचालक और चार हथियार तस्कर गिरफ्तार

**वैशाली (एजेंसियां)।**

बिहार के वैशाली जिले की एसटीएफ और पुलिस ने दियारा इलाके में बड़ी कार्रवाई की है। यहां पुलिस ने बुलेटप्रूफ जैकेट समेत हथियार बनाने वाली मिनी गन फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है। साथ ही हथियार के साथ फैक्टरी के संचालक और चार हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। यह पूरी करवाई डढत्र और वैशाली पुलिस ने संयुक्त रूप से की है। 24 घंटे से पुलिस लगातार छापामारी कर रही है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने मौके से चार देसी पिस्तौल, दो देसी कट्टे, एक लेथ मशीन, एक बुलेटप्रूफ जैकेट और अवैध हथियार बनाने का समान बरामद किया है। दियारा इलाका हथियार तस्करों के लिए सेफ जोन माना जाता है। बताया जा रहा है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि हथियार बनाने का कार्य किया जा रहा था। उसके आधार पर वैशाली पुलिस की टीम और डढत्र की टीम द्वारा संयुक्त रूप से छापामारी कर कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। यह कार्रवाई वैशाली जिले रुस्तमपुर थाना क्षेत्र के जफराबाद में हुई है। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने पहले जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र के शिव नगर में छापामारी कर हथियार के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया। उसके बाद पूछताछ में पुलिस को गन फैक्टरी का पता चला। उसके आधार पर पुलिस ने छापामारी कर फैक्टरी मालिक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गिरफ्तार सभी पांचों अपराधियों से पूछताछ करने में लगी हुई है। पुलिस हथियार तस्करों के नेटवर्क के बारे में पता लगाकर सभी को पकड़ने में लगी हुई है। बताया जा रहा है कि कई लोगों पर पुलिस लगातार इनके निशानदेही पर छापामारी कर रही है। अभी कोई पुलिस अधिकारी इसके बारे में बताने से बचता नजर आ रहा है। वहीं, पुलिस मुख्यालय द्वारा इस मामले को लेकर प्रेस विज्ञप्ति भी जारी कर दी गई है।

वैशाली जिले के रुस्तमपुर थानाक्षेत्र से मिनी गन फैक्टरी का भंडाफोड़ कर उसके संचालक विजय कुमार शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। उक्त संचालक के पास से एक देसी कट्टा, एक लेथ मशीन, एक ड्रिल मशीन और देसी कट्टे के लगभग 150 बैरल बरामद हुए।

# राजनीतिक लाभ के लिए दिल्ली सरकार पड़ोसी राज्यों पर मढ़ रही आरोप: एलजी

**नई दिल्ली, 23 जून (एजेंसियां)।**

दिल्ली में जारी जल संकट पर जल मंत्री आतिशी के अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठने के बाद दिल्ली के एलजी विनय कुमार सक्सेना का बयान सामने आया है। उन्होंने आम आदमी पार्टी पर दिल्ली के जल संकट को जबरन एक राजनीतिक मुद्दा बनाने का आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा है कि जल संकट के जरिए आम आदमी पार्टी पड़ोसी राज्यों को बदनाम करने की कोशिश कर रही है। एलजी के बयान के मुताबिक उत्तर भारत में पड़ रही भीषण गर्मी की पृष्ठभूमि में राष्ट्रीय राजधानी में पेयजल आपूर्ति एक चुनौती बन गई है। दिल्ली के आपा नेताओं ने राजनीतिक लाभ हासिल करने के एकमात्र उद्देश्य से, पड़ोसी राज्यों पर दोषारोपण करने के लिए संकट को अवसर में बदल दिया है। इस विवादास्पद कवायद ने



दिल्ली के निवासियों की समस्याओं को और बढ़ा दिया है और पड़ोसी राज्यों को नाराज कर दिया है, जो खुद पानी की कमी से जूझ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि दिल्ली पीने के पानी की आपूर्ति के लिए उत्तर प्रदेश और हरियाणा पर निर्भर है। अंतरराज्यीय जल बंटवारे की व्यवस्था भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा बनाए गए संस्थागत तंत्र के माध्यम से तय की जाती है, जिसे देश की सर्वोच्च अदालत ने बार-बार बरकरार रखा है। इस ढांचे के तहत हस्ताक्षरित समझौतों के अनुसार राज्य पानी छोड़ने के लिए बाध्य हैं। साथ ही, दिल्ली सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए बाध्य है कि शहर भर में समान आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जल संसाधन का कुशलतापूर्वक उपयोग किया जाए।

उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से, दिल्ली सरकार ने न तो जल नेटवर्क में सुधार और क्षमता में वृद्धि सुनिश्चित करने में गंभीरता दिखाई, न ही बातचीत का रास्ता चुना। एलजी के जारी किए गए पत्र में बताया गया है कि कई मौकों पर, मैंने सीएम से कहा कि शासन को सौहार्दपूर्ण वातावरण में, मेल-मिलाप और समायोजन की भावना के साथ चलाया जाना चाहिए। संघर्ष, झगड़े, एकाधिकार और राजनीतिक दिखावा, हमेशा के लिए शासन के उपकरण नहीं हो सकते। केंद्र सरकार और अन्य राज्य सरकारों के प्रति आदतन विरोध का दृष्टिकोण प्रतिकूल है। इस खेल में सबसे बड़ा पीड़ित कोई और नहीं, बल्कि दिल्ली का सामान्य निवासी है। दिल्ली के उपराज्यपाल का यह बयान राजधानी में गंभीर जल संकट को लेकर दिल्ली और हरियाणा सरकार के बीच तीखी नोकझोंक के बीच आया है। दिल्ली की जल संसाधन मंत्री आतिशी हरियाणा सरकार पर आवश्यक मात्रा में पानी की आपूर्ति नहीं करने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार से अनिश्चितकालीन अनशन पर हैं।

## पानी की मांग को लेकर आतिशी का तीसरे दिन भी अनशन जारी

**नई दिल्ली, 23 जून (एजेंसियां)।** दिल्ली में बीते सप्ताह से पेयजल का संकट और बढ़ गया है। यहां राष्ट्रीय राजधानी में पेयजल के उत्पादन में सामान्य दिनों के मुकाबले 100 एमजीडी से भी अधिक की गिरावट आई है। इस बीच राज्य के लिए पानी की मांग कर रही दिल्ली की मंत्री आतिशी का अनशन रविवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। आतिशी ने आज कहा कि हरियाणा के हथिनी कुंड में पानी भरा हुआ है लेकिन वहां की सरकार ने दिल्ली के लिए पानी छोड़ने वाले गेट बंद कर दिए हैं। दिल्ली के हक के पानी पर हरियाणा सरकार ने ताला लगाया है। आतिशी का कहना है कि जब तक दिल्ली की जनता को उनके हक का पानी नहीं मिल जाता तब तक उनका पानी सत्याग्रह जारी रहेगा। दूसरी ओर, दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली के पेयजल उत्पादन में अब 117 एमजीडी पानी की कमी आ गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि आतिशी के अनशन पर बैठने के बाद हरियाणा ने और अधिक पानी रोकना शुरू कर दिया है। इससे प्रतिदिन करीब 17



एमजीडी पानी की अतिरिक्त कमी हुई है। सौरभ भारद्वाज का कहना है कि एक एमजीडी पानी से करीब 28,500 लोगों की पानी की जरूरत पूरी होती है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में पहले 100 एमजीडी पानी की कमी थी। अब 117 एमजीडी पानी की कमी हो गई है। अतिरिक्त 17 एमजीडी पानी दिल्ली के करीब 4.85 लाख लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से लगातार दिल्ली को कम पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। पहले दिल्ली में प्रतिदिन 1000 एमजीडी के आप-पास पानी का उत्पादन हो रहा था। यह 21 जून को घटकर 896 एमजीडी रह गया है। दिल्ली सरकार ने आरोप लगाया कि हरियाणा की ओर से आने वाले पानी में लगातार कमी की जा रही है। उन्होंने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार पर भी हमला करते हुए कहा कि वन इंडिया वन टीम की बात करने वाले आज अपने ही देश की राजधानी के लोगों को प्यासा रख रहे हैं।

# विपक्षी पार्टी के नेताओं को परेशान कर रही है सरकार: जयराम

**शिमला, 23 जून (एजेंसियां)।**

हिमाचल के नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस सरकार पूरी तरह से तानाशाही पर उतर आई है। केवल भारतीय जानता पार्टी (भाजपा) के नेताओं को टारगेट किया जा रहा है।

श्री ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री प्रदेश के लोगों द्वारा कांग्रेस को पूरी तरह नकार देने के कारण हताशा में हैं इसलिए वह इधर-उधर की बातें कर रहे हैं। यह सरकार पूरी तरह से नाकाम हो गई है। लोगों सिर्फ़ परेशान करने के अलावा कोई काम नहीं कर रही है। आज प्रदेश में हर व्यक्ति सरकार से निराश हैं। रोज़गार से लेकर विकास के मामले में यह सरकार पिछली सरकार के कामों को एक कदम भी आगे नहीं बढ़ा पाई है। एक भी युवा को रोज़गार नहीं दे पाई है। यह सरकार सिर्फ़ अपने मित्रों के लिए काम कर रही है। उन्हीं का भला करने में व्यस्त है। यह सरकार सिर्फ़ मित्रों के लिए समर्पित सरकार है जिसका आम आदमी के हितों से कोई लेना देना नहीं है। इस बार के उपचुनाव में भी प्रदेश के लोग इस सरकार को सबक़ सिखाने के लिए तैयार



बैठे हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह सरकार सत्ता के दुरुपयोग से विपक्ष को परेशान कर रही है। मुख्यमंत्री निर्दलीय विधायकों को पहले समर्थन के लिए प्रताड़ित करते रहे और जब वे इस्तीफ़ा देकर चुनाव लड़ रहे हैं तो भी उन्हें परेशान किया जा रहा है। उनके ख़िलाफ़ अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री यह सरकार झूठ बोलके चलाना चाह रहे हैं। झूठ के भरोसे चुनाव लड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री यह भूल रहे है कि झूठ की उम्र बहुत लंबी नहीं होती। भाजपा प्रत्याशियों के ख़िलाफ़ कर रहे दुष्प्रचार लिए उन्हें न्यायालय में जवाब देना होगा। भाजपा के प्रत्याशियों को फ़र्ज़ी मुक़दमों में फ़साने की कोशिश हो रही है, प्रदेश का पूरा तंत्र अपनी पूरी शक्ति भाजपा के प्रत्याशियों को परेशान करने में लगा रहा है जबकि प्रदेश में क़ानून व्यवस्था पूरी तरह से रसातल में चली गई है। दिन दहाड़े गोलियां चल रही हैं। प्रदेश में भाड़े के शूटर कोर्ट परिसर में ही तांडव मचा रहे हैं। क्या मुख्यमंत्री प्रदेश में अपराधियों के इस तरह के बोलबाले को ही व्यवस्था परिवर्तन कह रहे हैं।

श्री ठाकुर ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक स्व. डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि एक विधान, एक प्रधान और एक निशान के लिए अपना बलिदान करने वाले स्व. मुखर्जी हमारी प्रेरणा का स्रोत हैं। जिस लक्ष्य लिए उन्होंने अपना बलिदान दिया उसे भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हासिल किया। श्री ठाकुर ने हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश के विकास के लिए उनका योगदान अविस्मरणीय हैं। उसे सदैव याद रखा जाएगा।

# रेलवे ने विकसित किया कवच का नया संस्करण

**नई दिल्ली, 23 जून (एजेंसियां)।**

भारतीय रेलवे ने स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच का नया और अधिक सक्षम एवं प्रभावशाली संस्करण कवच 4.0 विकसित किया है तथा परीक्षण के बाद इसे शीघ्र ही लगाना शुरू किया जाएगा।

सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कवच की प्रगति की समीक्षा की जिसमें अधिकारियों ने कवच के संस्करण 4.0 की प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया। रेल मंत्री को बताया गया कि कवच के सभी तीन अनुमोदित निर्माता संस्करण 4.0 के परीक्षण के उन्नत चरण में हैं। श्री वैष्णव ने निर्देश दिया कि कवच 4.0 तैयार होते ही सभी लोको पर मिशन मोड में योजनाबद्ध तरीके से कवच की स्थापना की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इंस्टालेशन की प्रक्रिया में मौजूद मौजूदा सिस्टम को भी कवच 4.0 में अपग्रेड किया जाएगा।

स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) कवच का विकास रेलवे सुरक्षा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। अस्सी के दशक में दुनिया की अधिकांश प्रमुख रेलवे प्रणालियाँ एटीपी में स्थानांतरित हो गईं। भारतीय रेलवे ने 2016 में ट्रेन टक्कर रोधी प्रणाली के पहले संस्करण की मंजूरी के साथ यह यात्रा शुरू की थी।

वर्ष 2019 में सुरक्षा प्रमाणन के उच्चतम स्तर एसआईएल-4 को प्राप्त करने के लिए सिस्टम का परीक्षण किया गया था। भारतीय रेलवे अलग अलग प्रकार के ट्रैक वाले नेटवर्क संचालित करता है। विभिन्न परिदृश्यों का अध्ययन करने और उन्हें सुरक्षा प्रणालियों में शामिल करने की आवश्यकता है क्योंकि एक ट्रेन रेलवे नेटवर्क पर कहीं भी यात्रा कर सकती है। इस प्रणाली को 2020 में राष्ट्रीय एटीपी प्रणाली के रूप में अनुमोदित किया गया था। कोविड काल के बावजूद, आगे का परीक्षण और विकास जारी रहा।

वर्ष 2021 में, सिस्टम के संस्करण 3.2 को प्रमाणित और क्रियान्वित किया गया था और 2022 की अंतिम तिमाही में दिल्ली - मुंबई और दिल्ली - हावड़ा के उच्च घनत्व वाले मार्गों पर काम शुरू किया गया था। अभी जो संस्करण लगाया जा रहा है, वह कवच 3.2 है। किसी भी एटीपी प्रणाली को कार्य करने के लिए पांच उपप्रणालियों की आवश्यकता होती है। रेलवे पटरियों के किनारे ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क, रेलवे पटरियों के किनारे टावर और रेडियो उपकरण, रेलवे पटरियों पर आरएफआईडी टैग लगाना, रेलवे स्टेशनों पर डेटा सेंटर और सिग्नलिंग प्रणाली के साथ एकीकरण तथा प्रत्येक ट्रेन और लोकोमोटिव पर कवच स्थापित करना।

कवच वर्जन 4.0 के विकास और इसके प्रमाणन के बाद, रेलवे मिशन मोड में कवच को लगाने को गति देगी। इस समय कई निर्माता इस प्रणाली को विकसित कर रहे हैं जो विकास के विभिन्न चरणों में हैं। एक सुरक्षा प्रणाली होने के नाते, कवच अनुमोदन को प्रमाणित होने से पहले अंतरराष्ट्रीय मानकों पर सावधानीपूर्वक परीक्षण की आवश्यकता होती है।

## तमिलनाडु जहरीली शराब मामले की सीबीआई जांच हो: सीतारमण

**नई दिल्ली, 23 जून (एजेंसियां)।**

केंद्रीय वित्त मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता निर्मला सीतारमण ने तमिलनाडु जहरीली शराब मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग करते हुए रविवार को कहा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी को इस पर बयान देना चाहिए।

श्रीमती सीतारमण ने यहां मीडिया से कहा कि 200 से ज्यादा लोग अब भी गंभीर अवस्था में अस्पताल में हैं। कुल 56 लोगों की मौत हो गई है और उनमें से ज्यादातर अनुसूचित जाति से हैं। वह इस घटना की निंदा करती है। उन्होंने कहा, मैं हैरान हूं कि कांग्रेस ने इसके खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोला। ऐसे राज्य में जहां सरकार द्वारा संचालित तस्माक दुकानों से लाइसेंसी शराब मिलती है, उसके बावजूद



कलाकुरची शहर के बीच में केमिकल आधारित अवैध शराब परोसी जाती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे कहां हैं, राहुल गांधी कहां हैं। वह दक्षिण से सिर्फ इसलिए चुनाव लड़ते हैं क्योंकि उन्हें भरोसा है कि वह जीतेंगे। तमिलनाडु में द्रमुक के साथ मिलकर चुनाव लड़ते हैं और जब जहरीली शराब से दलित मर रहे हैं तो एक बयान नहीं आता। उन्होंने उस मामले में श्री गांधी और श्री खड़गे से बयान देने की मांग भी की। उन्होंने इस पूरे मामले की जांच सीबीआई को देने की मांग की।

# हिंदुस्तान की सबसे भ्रष्ट सरकार है चंपाई सोरेन सरकार : शिवराज सिंह चौहान

**रांची, 23 जून (एजेंसियां)।**

केन्द्रीय कृषि मंत्री और झारखंड के भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, झारखंड के कार्यकर्ताओं, नेतृत्व, बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं और पूरी टीम ने लोकसभा चुनाव में परिश्रम की पराकाष्ठा की है और इसी का नतीजा है कि, भाजपा ने यहां शानदार सफलता हासिल की है।

श्री चौहान रविवार को रांची में प्रेसवार्ता को संबोधित किया। इस दौरान चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि हम झारखंड में 9 सीटें जीते हैं और लगभग 52 विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा आगे रही है। मैं यहां के नेतृत्व और कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करता हूं। साथ ही श्री चौहान ने झारखंड सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि, सोरेन सरकार, झारखंड को तबाही की ओर ले जा रही है।

प्रदेश चुनाव प्रभारी श्री चौहान ने



झारखंड सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि, झारखंड में चारों तरफ केवल लूट का माहौल है। चंपाई सोरेन सरकार में चाहे रेत हो, चाहे कोयला हो, चाहे खनिज हो या फिर ट्रांसफर पोस्टिंग हो। हर तरफ केवल लूट ही मची है। उन्होंने कहा कि, जेएमएम के नेता गिरफ्तार हो रहे हैं, इनके मंत्री जेलों में हैं। हम एक-एक काला चिट्ठा खोलेंगे और भ्रष्टाचार में लिप्त हर एक को सजा दिलाएंगे। भारतीय जनता पार्टी का संकल्प है कि, झारखंड को भ्रष्टाचार की तबाही से मुक्त कराना है, और इसलिए हम सब, हमारे कार्यकर्ता परिश्रम की पराकाष्ठा, प्रयत्न की परिसीमा करेंगे और फिर से झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बना कर झारखंड को कुशासन से मुक्त करेंगे, सुशासन लाएंगे ताकि जो विकसित भारत के निर्माण का संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का है उसके लिए हम विकसित झारखंड बना सकें।

श्री चौहान ने कहा कि, झारखंड की सोरेन सरकार हिंदुस्तान की सबसे भ्रष्ट सरकार है। इस सरकार ने भोली-भाली जनता से जो वादे किए थे, उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं किया। इस सरकार ने युवाओं से सरकारी नौकरियों का वादा किया था, लेकिन आज तक एक भी नियुक्ति पत्र किसी को नहीं दिया। इन्होंने बेरोजगार युवाओं के साथ भी बेरोजगारी भत्ते के नाम पर छलावा किया, बेरोगजारी भत्ते का वादा किया लेकिन निभाया नहीं। उन्होंने कहा कि, अकेले केन्द्र सरकार के ग्रामीण विकास विभाग ने झारखंड को पिछले कुछ वर्षो में मनरेगा में अकेले ही 21 हजार 55 करोड़ रूपए दिए लेकिन न तो मनरेगा का काम ठीक से हो पाया न ही झारखंड का विकास हो पाया। यहां की भ्रष्ट सरकार मनरेगा और विकास कार्यों की राशि भी डकार गई।

उन्होंने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी ने तय किया है कि, जहां-जहां बूथ जीते हैं वहां शानदार सफलता के लिए अभिनंदन कार्यक्रम किए जाएंगे। अब झारखंड को कुशासन से मुक्त कराने का संकल्प यहां के नेतृत्व और कार्यकर्ताओं ने लिया है। विधानसभा चुनाव में पूरी टीम दिन और रात मेहनत, लगन के साथ परिश्रम करेगी। कार्यकर्ताओं में आज जो विजय का आत्मविश्वास दिखाई दिया है, उससे हम आश्वस्त हैं कि, झारखंड में इस बार भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ अपनी सरकार बनाएगी।


श्री चौहान ने कहा कि, ये देश का सौभाग्य है कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार लगातार भारत के प्रधानमंत्री बने हैं। वर्ष 1962 के बाद यह चमत्कार पहली बार हुआ है, जब ऐसा शानदार बहुमत प्रधानमंत्री बनाने के लिए हमारी पार्टी, हमारे गठनबंधन एनडीए को मिला हो और मोदी जी के नेतृत्व में हमारा देश विकसित भारत तो बनेगा ही लेकिन झारखंड को भी विकसित झारखंड बनाने का हमारा संकल्प है।

# सिन्हा ने की अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा

**जम्मू, 23 जून (एजेंसियां)।**

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को विश्व प्रसिद्ध अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की। श्री सिन्हा ने जम्मू संभाग के 10 जिलों के उपायुक्तों (डीसी) और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) तथा नागरिक एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय सुरक्षा और जिला विकास समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में श्री अमरनाथ जी यात्रा से पहले की तैयारियों और यात्रा सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, मार्ग पर यात्रियों के लिए आवश्यक सुविधाएं, ठहरने की व्यवस्था, सड़कों का उन्नयन, आरएफआईडी कार्ड वितरण आदि से संबंधित महत्वपूर्ण मामलों पर भी चर्चा की गई। उपराज्यपाल ने क्षेत्र में समग्र सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा की। उन्होंने पूरे आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म करने के लिए सुरक्षा बलों, नागरिक और पुलिस प्रशासन के बीच घनिष्ठ तालमेल का आह्वान किया। उन्होंने कहा



कि आतंकवादियों और उन्हें सहायता देने वालों को प्राथमिकता के आधार पर समाप्त किया जाना चाहिए। उपराज्यपाल ने विकास परियोजनाओं और सामाजिक कल्याण तथा अन्य सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति का भी जायजा लिया। उपायुक्तों ने अध्यक्ष को समग्र कृषि विकास कार्यक्रम (एचएडीपी) के क्रियान्वयन, औद्योगिक संपदाओं के विकास और सार्वजनिक सेवाओं के विस्तार के बारे में जानकारी दी।

उपराज्यपाल ने दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं, अवैध खनन गतिविधियों और नशीली दवाओं के खतरे को रोकने के लिए उठाए गए कदमों पर जिला और पुलिस प्रशासन द्वारा उठाए गए कदमों पर कार्रवाई रिपोर्ट भी मांगी। उन्होंने जम्मू संभाग के पहाड़ी जिलों में सड़क सुरक्षा और सड़क दुर्घटनाओं के कारण गंभीर रूप से घायल होने और मौतें होने पर लोगों की बढ़ती चिंता को उजागर किया। इस समस्या से निपटने के लिए श्री सिन्हा ने डीसी और एसएसपी को यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के प्रति शून्य-सहिष्णुता की नीति अपनाने और सख्त निगरानी और दंड लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाले अयोग्य वाहनों की तुरंत पहचान की जानी चाहिए और उन्हें जब्त किया जाना चाहिए।

## माझी ने तारिनी मंदिर के विकास के लिए 50 करोड़ की घोषणा की

**भुवनेश्वर, 23 जून (एजेंसियां)।**

ओड़ीशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को क्योंझर जिले के घाटागांव में मां तारिनी मंदिर के विकास एवं सौंदर्यकरण के लिए अतिरिक्त पचास करोड़ रुपये देने की घोषणा की। श्री माझी आज अपने गृह जिले के दो दिवसीय दौरे पर है। उन्होंने मंदिर में पूजा करने के बाद यह घोषणा की।



उन्होंने कहा कि उन्हें अपने दौरे में यह महसूस हुआ कि मंदिर के चल रहे पुर्नद्वार के लिए अतिरिक्त पचास करोड़ रुपये की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार केन्द्र सरकार से क्योंझर जिले में विशेषकर मां तारिनी मंदिर को राष्ट्रीय स्तर पर पर्यटक स्थल के रुप में बढ़ावा देने का आग्रह करेगी। इससे पहले श्री माझी मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद पहली बार अपने गृह जिले पहुंचे। उन्होंने घाटागांव उच्च स्कूल से मां तारिनी मंदिर तक रोड शो किया। मुख्यमंत्री ने क्योंझर कस्बे में बलदेवजेव मंदिर में भी पूजा की और लोगों से बातचीत की। श्री माझी का सोमवार अपने पैतृक गांव राईकाला जाने एवं रोड़ शो एवं जनसभा को संबोधित करने का कार्यक्रम है। वह भुवनेश्वर लौटने से पहले लोगों से बातचीत करेंगे।

शुभ लाभ
खबरें जो सोच बदल दे
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# भारतीय नर्सों को जर्मनी में मिल रहा बेहतरीन मौका : जयंत चौधरी

## जर्मन लैंग्वेज ट्रेनिंग पूरी करने वाले 32 हेल्थ केयर प्रोफेशनल सम्मानित

**लखनऊ/दिल्ली, 22 जून (एजेंसियां)।** भारतीय नर्सों को ग्लोबल करियर के अवसरों से सशक्त बनाने के लिए, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने जर्मन लैंग्वेज ट्रेनिंग के बी-1 लेवल को सफलता-पूर्वक पूरा करने के लिए 32 हेल्थ केयर प्रोफेशनल को सम्मानित किया। प्रशिक्षण का उद्देश्य नर्सों को जर्मनी में सफल करियर और आजीविका के लिए आवश्यक भाषा कौशल से सुसज्जित करना है।






यह डेवलपमेंट भारत को कुशल प्रतिभाओं के लिए ग्लोबल हब बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है और स्किल इंडिया मिशन के तहत महत्वाकांक्षी रणनीतियों की रूपरेखा तैयार करता है। स्किल इंडिया इंटरनेशनल पहल के तहत दो से तीन महीने का व्यापक रेजिडेंशियल ट्रेनिंग प्रोग्राम उन सभी उम्मीदवारों को दिया गया, जिन्होंने बीएससी नर्सिंग या जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (जीएनएम) प्रोग्राम पूरा कर लिया है। पेशेवर जर्मन मूल के प्रशिक्षकों द्वारा संचालित यह कार्यक्रम सुनिश्चित करता है कि प्रतिभागियों को उच्च स्तरीय भाषा शिक्षा मिले।

इस अवसर पर, जयंत चौधरी ने कहा, भारत के पास बहुत बड़ा जनसांख्यिकीय लाभांश है, जो हमारे देश और ग्रामीण क्षेत्रों को 2047 तक एक विकसित अर्थव्यवस्था में बदलने की दिशा में एक स्पष्ट रास्ता है। इसके साथ ही, आज दुनिया में कौशल की कमी भी बढ़ रही है।

सिकुड़ती ग्लोबल इकोनॉमी में भी, 2030 तक दुनिया में लगभग 8.5 करोड़ अवसर होंगे। और इनमें से कितने अवसरों को हमारे महत्वाकांक्षी युवा प्रोफेशनल लोग हासिल कर पाते हैं, यही हमारी अर्थव्यवस्था का भविष्य तय करेगा।

वास्तव में, अकेले जर्मनी में, उनकी वृद्ध आबादी के साथ, उपयुक्त उम्मीदवारों के लिए लगभग 18 लाख नौकरी के अवसर उपलब्ध होंगे। इसलिए, यह आवश्यक है कि हम इन पदों को केन्द्रित तरीके से भरने के लिए सही अप्रोच अपनाएं, और स्किल इंडिया इंटरनेशनल का उद्योग जगत के साथ मजबूत संबंध इस कमी को पूरा कर सकता है। मैं प्रत्येक उम्मीदवार को बधाई देना चाहता हूं, क्योंकि आप में से प्रत्येक एक चेंजमेकर और भारत के एम्बेसडर हैं।

मंत्री ने ग्लोबल स्किलिंग पावर हाउस बनने के भारत के मिशन के तहत विभिन्न देशों में 58,000 से अधिक कुशल भारतीयों की सफल नियुक्ति पर प्रकाश डाला।

उन्होंने विदेशों में रोजगार पाने के इच्छुक भारतीय युवाओं को उच्च गुणवत्ता वाला प्रशिक्षण प्रदान करने में कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) और एनएसडीसी इंटरनेशनल के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सफल उम्मीदवारों को बधाई दी और उन्हें व्यक्तिगत रूप से प्लेसमेंट ऑफर सौंपे, जिससे उनमें फ्यूचर रोल के लिए आत्मविश्वास और उत्साह का संचार हुआ।

सभी 32 उम्मीदवारों ने टीईएलसी के माध्यम से बी-1 जर्मन भाषा प्रशिक्षण उत्तीर्ण की है।

उन्हें प्रमुख अस्पतालों और एम्प्लॉयर्स के साथ रखा जाएगा, जहां उन्हें प्रति माह 2300 से 2700 यूरो (2 लाख रुपए से अधिक) मिलेंगे, जिसमें बी-2 प्रशिक्षण भी शामिल है। जर्मनी में बी-2 पूरा करने के बाद, उनका वेतन लगभग 3 से 4 लाख रुपए तक बढ़ जाएगा। जर्मन एम्बेसडर डॉ. फिलिप एकरमैन ने भारत के स्किलिंग इकोसिस्टम की प्रशंसा की और आशा व्यक्त की कि यह ऐसे कई अन्य अवसरों की शुरुआत होगी। उन्होंने कहा, जर्मनी में, विशेष रूप से हेल्थकेयर सेक्टर में, बढ़ता स्किल गैप एक महत्वपूर्ण चुनौती है। इसलिए, हमें एक सॉल्यूशन खोजने की आवश्यकता महसूस हुई जो स्ट्रक्चर्ड माइग्रेशन है, जो न केवल स्किल गैप को पूरा करता है बल्कि हमें हेल्थकेयर इंडस्ट्री की मांगों को पूरा करने के लिए अपेक्षित गुणवत्ता भी प्रदान करता है। यहीं पर भारत की शिक्षा प्रणाली, मजबूत कौशल बुनियादी ढांचा और व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम इस अंतर को पाटने में मदद कर रहे हैं। हम एनएसडीसी इंटरनेशनल के उनके मजबूत प्रयासों के लिए बेहद आभारी हैं क्योंकि केवल दो महीनों में, वे जर्मनी के लिए इस युवा कार्यबल को तैयार करने में कामयाब रहे।

# अखंड भारत के स्वप्नद्रष्टा थे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी: योगी



### डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर दी गई पुष्पांजलि

**लखनऊ, 23 जून (एजेंसियां)।** एक देश में एक प्रधान, एक विधान, एक निशान के मुद्दे और भारत की अखंडता को लेकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 23 जून 1953 को अपना बलिदान दिया था। देश 1947 में आजाद हुआ और 1950 में संविधान लागू किया गया। इसके बाद तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व की सरकार ने देश के संविधान में धारा-370 जोड़कर राष्ट्रीय अखंडता को गंभीर चोट पहुंचाने का कुत्सित प्रयास किया था। डॉ. मुखर्जी उस समय उद्योग व खाद्य मंत्री के रूप में देश की सेवा कर रहे थे, लेकिन सरकार की मंशा को ध्यान में रखकर उन्होंने पद छोड़ दिया और देश की प्रतिष्ठा व अखंडता के लिए कश्मीर से धारा-370 हटाने के लिए व्यापक आंदोलन प्रारंभ किया।

उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर सिविल हॉस्पिटल परिसर हजरतगंज स्थित प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। सीएम ने डॉ. मुखर्जी को भारत माता का महान सपूत, प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, अखंड भारत का स्वप्नदृष्टा बताया।

सीएम योगी ने कहा कि उन्होंने भारतीय जनसंघ के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ कश्मीर सत्याग्रह के लिए अभियान प्रारंभ किया, इसके लिए उन्हें प्राण भी त्यागना पड़ा। कश्मीर में धारा-370 समाप्त कर एक देश में एक प्रधान, एक विधान, एक निशान की भावनाओं को सम्मान करने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की एनडीए सरकार ने किया है।

यह कश्मीर, देश की अखंडता और सीमा की सुरक्षा के लिए बलिदान देने वालों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व उप मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक योगेश शुक्ल, विधान परिषद सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह, रामचंद्र प्रधान, लालजी निर्मल, इंजी. अवनीश सिंह, मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# 7 साल में बाबा विश्वनाथ धाम की आय में चार गुना की वृद्धि

**वाराणसी, 23 जून (एजेंसियां)।** श्री काशी विश्वनाथ धाम का विस्तार कर सुगम और अत्याधुनिक बनाया गया तो विश्व भर से शिव भक्तों की संख्या दिन ब दिन बढ़ने लगी। श्री काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के बाद बाबा की आय में भी कई वृद्धि हुई। डबल इंजन सरकार में सुविधाओं के विस्तार होने के बाद विश्वनाथ धाम में दान और दर्शनार्थियों की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि भी हुई। वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2023 -24 में बाबा की आय में चार गुना की बढ़ोत्तरी हुई है। बीच में कोरोना काल में भक्तों की संख्या में थोड़ी कमी आई थी, लेकिन इसके बाद फिर से इसमें बेतहाशा वृद्धि दर्ज की गई।

श्री काशी विश्वनाथ धाम के कायाकल्प के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लगातार निरीक्षण और निर्देशन में मंदिर में कई सुविधाओं की बढ़ोतरी हुई। मंदिर का विस्तार और दर्शन की सुगमता ने काशी में तीर्थाटन को और बढ़ा दिया। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि बाबा के आय में चढ़ावा, दान, टिकट और परिसर में नवनिर्मित भवनों के आय आदि के रूप में पिछले 7 साल में 4 गुना की वृद्धि हुई है। 13 दिसम्बर 2021 को हुए विश्वनाथ कॉरिडोर के लोकार्पण के बाद मई 2024 तक बाबा के भक्तों की संख्या 16.22 करोड़ तक पहुंच गई।

धार्मिक और आध्यात्मिक नगरी काशी अनादिकाल से सनातन धर्म मानने वालों की तीर्थस्थली है। डबल इंजन सरकार में अब काशी में विश्व स्तरीय सुविधाएं मिलने लगी है। इस प्राचीन शहर में दुनिया के हर कोने से पहुंचना आसान हो गया है, जिससे यहां भक्तों का प्रवाह बढ़ गया है। ऐसी मान्यता है कि सनातन परम्परा में दान से विशेष पुण्य मिलता है। धर्म की नगरी काशी में आने के बाद शिव भक्त दिल खोल कर चढ़ावा व दान कर रहे हैं।

# फाइलेरिया पर योग काफी असरदार, पीड़ितों का हो रहा उपचार

**लखनऊ, 23 जून (एजेंसियां)।** योगी सरकार ने वर्ष 2027 तक प्रदेश में फाइलेरिया को खत्म करने का लक्ष्य रखा है। इसके तहत प्रदेश भर में विभिन्न अभियान चलाए जा रहे हैं। इतना ही नहीं योगी सरकार ने योग के जरिये फाइलेरिया को मात देने में बड़ी सफलता हासिल की है। योगी सरकार की पहल का ही असर है कि फाइलेरिया से पीड़ितों का जीवन नियमित योगाभ्यास और व्यायाम से आसान बन चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में सहयोगी संस्थाओं द्वारा लम्बे समय से समाज की मुख्य धारा से अलग-थलग पड़े फाइलेरिया मरीजों को मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, इंदिरानगर लखनऊ में इंस्टीट्यूट ऑफ एप्लाइड डर्मेटोलॉजी (आईएडी) सेंटर खोला गया है, जहां फाइलेरिया मरीजों को देखभाल के तरीके, योग व प्राणायाम सिखाया जाता है। फाइलेरिया नेटवर्क और पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के कई मरीजों ने देखभाल के सही तरीके सीखकर जीवन को सहज बनाया है।

योग, व्यायाम और फाइलेरिया प्रभावित अंगों की सूजन के प्रबंधन के बीच के संबंध को समझाते हुए इंस्टीट्यूट ऑफ एप्लाइड डर्मेटोलॉजी के योग परामर्शदाता संदीप कुमार ने बताया कि उपचार प्रोटोकॉल में सूक्ष्म व्यायाम, आसन, प्राणायाम, मुद्रा और शवासन शामिल हैं। इलाज के साथ-साथ 14 दिनों तक नियमित योग और व्यायाम कराया जाता है। इसके बाद फॉलो-अप किया जाता है, तो मरीज कहते हैं कि अब तो अंधेरी सुरंग से प्रकाश की ओर आने जैसा महसूस होता है। इंस्टीट्यूट ऑफ एप्लाइड डर्मेटोलॉजी के कार्यकारी समन्वयक विभु राज कुमार पुष्टि करते हैं कि फाइलेरिया ग्रसित होने पर शरीर का लसिका तंत्र ठीक से काम नहीं करता और लसिका एकत्र होने से अंग में सूजन हो जाती है। ऐसी स्थिति में योग व व्यायाम का अभ्यास सूजन को कम करता है और लसिका तंत्र को सुचारू रूप से कार्य करने में मदद करता है। बता दें कि क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलने वाले इस संक्रमण को फाइलेरिया के रूप में दिखने में पांच से पंद्रह साल तक लग सकता है। इसका कोई कारगर इलाज भी नहीं है, इसलिए बचाव में ही सभी की सुरक्षा निहित है। फाइलेरिया उन्मूलन के दो प्रमुख बिंदुओं पर जोर दिया जाता है, पहला - सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम (एमडीए/आईडीए) राउंड) और दूसरा- रुग्णता और दिव्यांगता निवारण प्रबंधन (एमएमडीपी)। एमएमडीपी के तहत स्वास्थ्य विभाग ने सहयोगी संस्थाओं की मदद से फाइलेरिया मरीजों को प्रभावित हिस्सों को सही तरीके से धुलने, सफाई करने, सूजन कम करने और बीमारी को बढ़ने से रोकने के लिए योग और व्यायाम के बारे में प्रशिक्षित किया है। इससे मरीजों के प्रभावित हिस्सों की सूजन में कमी आई है, उन्हें यह भरोसा भी हुआ है कि थोड़े से प्रयास से वह जोखिम को टाल सकते हैं, अपने दैनिक कार्य खुद कर सकते हैं और सक्रिय जीवन जी सकते हैं।

लखनऊ के सीतापुर रोड के छठा मील निवासी 55 वर्षीय गंगा प्रसाद ने बताया कि उनके दोनों पैर पिछले 10-12 साल से फाइलेरिया से प्रभावित हैं। इस वजह से उनकी दुकान तक बंद हो गयी और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई।

# डिजिटली एक्टिव होंगे प्रदेश के परिषदीय विद्यालय

**लखनऊ, 23 जून (एजेंसियां)।** योगी सरकार प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों को डिजिटली एक्टिव करने को लेकर अपनी मुहिम को आगे बढ़ाने जा रही है। इस क्रम में प्रदेश भर के परिषदीय स्कूलों के सभी 12 तरह के रजिस्टर को डिजिटल किए जाने के साथ ही शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति भी डिजिटल मार्क किए जाने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इसके अंतर्गत छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों को भी टैबलेट पर फेस रिकग्निशन सिस्टम (चेहरा दिखाकर) से उपस्थिति दर्ज करानी होगी। 15 जुलाई से यह प्रक्रिया पूरे प्रदेश में लागू हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार बीते काफी समय से परिषदीय स्कूलों में सभी तरह के कार्यों को डिजिटली किए जाने पर जोर दे रही है। इसी के तहत इन स्कूलों के सभी 12 तरह के रजिस्टर को डिजिटल किए जाने के लिए प्रेरणा पोर्टल पर डिजिटल मॉड्यूल तैयार किया गया है। यही नहीं, डिजिटल अटेंडेंस के लिए भी स्कूलों को टैबलेट और सिम प्रदान किए गए हैं।



महानिदेशक, स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह परिषदीय स्कूलों के सभी रजिस्टर डिजिटल माध्यम से ही भरवाएं। स्कूलों में उपस्थिति, प्रवेश, कक्षावार छात्र उपस्थिति, मिड डे मील, समेकित निशुल्क सामग्री वितरण, स्टाक, आय-व्यस्क एवं चेक इश्यू, बैठक, निरीक्षण, पत्र व्यवहार, बाल गणना और पुस्तकालय एवं खेलकूद रजिस्टर को डिजिटल किया गया है। पंजिकाओं के सरलीकरण तथा टेक्नोलॉजी आधारित डिजिटल माध्यम से उपयोग के लिए प्रेरणा पोर्टल पर डिजिटल रजिस्टर नाम से नया मॉड्यूल विकसित किया गया है। वर्तमान में उपयोग की जा रही भौतिक पंजिकाओं के अनुरूप ही पंजिकाओं का डिजिटल फॉर्मेट तैयार किया गया है। इसके अनुरूप अब सभी एंट्री डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ही अंकित की जाएंगी।

12 डिजिटल रजिस्टर में टीचर अटेंडेंस रजिस्टर भी शामिल है। ऐसे में विद्यालय में कार्यरत समस्त अध्यापकों एवं कार्मिकों को प्रतिदिन अपनी उपस्थिति डिजिटली दर्ज करानी होगी। इसमें विद्यालय आगमन से लेकर जाने तक का समय अंकित किया जाएगा। निर्देशों के अनुसार समस्त अध्यापक 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक आगमन उपस्थिति प्रातः 7.45 से 8 बजे तक और प्रस्थान दोपहर 2.15 से 2.30 बजे तक लगाएंगे। वहीं एक अक्टूबर से 31 मार्च तक आगमन उपस्थिति सुबह 8.45 बजे से सुबह नौ बजे तक और प्रस्थान उपस्थिति 3.15 बजे से 3.30 बजे तक दर्ज कर सकेंगे। हालांकि फिलहाल, अग्रिम आदेश तक शिक्षक सुबह 7.15 बजे से 7.30 बजे तक उपस्थिति लगाएंगे और प्रस्थान उपस्थिति दोपहर 1.30 बजे से 1.45 बजे तक लगा सकेंगे। निर्धारित समय के बाद उपस्थिति मान्य नहीं होगी। विभाग द्वारा परिषदीय प्राथमिक/कंपोजिट विद्यालयों के शिक्षकों के उपयोग के लिए 2,09,863 टेबलेट्स उपलब्ध कराए गए हैं। वहीं परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों के लिए टेबलेट उपलब्ध कराए जाने की प्रक्रिया जारी है। इन विद्यालयों में समस्त अध्यापकों एवं कार्मिकों द्वारा प्रेरणा पोर्टल पर दर्ज कराए गए अपने मोबाइल नंबर/स्मार्टफोन से अपनी उपस्थिति प्रतिदिन अंकित की जाएगी। इसके बाद प्रधानाध्यापक द्वारा उपस्थिति प्रमाणित की जाएगी। टैबलेट व स्मार्टफोन को जियो फेंसिंग के माध्यम से पहचाना जाएगा तथा पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज करते समय अध्यापक और प्रधानाध्यापक को विद्यालय परिसर में उपस्थित रहना अनिवार्य होगा।

इसी तरह कक्षावार स्टूडेंट अटेंडेंस रजिस्टर पर अध्ययनरत समस्त छात्रों की प्रतिदिन हाजिरी लगाई जाएगी। छात्रों के लिए उपस्थिति का समय एक अप्रैल से 30 सितंबर तक सुबह आठ बजे से नौ बजे तक और एक अक्टूबर से 31 मार्च तक सुबह नौ बजे से 10 बजे तक दर्ज होगी। अभी अग्रिम आदेश तक सुबह 7.30 बजे से 8.30 बजे तक हाजिरी लगाई जाएगी। इसके अतिरिक्त बच्चों के नामांकन के दौरान डिजिटल रजिस्ट्रेशन रजिस्टर में उनकी पूरी डिटेल दर्ज कराई जा सकेगी। इसमें छात्र का नाम, लिंग, जन्मतिथि, माता-पिता का विवरण, आधार संख्या आदि होगी। नामांकन करने पर सिस्टम द्वारा एक यूनिक पहचान संख्या प्रदान की जाएगी, जिसे प्रधानाध्यापक द्वारा डिजिटल रजिस्टर में अंकित किया जाएगा। छात्र की डिटेल को प्रेरणा पोर्टल/प्रेरणा डीबीटी एप के माध्यम से भरा या अपडेट किया जाएगा। अंतिम कक्षा उत्तीर्ण व अन्य विद्यालय के लिए स्थानांतरण प्रमाण पत्र जारी किए जाने का विवरण भी डिजिटल रजिस्ट्रेशन डिटेल्स रजिस्टर में अंकित होगा।

# योगी सरकार के प्रयास से सब मिलकर करेंगे यूपी को हरा-भरा

### 35 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित

**लखनऊ, 23 जून (एजेंसियां)।** प्रकृति व परमात्मा की असीम कृपा वाले उत्तर प्रदेश को हरा-भरा बनाए रखने के लिए योगी सरकार की पहल पर सब मिलकर कार्य करेंगे। योगी सरकार ने सबका साथ और सबके प्रयास की बदौलत इस वर्ष भी 35 करोड़ पौधरोपण व उनके संरक्षण का लक्ष्य रखा है। प्रदेश के हरित क्षेत्र को 9 से बढ़ाकर 2026-27 तक 15 फीसदी तक ले जाना है। इसके लिए जन सहयोग भी जरूरी है। वहीं प्रदेशव्यापी अभियान में सभी विभागों व मंडलों के लिए भी लक्ष्य निर्धारण किया गया है। योगी सरकार का यह भी निर्देश है कि हर किसी को उच्च गुणवत्ता के पौधे सुलभता से मिल सकें, इसके लिए विधिवत तैयारी भी की जाए।

योगी सरकार सभी के सहयोग से इस लक्ष्य को प्राप्त करेगी। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस लक्ष्य को प्राप्त करने के साथ ही सकुशल पौधरोपण को लेकर विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। 35 करोड़ पौधे के लिए वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन की ओर से 14 करोड़, ग्राम्य विकास विभाग को 12.59 करोड़, कृषि को 2.50 करोड़, उद्यान विभाग 1.55 करोड़, पंचायती राज को 1.28 करोड़, राजस्व को 1.06 करोड़, नगर विकास को 35 लाख, उच्च शिक्षा को 18 लाख, रेशम को 14 लाख, लोक निर्माण, रेलवे व जलशक्ति को 13-13 लाख, बेसिक शिक्षा को 12 लाख, स्वास्थ्य विभाग को 11 लाख, उद्योग को 9 लाख, औद्योगिक विकास व माध्यमिक शिक्षा विभाग को आठ-आठ लाख, गृह-पशुपालन को सात-सात लाख, ऊर्जा व सहकारिता को छह-छह लाख, आवास विकास, रक्षा व प्राविधिक शिक्षा को पांच-पांच लाख, श्रम व परिवहन विभाग को तीन-तीन लाख पौधरोपण का लक्ष्य दिया गया है। अभियान के तहत सभी 18 मंडलों में भी पौधे लगाए जाएंगे। सबका लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। सबसे अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य लखनऊ मंडल को दिया गया है। लखनऊ मंडल में चार करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। कानपुर मंडल में 3.13 करोड़, चित्रकूट में 2.76 करोड़, झांसी में 2.58 करोड़, मीरजापुर में 2.27 करोड़, अयोध्या में 2.20 करोड़, देवीपाटन में 1.95 करोड़, प्रयागराज में 1.89 करोड़, बरेली में 1.87 करोड़, वाराणसी में 1.78 करोड़, मुरादाबाद में 1.76 करोड़, आगरा में 1.74 करोड़, गोरखपुर में 1.43 करोड़, आजमगढ़ में 1.34 करोड़, अलीगढ़ में 1.20 करोड़, मेरठ मंडल में 1.14 करोड़, बस्ती में 1.08 करोड़ व सहारनपुर मंडल में 88 लाख पौधे लगेंगे। पौधरोपण स्थलों की जियो टैगिंग भी होगी। वहीं मंडलों में वन विभाग की तरफ से 12.60 करोड़ व अन्य विभाग मिलकर लगभग 22.40 करोड़ पौधे लगाएंगे। योगी सरकार ने अफसरों को निर्देश दिया है कि पौधरोपण हर जगह हो, जिससे पूरे प्रदेश में हरियाली लहलहाए। वन भूमि, ग्राम पंचायत व सामुदायिक भूमि, एक्सप्रेस वे व नहरों के आसपास, विकास प्राधिकरण औद्योगिक परिसर भूमि, रक्षा-रेलवे की भूमि, चिकित्सा संस्थान-शिक्षण संस्थान की भूमि, अन्य राजकीय भूमि, कृषकों का सहयोग लेते हुए उनकी निजी भूमि, नागरिकों की ओर से निजी परिसर में पौधरोपण कर यूपी को हरा-भरा किया जाए।

संपादकीय

# केजरीवाल की जमानत पर रोक

दिल्ली की विशेष अदालत ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नियमित जमानत देकर सभी पक्षों को चौंका दिया। केजरीवाल शराब घोटाले के आरोपित हैं और उन्हें पीएमएलए (धनशोधन निरोधक अधिनियम) की धाराओं में गिरफ्तार किया गया था। इस अधिनियम के तहत जमानत मिलना लगभग असंभव है। पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन लंबे अंतराल से इसी कानून की धाराओं और अन्य कानूनी प्रावधानों के तहत जेल में हैं। उन्होंने सर्वोच्च अदालत तक गुहार लगाई, लेकिन कमोबेश सिसोदिया को एक बार भी जमानत नहीं दी गई। सत्येंद्र स्वास्थ्य आधार पर कुछ समय के लिए जेल से बाहर रहे, लेकिन लौट कर जेल ही जाना पड़ा। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर भी धनशोधन की धाराओं के तहत केस बनाए गए, लिहाजा वह भी जनवरी, 2024 से जेल में ही हैं। उनकी जमानत की याचिकाएं भी खारिज होती रही हैं। तेलंगाना की 'भारत राष्ट्र समिति' पार्टी की सांसद के. कविता भी शराब घोटाले के कारण जेल में हैं। केजरीवाल को विशेष अदालत ने उन्हीं दलीलों पर जमानत दी थी, जिनके आधार पर उन्हें अन्य अदालतों ने जमानत नहीं दी थी। उन्हें लगातार न्यायिक हिरासत में रखा जा रहा था। बीच में सर्वोच्च अदालत ने उन्हें चुनाव-प्रचार के लिए विशेष अंतरिम जमानत दी थी। उसके बाद दो जून को उन्हें जेल लौटना पड़ा था। बहरहाल केजरीवाल की जमानत आधी-अधूरी साबित हुई, क्योंकि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने निचली अदालत के इस फैसले को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी और उच्च न्यायालय ने तब तक जमानत की प्रक्रिया पर रोक लगा दी, जब तक उसकी सुनवाई पूरी न हो जाए। अब साफ है कि केजरीवाल का जेल से बाहर आना फिलहाल रुक गया है। आम आदमी पार्टी (आप) का जश्न और भविष्य की योजनाओं पर सन्नाटा पसर गया है। दरअसल केजरीवाल का जेल में रहना 'आप' के लिए बहुत बड़ी सजा है, लिहाजा जमानत के फैसले पर पार्टीजन 'सत्यमेव जयते' के नारे लगा रहे थे। चूंकि 'आप' का राष्ट्रीय संयोजक फिलहाल जेल के बाहर आ रहा था, लिहाजा वे जश्न मना सकते थे। अब सब कुछ स्थगित हो गया है। उच्च न्यायालय ने सुनवाई शुरू कर दी है। हम केजरीवाल और 'आप' के प्रवक्ता, नेताओं से सवाल करना चाहते थे कि देश में संविधान, न्यायपालिका और लोकतंत्र अभी जिंदा हैं अथवा नहीं? चुनाव के दौरान एक झूठा नेरेटिव कांग्रेस ने गढ़ा था कि यदि मोदी सरकार ही लौट कर आ गई, तो संविधान बदल दिया जाएगा। लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। जाहिर है कि संविधान बदल दिया जाएगा, तो न्यायपालिका का अधिकार-क्षेत्र भी प्रभावित होगा। आरक्षण भी समाप्त कर दिया जाएगा। इस झूठे नेरेटिव को केजरीवाल-समूह ने भी आगे बढ़ाया था, क्योंकि 'आप' भी 'इंडिया' विपक्षी गठबंधन का हिस्सा रही है। बेशक चुनाव भी प्रभावित हुआ। यह जनादेश से स्पष्ट है कि भाजपा को भी बहुमत नहीं मिला। वह 240 सीट पर ही सिमट गई, नतीजतन देश में गठबंधन की सरकार बनी है। जब केजरीवाल जेल से बाहर आएंगे, तो क्या कहेंगे? आम चुनाव तो सम्पन्न हो चुके। 'आप' के मात्र तीन सांसद पंजाब से चुने गए हैं। केजरीवाल की दिल्ली ने 'शून्य' दिया है। केजरीवाल का जेल से बाहर आना पार्टी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। फरवरी, 2025 में विधानसभा चुनाव होने हैं। 'आप' की सार्वजनिक छवि और भीतरी संकट बेहद गंभीर हैं। महिलाओं को 1000 रुपए माहवार देने का वायदा निभाना है, क्योंकि वह बजट की घोषणा है। चूंकि केजरीवाल के जेल में रहने से कैबिनेट की बैठक लंबे समय से नहीं हो पाई, नतीजतन परियोजनाओं को स्वीकृति लटक रही है। दिल्ली में पानी का जो गंभीर संकट फैला हुआ है, उसके लिए भी केजरीवाल के हस्तक्षेप की जरूरत है।

> केजरीवाल शराब घोटाले के आरोपित हैं और उन्हें पीएमएलए (धनशोधन निरोधक अधिनियम) की धाराओं में गिरफ्तार किया गया था। इस अधिनियम के तहत जमानत मिलना लगभग असंभव है। पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन लंबे अंतराल से इसी कानून की धाराओं और अन्य कानूनी प्रावधानों के तहत जेल में हैं। उन्होंने सर्वोच्च अदालत तक गुहार लगाई, लेकिन कमोबेश सिसोदिया को एक बार भी जमानत नहीं दी गई। सत्येंद्र स्वास्थ्य आधार पर कुछ समय के लिए जेल से बाहर रहे, लेकिन लौट कर जेल ही जाना पड़ा। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर भी धनशोधन की धाराओं के तहत केस बनाए गए, लिहाजा वह भी जनवरी, 2024 से जेल में ही हैं। उनकी जमानत की याचिकाएं भी खारिज होती रही हैं। तेलंगाना की 'भारत राष्ट्र समिति' पार्टी की सांसद के. कविता भी शराब घोटाले के कारण जेल में हैं। केजरीवाल को विशेष अदालत ने उन्हीं दलीलों पर जमानत दी थी, जिनके आधार पर उन्हें अन्य अदालतों ने जमानत नहीं दी थी। उन्हें लगातार न्यायिक हिरासत में रखा जा रहा था। बीच में सर्वोच्च अदालत ने उन्हें चुनाव-प्रचार के लिए विशेष अंतरिम जमानत दी थी।

### नवीन पटनायक ने गलती कहां की ?

# बाहरी बनाम उड़िया की जंग में खेत रहे नवीन

उमेश चतुर्वेदी

साल 2000..संसद का बजट सत्र चल रहा था..मार्च के पहले हफ्ते का कोई दिन था..लोकसभा में मंत्रियों वाली सीट की ओर एक सांसद धीरे-धीरे बढ़ रहा था..उस शख्स को देख लोकसभा की प्रेस गैलरी में हलचल मच गई..इस हलचल पर नीचे बैठे कुछ सांसदों की निगाह पड़ी..उनकी भी निगाह उसी ओर चली गई, जिधर रिपोर्टर देख रहे थे..इस बीच तत्कालीन सत्ताधारी गठबंधन के सांसदों की हथेलियां मेजों को थपथपाने लगीं..देखते ही देखते इस हथेली कोरस में समूचे सदन की हथेलियां जुड़ गईं..क्या सत्ता पक्ष, क्या विपक्ष, हर सांसद की थपेली जैसे एक लय में मेजों को थपथपाने लगीं थी..इस कोरस में शामिल नहीं था, तो संसद के कर्मचारी और अधिकारी, जिन्हें नियम-कानून इसकी अनुमति नहीं देते..सांसदों के इस अभूतपूर्व स्वागत से उस शख्सियत का अभिभूत होना स्वाभाविक था..इस औचक घटना के बाद वह व्यक्ति विनम्रता से और भर उठा.. वह शख्सियत थे वाजपेयी सरकार के इस्पात मंत्री नवीन पटनायक...फरवरी 2000 में हुए उड़ीसा विधानसभा चुनाव में उनकी अगुआई में बीजू जनता दल ने 117 सदस्यीय विधानसभा में 68 सीटें जीत कर कांग्रेस के गढ़ को ध्वस्त कर दिया..अपने अस्तित्व के बाद बीजू जनता दल का वह पहला विधानसभा चुनाव था, जिसमें उसकी सहयोगी भारतीय जनता पार्टी थी, जिसने 38 सीटें जीती थीं..तब उड़ीसा में नया इतिहास रचा गया। राज्य के कद्दावर नेता रहे बीजू पटनायक के इकलौते इंजीनियर बेटे के तूफान में बंगाल की खाड़ी के किनारे की धरती से कांग्रेस उड़ गई। तब नया इतिहास रचा गया था। उस जीत के नायक का लोकसभा में सम्मान के लिए अगर उस कांग्रेस के सांसदों को भी मजबूर होना पड़ा था, उसकी वजह सिर्फ जीत नहीं, बल्कि उस शख्स की सादगी और विनम्रता रही। यह विनम्रता विगत 13 जून को भी भुवनेश्वर में नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में भी दिखी, जब भूतपूर्व शासक के रूप में नवीन पटनायक शपथ मंच पर पहुंचे। इतिहास हमेशा विजेता का ही है। इस लिहाज से देखें तो आज के उड़ीसा का इतिहास बीजेपी का है। लेकिन सवाल यह है कि नवीन पटनायक ने गलती कहां की? नवीन पटनायक ने विवाह नहीं किया है। उनके पिता बीजू पटनायक पहले कांग्रेस में थे, बाद के दौर में वे जनता परिवार की अहम हस्ती रहे। जनता दल के नेता के रूप में राज्य के मुख्यमंत्री बने। जब तक बीजू पटनायक जिंदा रहे, तब तक नवीन अमेरिका में इंजीनियर की नौकरी करते रहे। लेकिन उनके निधन के बाद नवीन ने नई पार्टी बनाई और बीजू पटनायक की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाया। 2000 के चुनावों में जिस बीजेपी के साथ वे सत्ता की सीढ़ी नापने में कामयाब रहे, उस बीजेपी से उन्होंने बाद के दिनों में अपना रिश्ता तोड़ लिया और देखते ही देखते उड़ीसा के सबसे लोकप्रिय शख्सियत बन गए। यह लोकप्रियता बाद के हर चुनाव में दिखी, चाहे वह विधानसभा का हो या लोकसभा का या फिर पंचायती चुनाव।



लेकिन अपने आखिरी कार्यकाल में उन्होंने गलतियां शुरू की। तमिलनाडु मूल के आईएएस अधिकारी वीके पांडियन उनके करीबी बनकर उभरे। विधानसभा चुनावों के ठीक पहले पांडियन ने इस्तीफा दे दिया और बीजू जनता दल में नवीन के अघोषित उत्तराधिकारी के रूप में उभरते चले गए। उन्होंने चुनाव अभियान में खूब मेहनत की। उड़ीसा में यहां तक माना जाने लगा था कि आने वाले दिनों में अगर बीजू जनता दल को जीत मिलती है तो नवीन सिर्फ नाम मात्र के मुख्यमंत्री होंगे और पांडियन असली मुख्यमंत्री होंगे। जिस उड़ीसा के लोग पूरे देश में रोजगार और पढ़ाई के लिए फैले हुए हैं, जहां के सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की तूती अमेरिका के सिलिकॉन वैली तक में बोलती है, उसी उड़ीसा के लोगों का अपना स्वाभिमान जाग उठा। उन्हें नवीन पटनायक तो पसंद रहे, लेकिन उनके उत्तराधिकारी के रूप में वी के पांडियन पसंद नहीं रहे। उड़िया बनाम बाहरी का नारा लगा और भारतीय जनता पार्टी ने इसे जन नारा बना दिया। इसका असर यह हुआ कि बीजेपी ने उस नवीन पटनायक को किनारे लगा दिया, जिन्होंने कभी उसका हाथ झटककर उसे किनारे लगा दिया था। वी के पांडियन की पत्नी भी उड़ीसा में आईएएस अफसर हैं। सुजाता कार्तिकेयन और पांडियन की जोड़ी पिछले पांच साल में सबसे ज्यादा प्रभावी हुई। उड़ीसा ऐसा राज्य है, जहां कम पढ़े लिखे, और कई बार अनपढ़ आदिवासी आबादी के साथ ही सवर्ण और पढ़े-लिखे प्रभावी लोगों का बेहतर अनुपात है। आदिवासी समुदाय में चर्चों का प्रभाव है। चर्च के प्रभाव को रोकने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिंदू परिषद यहां गहरे तक सक्रिय है। संघ विचार परिवार के मजबूत सांगठनिक पहुंच और पकड़ के चलते देखते ही देखते बीजेपी ने भी गांव-गांव तक अपनी पैठ बना ली। नवीन पटनायक की चूंकि उम्र बढ़ रही है और वे शादीशुदा नहीं है। लिहाजा मौजूदा चलन के मुताबिक, उनकी विरासत को बढ़ाने के लिए उनके परिवार में कोई रहा नहीं। बीजू जनता दल का संगठन भारतीय जनता पार्टी की तरह नहीं रहा, लिहाजा वहां दूसरी पंक्ति का नेतृत्व उभर नहीं पाया। पांडियन और उनकी बढ़ती दखलंदाजी और प्रभाव के चलते बीजू जनता दल के कद्दावर नेता अलग होते चले गए। उनमें से ज्यादातर ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। इस बीच बीजेपी ने आदिवासी समुदाय में अपनी पैठ बनाई। आदिवासी समुदाय की द्रौपदी मुर्मू को देश के सर्वोच्च पद पर विराजमान कराया। चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आता गया, बीजेपी ने स्थानीय बनाम बाहरी के मुद्दे को खूब उछाला। हालांकि शुरूआत में ऐसा नहीं लग रहा था कि नवीन पटनायक को बड़ी चुनौती मिल सकेगी। बड़े से बड़े राजनीतिक पर्यवेक्षक यही मान रहे थे कि बहुत होगा तो लोकसभा में बीजेपी की सीटें बढ़ जाएगी। विधानसभा में भी बीजेपी की ताकत बढ़ेगी, लेकिन राज्य की सत्ता नवीन बाबू के ही हाथ रहेगी। लेकिन स्थानीय बनाम बाहरी के मुद्दे के साथ ही बीजू जनता दल के नेताओं के पलायन से उड़ीसा में संदेश गया कि अगर नवीन बाबू को जीत मिलती भी है तो उनके हाथ सत्ता नहीं रहेगी। उन पर शासन करने वाला उनका अपना नहीं, तमिलनाडु का नेता होगा। बीजेपी ने चुनाव अभियान में इसे बार-बार उछाला। नवीन पटनायक 77 साल के हो गए हैं। उनका स्वास्थ्य भी साथ नहीं देता। राज्य में यह भी माना जाने लगा कि उनके स्वास्थ्य की ठीक से देखभाल नहीं की गई। दबी जुबान से यह भी कहा जाता रहा कि उनके स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाली दवाएं दी गईं। बीजेपी ने तो अपने चुनाव अभियान में वादा तक किया कि अगर वह सत्ता में आती है तो वह नवीन बाबू के स्वास्थ्य की उच्चस्तरीय जांच कराएगी। इससे पांडियन को लेकर रोष बढ़ा। जिसका नतीजा बीजू जनता दल की सत्ता से विदाई के रूप में सामने है। अगर नवीन पटनायक ने अपने ही दल से अपना कोई उत्तराधिकारी चुना होता, दूसरी पंक्ति का नेतृत्व उभारने की पुरानी तैयारी किए होते तो शायद चुनावी नतीजे उनके लिए इतने खराब नहीं होते। सत्ता से बीजू जनता दल के बाहर होने के बाद माना जा रहा था कि राज्य में नेता प्रतिपक्ष का पद नवीन पटनायक वी के पांडियन को दे सकते हैं।

> वाजपेयी सरकार के इस्पात मंत्री नवीन पटनायक...फरवरी 2000 में हुए उड़ीसा विधानसभा चुनाव में उनकी अगुआई में बीजू जनता दल ने 117 सदस्यीय विधानसभा में 68 सीटें जीत कर कांग्रेस के गढ़ को ध्वस्त कर दिया..अपने अस्तित्व के बाद बीजू जनता दल का वह पहला विधानसभा चुनाव था, जिसमें उसकी सहयोगी भारतीय जनता पार्टी थी, जिसने 38 सीटें जीती थीं..तब उड़ीसा में नया इतिहास रचा गया।

दृष्टि कोण

# दावाग्नि से सुरक्षा

दुनिया भर में जंगलों में लगने वाली आग की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिसके पीछे जलवायु परिवर्तन एक बड़े कारक के रूप में उभर रहा है। इस वर्ष ब्राजील में अमेजन के वर्षा वनों में 75000 आग की घटनाएं हो चुकी हैं। 2013 से यह संख्या दोगुनी है, जिससे 30 लाख जीव प्रजातियों पर खतरा मंडरा रहा है। दुनिया की 25 फीसदी ऑक्सीजन की जरूरत इन वर्षा वनों से पूरी होती है। मैक्सिको, ग्रीस, अमेरिका सहित दुनिया के अनेक देश दावाग्नि की चपेट में आ चुके हैं। वैसे तो मनुष्य समाज शुरू से ही जंगलों को आग से साफ करके खेती के लिए जमीनें तैयार करता रहा है, किन्तु अब दुनिया की हवा, पानी और पर्यावरणीय जरूरतों को पूरा करने के लिए जितने न्यूनतम क्षेत्र में वन होने चाहिए, उतने भी नहीं बचे हैं। इसलिए इस घातक प्रक्रिया पर विराम लगाना अति आवश्यक हो गया है। जंगलों की आग के और भी अनेक नुकसान हैं। आग से फैलने वाला धुआं कार्बन डाईऑक्साइड का मुख्य स्रोत होने के कारण ग्रीन हाउस प्रभाव पैदा करके वैश्विक तापमान में वृद्धि करता है। तापमान वृद्धि से आग लगने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। इस तरह एक घातक दुश्चक्र चल निकला है। वनाग्नि से असंख्य जीव-जंतु नष्ट हो जाते हैं और जैव विविधता के लिए बड़ा खतरा पैदा हो जाता है। मिट्टी की ऊपरी परत जल कर खुरखुरी हो जाती है और बारिश में बह कर समुद्र में पहुंच जाती है। वनस्पति का आच्छादन समाप्त हो जाने से भूजल भरण की प्रक्रिया भी बाधित हो जाती है। वायु प्रदूषित हो जाने के कारण श्वास संबंधी रोगों का प्रकोप बढ़ जाता है। हमारे देश में भी वनाग्नि भयंकर समस्या बनती जा रही है। अकेले हिमाचल प्रदेश में ही इस वर्ष 1900 वनाग्नि की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे 20000 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। इसमें से 2729 हेक्टेयर वृक्षारोपण क्षेत्र है। 374 वन बीट संवेदनशील हैं। इससे 6.61 करोड़ रुपए का नुकसान अनुमानित है। किंतु यह अनुमान तो वृक्ष की मृत पैदावार की कीमत पर आधारित है। पेड़ की पर्यावरणीय सेवाओं के हिसाब से यदि नुकसान का आकलन करना हो तो यह अरबों रुपए में जाएगा। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए दो तरह से प्रयास करने होंगे। एक तो आग लगने की घटनाएं ही कम होती जाएं, ऐसी व्यवस्था करनी होगी।



लोगों को जागरूक करना है ताकि वे वनों में आग के नुकसान से परिचित हों और इस कार्य का प्रकट विरोध करने के लिए सक्रिय हों। वनों का नुकसान सरकार का नुकसान नहीं है, बल्कि पूरे समाज का नुकसान है। आग लगाने वाले शरारती तत्वों को पकडने और दंडित करने की व्यवस्था हो। दूसरा काम है, जब आग लग जाती है तो उस पर काबू पाना। इसके लिए दीर्घकालीन योजना बनाई जानी चाहिए। आग लगे तो कुआं खोदने की प्रवृत्ति से बाहर निकलना होगा और आग प्रतिरोधक स्थायी योजना बनानी चाहिए। सबसे पहले आग लगने के तत्काल बाद पता लग जाना चाहिए। इसके लिए खोज टावर नेटवर्क और दूरबीन एवं रेडियो से लैस कर्मी चाहिएं, जो त्वरित रिपोर्टिंग कर सकें। पुराने समय में लोगों की वनों पर निर्भरता का स्तर बहुत ऊंचा था जिससे आग बुझाने में उनका सहयोग लेना आसान था। लोग हाथ से कठिन परिश्रम के आदि थे और आग बुझाने जैसे कठिन काम को करने की हिम्मत जुटा लेते थे। आज इन बातों की कमी हो गई है, जिससे आधुनिक तकनीकों का प्रयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए। झाडियों से पीट कर आग बुझाने की मजबूरी से बाहर निकलना होगा। आधुनिक तकनीकों के बिना आग नियंत्रण के प्रयास करते हुए गत वर्ष भी वन कर्मी हिमाचल में काल का ग्रास बन गए थे। संवेदनशील बीटों में प्राकृतिक जल स्रोतों को चिन्हित करके स्थायी तौर पर पाईप लाइनें बिछा कर हाईड्रेंट व्यवस्था बनाई जानी चाहिए, ताकि तत्काल वहां से पानी लेकर रोलिंग पाइप बिछा कर आग पर काबू पाया जा सके। जहां जहां सडकें पहुंच गई हैं, वहां मोबाइल वाटर टैंक की व्यवस्था होनी चाहिए। हर तरह की स्थलाकृति में चल सकने वाले छोटे अग्निशमन वाहनों का प्रबंध होना चाहिए। कम पानी से अधिक सफल अग्नि नियंत्रण के लिए धुंध स्प्रे तकनीक का प्रयोग किया जा सकता है। इस तकनीक में अग्निशमन वाहन पर टरबाइन स्प्रेयर लगा होता है जो पानी को धुंध में परिवर्तित करके स्प्रे करता है, जिससे अग्निशमन की कुशलता बढ़ जाती है। पिठू स्प्रेयर भी कारगर हो सकते हैं। यदि पानी में डीटरजेंट मिला कर स्प्रे किया जाए तो अग्निशमन की क्षमता बढ़ जाती है। छोटे रास्तों के लिए अग्निशमन बाइक भी उपलब्ध हैं, जिनमें 40-50 लीटर पानी के टैंक लगे होते हैं, और स्प्रे व्यवस्था होती है। अग्निशमन कर्मियों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाए जाने चाहिएं, जिसमें अग्निरोधी वर्दी, फिल्टर मास्क, अग्निरोधी बूट, रीहाईड्रेशन घोल आदि मुख्य हैं। पानी लेने के लिए स्थान-स्थान पर पाइप पॉइंट और तालाब निर्माण होना चाहिए। ऐसी व्यवस्था होगी तो अग्निशमन कर्मी उत्साहित होकर काम कर सकेंगे और जन सहयोग लेना भी आसान होगा। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में चीड़ का एकल रोपण भी आग के लिए बड़ा जिम्मेदार है। अतः प्रयास किया जाना चाहिए कि चीड़ वनों को मिश्रित प्राकृतिक वनों में बदला जाए।

कुछ अलग

# खटाखट और खटपट...

आप खटाखट की बात कर रहे हैं और मैं खटपट को लेकर चिंतित हूं। आप खटाखट करेंगे तो कई लोग चिंतित होंगे और जब चिंतित होंगे तो खटपट भी होगी। खटपट हुई तो सिंहासन खतरे में पड़ जाएगा। खटाखट हुई तो खटपट रोकेंगे कैसे? आप खुद कह रहे हैं कि खजाना तो खाली है। आप इसे भर नहीं रहे बल्कि खाली खजाने में जो थोड़ा बहुत पैसा आ रहा है, वह आप अपने मित्रों में बांट दे रहे हैं। मित्रों के बैंक अकाउंट में खटाखट हो रही है। यानी खटखटा करके पैसे आ रहे हैं। मित्र लोग पैसों से खेल रहे हैं। पैसों से खेलते हुए वह दूसरों की भावनाओं से भी खेल रहे हैं। इसी वजह से पार्टी के भीतर खटाखट के साथ-साथ खटपट भी हो रही है। पब्लिक के सामने दो विषय आ गए हैं। पहला विषय खटाखट का है और दूसरा विषय खटपट का है। ओहदे बांटे जाने के साथ ही खटपट शुरू हो गई है। जिनको ओहदे नहीं मिले हैं, यानी जो सत्ता में रहकर भी पीड़ित हैं, उनके समर्थकों में भी खटपट चल रही है और परिवार में भी खटपट चल रही है। जिनको ओहदे मिल गए हैं, उनके हाथ सूंड की ग_ी लग गई है। पैसे खटाखट आना शुरू हो गए हैं। सरकार के खजाने से भी आ रहे हैं...ठेकेदारों से भी आ रहे हैं...उद्योगपतियों से भी आ रहे हैं। सबको अपने-अपने काम करवाने हैं। उनको खटपट से कुछ नहीं लेना देना है। उनको खटाखट करने वालों से काम निकलवाने हैं। इधर कुछ औरतें पार्टी दफ्तर में पहुंच गई हैं और खटखट करके दरवाजा खटखटा रही हैं कि पैसों की खटाखट अभी तक नहीं हुई है और चुनाव के नतीजे भी आ गए हैं। खटाखट कब होगी? लेकिन दरवाजा नहीं खुल रहा। भीतर से कोई आवाज नहीं आ रही। क्योंकि नारा देने वाले खजाने की चाबी से दूर हो गए हैं। जिनको खजाने की चाबी हाथ लग गई है, वे खटाखट की बात नहीं कर रहे क्योंकि गठबंधन की संस्कृति है। खटाखट की बजाय खटपट रोकना पहली प्राथमिकता हो गई है। गठबंधन वाले बीच-बीच में खटपट राग छोड़ रहे हैं। सरकार का एक हाथ माथे पर है और एक हाथ सिर पर है। पहली प्राथमिकता यह है कि खटपट नहीं होनी चाहिए। खटाखट जाए भाड़ में। खटाखट और खटपट शब्दों में सिर्फ एक मात्रा की कमी है, लेकिन दोनों के अर्थ अलग-अलग हैं। इनमें खटपट शब्द ज्यादा प्रचलन में है। घर घर की कहानी है। सास बहू की कहानी है। पति-पत्नी की कहानी है। बॉस और सहकर्मियों की कहानी है। मुख्यमंत्री और मंत्रियों की कहानी है। विधायक दल की कहानी है। भीतर ही भीतर खटपट चलती रहती है। कई बार यह खटपट किसी सरकार को खतरे में भी डाल देती है। सरकार के मुखिया खटाखट नोट गिन रहे होते हैं और इधर खटखट करके सरकार अल्पमत में आ जाती है। क्योंकि खटपट हो जाती है। सरकार को एक अधिनियम सदन में लाना चाहिए, ताकि खटखट पर भी विराम लग जाए और खटाखट की बात करना गैरकानूनी हो जाए। जब तक इन दोनों शब्दों की जुगलबंदी रहेगी, सरकार की सांस उखड़ी रहेगी...पब्लिक बेचारी हलकान रहेगी...लोकतंत्र परेशान रहेगा...नेता लोग दिशाहीन हो जाएंगे, एक पार्टी से निकलकर दूसरी पार्टी का दरवाजा खटखटाएंगे। इससे भी खटाखट होगी। जिस पार्टी में जाएंगे, वहां खटपट होगी। बड़ी लफड़ानात्मक स्थिति रहेगी। पब्लिक कंफ्यूज रहेगी। अफसरशाही एक-दूसरे को आंख मारती रहेगी। सबको अपनी-अपनी कुर्सी की रहेगी। अपनी अपनी पोस्टिंग की रहेगी। जनता के नुमाइंदे भिड़ते रहेंगे। खटपट होती रहेगी। चुनावी वायदे धूल फांकते रहेंगे। नए नारे ईजाद होते रहेंगे। खटाखट का मौसम निकल जाएगा और खटपट का मौसम सदाबहार रहेगा। हर दल की यही कहानी रहेगी।

> भारत को परमाणु बम की धमकी देने वाले पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था और रोजगारी गधों के भरोसे चल रही है। गधों की तादाद पाकिस्तान में बढ़ रही है। यह बढ़ती हुई तादाद पाकिस्तान के रोजगार के लिए प्राणवायु बनी हुई है। भारत जहां अपनी अर्थव्यवस्था में लगातार छलांग लगा हुए विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, वहीं पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चरमराई हुई है। पाकिस्तान आतंकी पालने, गरीबी, कंगाली के लिए विश्व में बदनाम है। गरीबी की हालत यह है कि पाकिस्तान को कर्ज चुकाने के लिए कर्ज लेना पड़ रहा है।

देश दुनिया से

# पाकिस्तान की आर्थिकी गधों के भरोसे

भारत नित नई टेक्नोलॉजी और अन्वेषण के जरिए अर्थव्यवस्था की तरक्की के परचम विश्व में फहराए हुए है, वहीं दुश्मनी का भाव रखने वाले पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था गधों के भरोसे टिकी हुई है। भारत को परमाणु बम की धमकी देने वाले पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था और रोजगारी गधों के भरोसे चल रही है। गधों की तादाद पाकिस्तान में बढ़ रही है। यह बढ़ती हुई तादाद पाकिस्तान के रोजगार के लिए प्राणवायु बनी हुई है। भारत जहां अपनी अर्थव्यवस्था में लगातार छलांग लगा हुए विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, वहीं पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चरमराई हुई है। पाकिस्तान आतंकी पालने, गरीबी, कंगाली के लिए विश्व में बदनाम है। गरीबी की हालत यह है कि पाकिस्तान को कर्ज चुकाने के लिए कर्ज लेना पड़ रहा है। इस हालत में गधे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था का सहारा बने हुए हैं। पाकिस्तान में गधा पालन प्रमुख मवेशी पालन बना हुआ है। इसी वजह से पाकिस्तान में हर साल गधों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। पाकिस्तान में हाल ही में साल 2023-24 का इकोनॉमिक सर्वे पेश किया गया। सर्वे में कई आंकड़े सामने आए, लेकिन चुंबक की तरह सबसे ज्यादा ध्यान खींचा गधों की आबादी के आंकड़ों ने। पाकिस्तान में गधों की संख्या लगभग एक लाख बढ़ी है। कुल गधों की संख्या अब 59 लाख के आसपास बताई जा रही है। सर्वे में यह भी बताया गया कि पाकिस्तान में गधों की संख्या में तो इजाफा हुआ है, लेकिन जीडीपी के निर्धारित लक्ष्य पीछे रह गए हैं। दुनिया में गधों की तीसरी सबसे बड़ी आबादी पाकिस्तान में है, जो इन जानवरों को चीन को निर्यात करके पैसा कमाने की योजना बना रहा है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने 11 जून को 2023-24 का इकोनॉमिक सर्वे पेश किया। सर्वे के अनुसार पिछले कुछ वर्षों के दौरान भार ढोने वाले गधों की आबादी देश में लगातार बढ़ी है। साल 2019-2020 में पाकिस्तान में गधों की संख्या 55 लाख के आसपास थी। वर्ष 2020-21 में यह बढक़र 56 लाख हो गई। 2021-22 में देश में 57 लाख गधे थे। वहीं 2022-23 में इनकी संख्या 58 लाख थी। पशुपालन पाकिस्तान की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार है। देश में 80 लाख से अधिक ग्रामीण परिवार पशुधन उत्पादन का काम करते हैं। गधों के आंकड़ों से इतर इकोनॉमिक सर्वे में पाकिस्तान की जीडीपी के आंकड़े भी बताए गए। रिपोर्ट के अनुसार सर्वे से पता चला कि पाकिस्तान 2023-24 वित्तीय वर्ष के अपने ग्रोथ रेट के लक्ष्य से पिछड़ गया। देश ने जीडीपी में 2.38 प्रतिशत की ग्रोथ हासिल की है, जबकि टारगेट 3.5 प्रतिशत ग्रोथ का था। रिपोर्ट में बताया गया कि ऐसा इंडस्ट्री और सर्विस सेक्टर के खराब प्रदर्शन के कारण हुआ है। इकोनॉमिक सर्वे के आंकड़ों के मुताबिक पाकिस्तान में कृषि के क्षेत्र में सबसे ज्यादा ग्रोथ देखने को मिली है, जिसने 6.25 प्रतिशत की वृद्धि की है, जबकि लक्ष्य 3.5 प्रतिशत का रखा गया था। औद्योगिक क्षेत्र में ग्रोथ 1.21 प्रतिशत रही, जबकि सर्विस सेक्टर ने 1.21 प्रतिशत की ग्रोथ हासिल की। कृषि क्षेत्र में मजबूत ग्रोथ देखने को मिली, जो कि पिछले 19 सालों में सबसे अधिक है। देश में राजकोषीय घाटा 3.7 प्रतिशत दर्ज किया गया। यह पिछले साल के बराबर रहा। वहीं व्यापार घाटा 4.2 प्रतिशत बना रहा। प्रति व्यक्ति आय की बात करें तो पिछले वर्ष के एक लाख 24 हजार रुपए की तुलना में यह लगभग 10 हजार रुपए बढ़ी है। यह अब एक लाख 34 हजार रुपए हो गई है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री ने बताया कि सरकार घाटे में चल रहे सरकारी उद्यमों को अपने नियंत्रण से बाहर करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार राष्ट्रीय विमान सेवा, पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस का निजीकरण करने का प्लान बना रही है। पीईएस में जारी आंकड़ों से पता चलता है कि बोझ ढोने वाले जानवरों में घोड़े और खच्चरों की संख्या में पिछले पांच वर्षों में कोई खास बदलाव नहीं आया है तथा यह क्रमशः चार लाख और दो लाख है। गधे कई पाकिस्तानियों की आखिरी उम्मीद हैं। खास करके उन लोगों के लिए जो ग्रामीण इलाकों में रहते हैं। ग्रामीण इलाकों में अर्थव्यवस्था इन जानवरों के साथ गहरे से जुड़ी हुई है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब द्वारा जारी किए गए इस सर्वेक्षण में अन्य पशुधन का भी ब्यौरा दिया गया है। देश में ऊंटों की संख्या जो पिछले चार वर्षों से स्थिर थी, अब बढ़ गई है। इनकी संख्या पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 11 लाख से बढक़र 12 लाख हो गई है। पशुपालन पाकिस्तान की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। 80 लाख से अधिक ग्रामीण परिवार पशुधन उत्पादन में लगे हुए हैं। पाकिस्तान के सीनेटर अब्दुल कादिर का कहना है कि चीनी राजदूत ने पाकिस्तान से कई बार मांस का निर्यात करने को कहा है। अपने सुझाव में सीनेटर मिर्जा अफरीदी का कहना है कि चूंकि अफगानिस्तान में जानवर काफी सस्ते हैं, इसलिए पाकिस्तान वहां से इनका आयात कर सकता है और फिर इन जानवरों के मांस को चीन को निर्यात कर सकता है। हालांकि वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारियों ने कमिटी को जानकारी दी कि जानवरों में लंपी त्वचा रोग के फैलने की वजह से अफगानिस्तान से उनके आयात पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके साथ ही अगर जानवरों के निर्यात की बात करें, तो स्टैंडिंग कमिटी ने पांच निर्यात सेक्टर से बिजली सब्सिडी हटाए जाने को लेकर चिंता व्यक्त की है। पाकिस्तान के वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारियों ने सीनेट स्टैंडिंग कमिटी को बताया है कि चीन पाकिस्तान से गधों का आयात करने में दिलचस्पी दिखा रहा है। चीन मांस के निर्यात के लिए एक बड़ा बाजार है। स्टैंडिंग कमिटी के एक सदस्य का कहना है कि चीन ने पाकिस्तान से गधों के साथ-साथ कुत्ते भी निर्यात करने को कहा है। पाकिस्तानी गधों की सबसे ज्यादा मांग चीन में है। चीन में गधे की खाल की मांग बहुत ज्यादा है। गधों की खाल से बने उत्पादों की चीन में काफी खपत है। गधों की खाल में जिलेटिन प्रोटीन की ज्यादा मात्रा होती है। जिलेटिन प्रोटीन का शक्तिवर्धक दवाइयों में इस्तेमाल होता है। वर्ष 2019 में गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, माना जाता है कि जिलेटिन में इम्युनिटी को बढ़ावा देने वाले गुण होते हैं। पाकिस्तान हर साल चीन को करीब पांच लाख गधे बेचता है और एक गधे की कीमत 15-20 हजार रुपए होती है। पाकिस्तान सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था में मदद करने के लिए गधों का निर्यात करने के इरादे से पंजाब प्रांत के ओकारा जिले में 3000 एकड़ से अधिक का एक फार्म भी स्थापित किया था। गधों की सबसे ज्यादा आबादी चीन में है। जिनपिंग के देश चीन में 90 लाख से ज्यादा गधे हैं। चीन पहले अपने गधों का स्टॉक नाइजर और बुर्किना फासो से आयात करता था। लेकिन इन दोनों देशों पर प्रतिबंध लगने के बाद चीन पाकिस्तान से गधे मंगा रहा है।

आप का नजरिया

# कोर्ट में खून के धब्बे

जिन्हें भ्रम है कि हिमाचल भोले भाले लोगों की जन्नत है, वे बिलासपुर कोर्ट में गिरे खून के धब्बे देख लें। वहां कानून था और कानून व्यवस्था की पहरेदारी में हिमाचल भी था, लेकिन एक पल में छलनी कर गईं गोलियां। ये गोलियां एक व्यक्ति के सीने के आर पार करने को नहीं थीं, बल्कि कानून के सामने अंधे कानून की लाचारी में सबूतों पर भारी थीं। अदालत के बाहर पेशी पर आए घुमारवीं के एक व्यक्ति पर साधा गया निशाना पहला भी नहीं है, बीबीएन की पेशियों में अब लठैत इसी तरह घूमने लगे हैं। कितनी मुश्किल है कानून की शरण और सीढ़ी कि बिलासपुर का अदालत परिसर कानून व्यवस्था का इम्तिहान कक्ष हो गया। लुधियाना से एक शूटर को किसने मंगवाया और पेशी में आया गवाह निशाने पर आ गया, इसके कई मोल तोल और कई घातक मसौदे हैं। विडंबना यह कि हिमाचल में कानूनी पहरों की अनदेखी अब अदालत के मुहाने पर आकर अंडरवल्र्ड की शिनाख्त कर रही है। हिमाचल का रिपोर्ट कार्ड अब अपराध की सुर्खियों से ध्वस्त हो रहा है, जहां समाज, सरकार और व्यवस्था की चीरफाड़ स्वाभाविक हो जाती है। हिमाचल में प्रति एक लाख लोगों पर 2021 के मुकाबले 2022 तक ही अपराध दर 177.8 प्रतिशत बढ़ गई और इसी को प्रमाणित करता घटनाक्रम अदालत के सामने हाजिरी लगा रहा है। प्रदेश और समाज की व्यस्थताएं व प्राथमिकताएं अपनी-अपनी बढ़ोतरी दर में करामात कर रही हैं, लेकिन किसी को यह एहसास नहीं कि हमारी राज्य के प्रति जवाबदेही है क्या। सरकारों के कामकाज का तरीका अब समाज को लाभान्वित तथा यथार्थ से दूर रखने का है, इसलिए सरकारी यंत्र और तंत्र व्यस्त हैं ताकि किसी तरह के मनमोहक भाव व लाग लपेट की भाषा से जख्म भर जाएं। हम बिलासपुर के अपराध को एक घटनाक्रम मान कर चलता कर देंगे। वहीं से कानून-व्यवस्था की कुछ अस्थियां चुनेंगे और समय के साथ उनका विसर्जन कर देंगे। पर्यटक सीजन को ही लें तो इसके व्यापारिक उद्देश्यों के नीचे एक बड़ा माफिया तंत्र राज्य की तस्वीर को बिगाड़ रहा है। तरक्की के हर सिक्के के नीचे हिमाचल ने अपनी कानून व्यवस्था को लचर बना लिया है। इंदौरा में नकाबपोश व्यवसायी पर हथियारों से हमला करते हैं, तो चौपाल में एक साथ ग्यारह छात्राओं के साथ छेड़छाड़ हो जाती है। अगर आप सक्षम हैं और राजनीति में दम रखते हैं, तो कायदे-कानून आपके कदमों में नतमस्तक हैं। यही हाल जनता का है जो चंडीगढ़ में पहुंच कर तो ट्रैफिक नियमों के पालन में सभ्य और शिष्टाचारी हो जाती है, लेकिन प्रदेश की सडक़ों पर लौटकर कहर का रौब जमाती है। अगर एसपी तक के घर से सोने की अंगूठी गायब हो जाती है, तो तरस किस पर खाएं। घटनाएं हमारे फलक पर आकर चेतावनी दे रहीं, मगर हम हैं कि इन्हें चुनौती नहीं मानते। कभी पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने कहा था कि हिमाचल में माफिया संगठित हो रहा है, अब यह साबित भी होने लगा है। पर्यटन की चादर के नीचे कौन दुबका है या बहती नदी के किनारों को कौन लूट रहा है, यह जाने बिना हमें मुगालता है कि सब सही चल रहा है।

# इजरायल ने किए ताबड़तोड़ धमाके, 42 फिलिस्तीनियों की मौत



**गाजा, 23 जून (एजेंसियां)।** गाजा में लगातार इजरायली हमले हो रहे हैं। हजारों लोगों की जान जा चुकी है। बीते रोज शहर के अलग अलग इलाकों में धमाके हुए हैं जिसमें 42 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई इजरायली युद्धक विमानों ने अल-शती शरणार्थी शिविर पर हमला किया जिसमें लगभग 18 लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। चिकित्सा सूत्रों ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की संभावना है। नागरिक सुरक्षा दल अभी भी शव और घायलों को मलबे से निकालने की कोशिश कर रहे हैं। शिविर खंडहर में बदल गया है।

इजरायली सेना ने गाजा में हमास के एक वरिष्ठ कमांडर राएद साद को निशाना बनाया। अभी तक, उसकी मौत की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। हमास के संचालन के प्रमुख के रूप में पहचाने जाने वाले साद के बारे में माना जाता है कि वह मार्च में इजरायली छापे के दौरान गाजा शहर के अल-शिफा अस्पताल में था, लेकिन उस समय वह वहां नहीं मिला। गाजा में स्वास्थ्य अधिकारियों ने एक प्रेस बयान में कहा कि गुरुवार तक इजरायली सैन्य अभियानों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 37,431 हो गई है, जबकि 85,653 अन्य घायल हुए हैं। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि इजरायली युद्धक विमानों के अल-शती शरणार्थी शिविर पर हमले में सात घर नष्ट हो गए। हमास ने एक प्रेस बयान में कहा कि एक अन्य घटना में शनिवार को गाजा शहर के उत्तर-पूर्व में अल-तुफ्फाह में घरों पर इजरायली हवाई हमलों के दौरान महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 24 फिलिस्तीनी मारे गए। इजरायली सेना ने शनिवार को एक प्रेस बयान में कहा कि उसके युद्धक विमानों ने गाजा शहर में हमास के दो सैन्य बुनियादी ढांचे पर हमला किया।

## न्यूज ब्रीफ

### तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा स्विट्ज़रलैंड पहुंचे, घुटने की सर्जरी के लिए जाएंगे अमेरिका



**ज्यूरिख।** तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा स्विट्ज़रलैंड के ज्यूरिख पहुंच गए हैं। दलाई लामा अपने घुटने की सर्जरी करवाने के लिए ज्यूरिख से अमेरिका के लिए आज रवाना होंगे। तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा घुटने की सर्जरी के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका जाने के लिए 21 जून को धर्मशाला से नई दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। बड़ी संख्या में तिब्बती उन्हें शुभकामनाएं देने के लिए कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचे थे। एक दिन दिल्ली में रहने के बाद वे स्विट्ज़रलैंड के ज्यूरिख पहुंच गए। यहां से आज अमेरिका के लिए रवाना होंगे। ज्यूरिख पहुंचने पर एक होटल में पारंपरिक तिब्बती तरीके से उनका स्वागत करते हुए गानों और नृत्य की प्रस्तुति दी गई। तिब्बती आध्यात्मिक गुरु को देखने के लिए होटल की लॉबी में उनके शुभचिंतकों बड़ी संख्या में पहुंचे। बड़ी संख्या में सड़कों पर उनके शुभचिंतक देखे गए। उल्लेखनीय है कि इसी हफ्ते की शुरुआत में माइकल मैककॉल के नेतृत्व में एक द्विदलीय अमेरिकी कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने धर्मशाला में दलाई लामा से मुलाकात की थी। प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा रहीं पूर्व अमेरिकी सदन अध्यक्ष नैंसी पेलोसी ने तिब्बत के लोगों के लिए कांग्रेस के समर्थन की दृढ़ता से पुष्टि की।

### नेपाल सरकार से नियुक्त दक्षिण कोरिया के राजदूत सुशील प्याकुरेल ने ठुकराया पद

**काठमांडू।** दो दिन पहले नेपाल सरकार द्वारा सिफारिश किए गए 8 राजदूतों में से एक ने यह पद लेने से इंकार कर दिया है। दक्षिण कोरिया के लिए राजदूत नियुक्त किए गए सुशील प्याकुरेल ने सरकार की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए पद को ठुकराने की बात कही है। प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट बैठक में भारत, अमेरिका, यूके, इजराइल, दक्षिण कोरिया सहित आठ देशों में राजदूत नियुक्ति की सिफारिश करने का फैसला लिया गया था। इनमें से दक्षिण कोरिया के लिए राजदूत नियुक्त किए गए सुशील प्याकुरेल ने सरकार से इस सिफारिश को वापस लेने का अनुरोध किया है। प्याकुरेल पूर्व राष्ट्रपति विद्या भंडारी के प्रमुख सलाहकार रह चुके हैं तथा मानवाधिकार संबंधी गैर सरकारी संगठन से जुड़े हैं। सुशील प्याकुरेल ने प्रधानमंत्री प्रचंड को भेजे पत्र में लिखा है कि बिना उनसे संपर्क और सलाह के ही उनकी नियुक्ति की गई है, जो सही नहीं है। सरकार की तरफ से राजदूत पद के लिए सिफारिश की प्रक्रिया पर सवाल खड़े करते हुए उन्होंने लिखा है कि बिना किसी योग्यता और क्षमता के तथा बिना संबंधित देश की राजनीतिक भौगोलिक, आर्थिक, भूराजनीतिक ज्ञान के किसी भी व्यक्ति को उस देश में सिर्फ राजनीतिक आस्था के आधार पर भेजना ठीक नहीं है। नेपाल सरकार ने दो दिन पहले आठ राजदूतों में से एमाले पार्टी को 5, माओवादी के कोटे से 1, जनता समाजवादी पार्टी के कोटे से 2 राजदूतों की नियुक्तियां

### यूक्रेन के हमलों से ज़ापोरीज़िया परमाणु ऊर्जा संयंत्र खतरे में,रुस कर सकता है बड़ी कार्रवाई



**मॉस्को।** रुस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध अब अपने परिणाम की ओर बढ़ता नजर आ रहा है। दरअसल यूक्रेन ने ड्रोन हमले तेज कर दिए हैं, जिससे रुस खासा नाराज है और आशंका जाहिर की है कि इससे उसके परमाणु ऊर्जा संयंत्र को खतरा हो सकता है। इसके बाद रुस बड़ी कार्रवाई करने की स्थिति में आ गया है। जानकारी अनुसार यूकेन के ड्रोन हमलों से परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर खतरा मंछरा रहा है। ज़ापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र (जेडएनपीपी) के गृह नगर एनरगोडार पर यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने हाल ही में ड्रोन हमले किए था। इन हमलों से परमाणु सुविधा की सुरक्षा के बारे में गंभीर चिंताएं खड़ी हो गईं हैं। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि ड्रोन हमलों के चलते अनेक जगह की बिजली गुल हो गई थी। जेडएनपीपी के निदेशक यूरी चेर्निचुक का इस संबंध में कहना है कि शुक्रवार को रेडुगा सबस्टेशन पर ड्रोन हमले हुए जिस कारण जेडएनपीपी के कई डिवीजनों में बिजली चली गई, प्रभावित क्षेत्रों में प्रिंटिंग हाउस, पीने के पानी की आपूर्ति करने वाले पंप स्टेशन और उत्पादन और तकनीकी उपकरण प्रबंधन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यह हमला स्टेशन के संचालन के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर सीधा किया गया है।

### नेपाल सरकार के मुख्य सचिव के खिलाफ भ्रष्टाचार मामले में चार्जशीट दाखिल

**काठमांडू।** नेपाल सरकार के मुख्य सचिव के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में आरोप पत्र दायर किया गया है। रेवेन्यू स्टीकर छापने को लेकर हुए आर्थिक अनियमितता पर जांच पूरी करने के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो की तरफ से चार्जशीट दाखिल की गई थी। ब्यूरो के आयुक्त जयबहादुर चन्द ने कहा कि मुख्य सचिव बैकुंठ अर्याल पर उनके संचार सचिव रहते हुए सिक्योरिटी प्रिटिंग प्रेस खरीद मामले और रेवेन्यू स्टीकर की छपाई के मामले में भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया गया है। इस मामले में मुख्य सचिव के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो ने विशेष अदालत में चार्जशीट दायर की है। यह पहला मौका है जब ब्यूरोक्रेसी के सबसे बड़े अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप लगा है। नेपाल की संवैधानिक व्यवस्था के मुताबिक किसी भी अदालत में चार्जशीट दायर होते ही पद स्वत: निलम्बित हो जाता है।

## संसद के ऊपरी सदन ने विधेयक को दी मंजूरी

# ताजिकिस्तान में घनी दाढ़ी के बाद अब हिजाब पर लगा प्रतिबंध

**दुशांबे, 23 जून (एजेंसियां)।** मध्य एशियाई देश ताजिकिस्तान ने संसद के ऊपरी सदन द्वारा विधेयक को मंजूरी देने के बाद हिजाब प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर ली है। रिपोर्ट के अनुसार, यह विधेयक संसद के ऊपरी सदन मजलिसी मिल्ली के 18वें सत्र के दौरान पारित किया गया, जिसकी अध्यक्षता इसके प्रमुख रुस्तम इमोमाली ने की।



### निचले सदन ने दी विधेयक को मंजूरी

अपने विधेयक में, मिल्ली ने दो सबसे महत्वपूर्ण इस्लामी त्यौहारों - ईद-उल-फितर और ईद-उल-अज़हा के लिए विदेशी परिधान और बच्चों के जश्न पर प्रतिबंध लगा दिया। इन मुस्लिम त्यौहारों को ईदगरदक के नाम से जाना जाता है, जिसके दौरान बच्चे लोगों को बधाई देने के लिए अपनी गलियों में घरों में जाते हैं। 8 मई को, देश की संसद के निचले सदन मजलिसी नमोयंदगोन ने विधेयक को मंजूरी दे दी। यह पारंपरिक परिधानों, विशेष रूप से हिजाब, जो एक इस्लामी सिर का दुपट्टा है, पर लक्षित है।

### प्रशासनिक उल्लंघन संहिता में संशोधन को मंजूरी

यह घटनाक्रम मजलिसी नमोयंदगोन द्वारा प्रशासनिक उल्लंघन संहिता में संशोधन को मंजूरी दिए जाने के बाद हुआ है। नए संशोधनों के अनुसार, कानून का उल्लंघन करने पर भारी जुर्माना लगाया जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, सांसदों ने अपराधियों के लिए जुर्माना लगाया है, जो व्यक्तियों के लिए 7,920 सोमोनी से लेकर कानूनी संस्थाओं के लिए 39,500 सोमोनी तक है। इसके अलावा, सरकारी अधिकारियों और धार्मिक अधिकारियों पर दोषसिद्धि होने पर क्रमश: 54,000 सोमोनी से लेकर 57,600 सोमोनी तक का जुर्माना लगाया जाता है।

### कई वर्षों के अनौपचारिक प्रतिबंध के बाद आया बिल

हिजाब पर ताजिकिस्तान का आधिकारिक प्रतिबंध कई वर्षों के अनौपचारिक प्रतिबंध के बाद आया है। देश ने अनौपचारिक रूप से घनी दाढ़ी पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। 2007 में, शिक्षा मंत्रालय ने छात्रों के लिए इस्लामी परिधान और पश्चिमी शैली की मिनीस्कर्ट दोनों पर प्रतिबंध लगाया था और बाद में प्रतिबंध को सभी सार्वजनिक संस्थानों तक बढ़ा दिया था। हाल के वर्षों में, ताजिक सरकार ने ताजिक राष्ट्रीय पोशाक पहनने को प्रोत्साहित करने के लिए एक अभियान शुरू किया है, जैसा कि 2018 में जारी ताजिकिस्तान में अनुशंसित पोशाकों की गाइडबुक में बताया गया है।

2017 में, कई मोबाइल फोन उपयोगकर्ताओं को सरकार से संदेश मिले, जिसमें महिलाओं से ताजिक राष्ट्रीय पोशाक पहनने का आग्रह किया गया था।

# पाक पीएम शहबाज शरीफ ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने का किया आह्वान



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में तालिबान प्रायोजित आतंकियों के पैर जमाने के बीच पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि आतंकवाद से लड़ना सभी संस्थाओं की सामूहिक जिम्मेदारी है। एनएपी की बैठक को संबोधित करते हुए शरीफ ने कहा कि प्रांतों को भी देश में आतंकवाद से निपटने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। यह शीर्ष समिति देश से आतंकवाद को खत्म करने के उपायों के कार्यान्वयन की देखरेख करने वाली सर्वोच्च संस्था है।

पीएम ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई हमारा सामूहिक कर्तव्य और देश की सभी संस्थाओं का प्राथमिक दायित्व है। यह आपके और मेरे बारे में नहीं, बल्कि हमारे बारे में है। हमें इसे मिलकर खत्म करना होगा। 16 दिसंबर, 2014 को पेशावर स्कूल हमले के मद्देनजर आतंकवाद को खत्म करने के लिए 20 सूत्री एनएपी एजेंडा सरकार द्वारा अपनाया गया था और विपक्षी दलों द्वारा अनुमोदित किया था। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान पिछले ढाई दशकों से आतंकवाद का सामना कर रहा है और अपराध, मादक पदार्थ, तस्करी, उग्रवाद और धार्मिक आतंकवाद की संलिप्तता के कारण इससे निपटना जटिल है। शीर्ष समिति की बैठक ऐसे समय में हुई जब पाकिस्तान ने हाल में आतंकवादी कृत्यों में बढ़ोतरी का सामना किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान में 2023 के दौरान 789 आतंकवादी हमलों और आतंक-रोधी अभियानों में 1,524 मौतें हुईं और 1,463 लोग घायल हो गए।

### हमले में पांच सैनिक ढेर

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवादियों के हमले में पांच सैनिकों की मौत हुई है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा ने बताया कि कुर्रम जिले में सुरक्षा बलों के वाहन पर विस्फोट किया गया। हमले में मारे गए सैनिकों की उम्र 24 से 33 वर्ष के बीच थी। फिलहाल किसी आतंकवादी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

# इजरायली सेना की दरिंदगी, घायल को बोनट पर बांधकर शहर में घुमाया

**जेनिन, 23 जून (एजेंसियां)।** इजराइल और हमास के बीच युद्ध खत्म नहीं हो रहा है और यह युद्ध क्रूरता की हदें पार कर रहा है। इजरायली रक्षा बलों की दरिंदगी और हैवानियत लगातार दुनिया के सामने आ रही हैं। इजरायली सैन्य बलों ने पहले राहत शिविरों में सो रहे मासूमों पर बम बरसाकर उन्हें मौत की नींद सुला दिया और तबाही मचाई।



अब एक और घटना ने आईडीएफ के दावों की पोल खोल दी है। शनिवार को अपने कब्जे वाले पश्चिमी तट के शहर जेनिन में इजरायली रक्षा बलों ने एक घायल फिलिस्तीनी व्यक्ति को जीप के बोनट पर बांधकर शहर में घुमाया। इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। और लोग इजराइल सेना की क्रूरता की निंदा कर रहे हैं। घटना सामने आने के बाद इजरायल ने मामले में जांच शुरू करने का आदेश दिया है।

इजरायली रक्षा बलों की दरिंदगी दिखा रहे इस वीडियो में दिख रहा है कि एक फिलिस्तीनी युवक मुजाहिद आज़मी है, उसे एक जीप के बोनट पर बांधकर घुमाते हुए देखा जा सकता है। जीप दो एंबुलेंस को पार करते हुए आगे बढ़ते दिखाई दे रही है। उधर, इज़रायली सेना ने कहा कि उसके सैन्य बलों पर गोलीबारी की गई और दोनों ओर से गोलीबारी हुई, जिसमें एक संदिग्ध घायल हो गया और उसे पकड़ लिया। सैनिकों ने सैन्य प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया। बयान में कहा गया है कि घटना के वीडियो में दिख रहे बलों का आचरण इजरायली सेना के मूल्यों के अनुरूप नहीं है और इस घटना की जांच की जाएगी तथा उससे निपटा जाएगा। सेना ने बताया कि व्यक्ति को उपचार के लिए चिकित्सकों के पास भेजा है।

उधर, आज़मी के परिवार के मुताबिक छापेमारी के दौरान यह घटना हुई। उनका कहना है कि आजमी की गिरफ्तारी के लिए इजरायली सेना बड़ी संख्या में जबरन उनके घर में घुस गई। गोलीबारी के दौरान वह घायल हो गए। जब परिवार ने एम्बुलेंस की मांग की तो सेना जबरन उसे जीप के बोनट पर बांधकर अपने साथ ले गई।

# नौकरों के शोषण का मामलाः हिंदुजा परिवार बरी, शिकायतकर्ताओं ने वापस लिए आरोप

**लंदन, 23 जून (एजेंसियां)।** भारतीय मूल के बिजनेसमैन ब्रिटेन के सबसे अमीर हिंदुजा परिवार के 4 सदस्यों को नौकरों के शोषण मामले में सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है। एक दिन पहले 21 जून को निचली अदालत ने हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को जेल की सजा सुनाई थी। अब ऊपरी अदालत ने 22 जून को इस परिवार के सदस्यों को सभी आरोपों से बरी कर दिया।



निचली अदालत के फैसले में प्रकाश हिंदुजा और उनकी पत्नी कमल हिंदुजा को साढ़े चार साल की सजा मिली थी। उनके बेटे अजय और बहू नम्रता को चार साल की सजा सुनाई गई थी। उनके मैनेजर नजीब जियाजी को भी 18 महीने की सजा हुई थी। परिवार ने फैसले को उच्च अदालत में चुनौती दी थी।

हिंदुजा परिवार के प्रवक्ता के मुताबिक उच्च अदालत ने सभी गंभीर आरोप खारिज कर दिए हैं। प्रवक्ता के मुताबिक शिकायतकर्ताओं ने आरोप वापस ले लिए हैं। अदालत को उन्होंने बताया कि उन्हें ऐसे बयानों पर साइन करने के लिए गुमराह किया गया था, जिन्हें वे नहीं समझते थे। उनका न तो ऐसा इरादा था और न उन्होंने ऐसी कार्यवाही शुरू की थी।

उल्लेखनीय है कि प्रकाश हिंदुजा, कमल, अजय और बहू नम्रता पर आरोप हैं कि उन्होंने स्विट्जरलैंड के जिनेवा स्थित अपने बंगले में काम करने वाले कामगारों का शोषण और गैरकानूनी तरीके से कर्मचारियों को काम पर रखा। उन्हें कम वेतन पर 18 घंटे तक काम कराया गया। उन्हें बहुत कम या बिल्कुल भी छुट्टी नहीं दी जाती थी तथा स्विस कानून के तहत अपेक्षित वेतन के दसवें हिस्से से भी कम था।

## अमेरिका के अधिकतर हिस्से में भीषण गर्मी का कहर जारी, दूसरी तरफ

# बाढ़ से आयोवा में लोग घर छोड़कर जाने को मजबूर




**वॉशिंगटन, 23 जून।** अमेरिका के आयोवा राज्य में कई दिन से हो रही बारिश के कारण आई बाढ़ से लोगों को अपने घर को छोड़ कर सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा है, वहीं अमेरिका के अधिकांश हिस्से अब भी भीषण गर्मी का सामना कर रहे हैं। आयोवा के रॉक वैली में सुबह 2 बजे सायरन बजने लगे और लोगों को घर छोड़ कर सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए कहा गया और उन्हें बताया गया कि क्षेत्र की नदी रॉक में बारिश के कारण जलस्तर बढ़ गया है और यह तटों को तोड़ते हुए शहर में घुस रहा है। मेयर केविन वान ओटरलू ने कहा कि एक सरकारी हेलीकॉप्टर मदद के लिए आ रहा था लेकिन यह देखा गया कि नावें जलमग्न इलाकों में निवासियों तक पहुंचने में सक्षम हैं तो उसे वापस बुला लिया गया। उन्होंने कहा कि हमारे यहां बहुत बारिश हुई है। कल रात डेढ़ घंटे में चार इंच बारिश हुई। गवर्नर किम रेनॉल्ड्स ने उत्तरी आयोवा के 21 काउंटी के लिए आपदा की घोषणा की है, जिसमें सिउक्स काउंटी भी शामिल है और रॉक वैली उसी में आता है। स्थानीय शेरिफ ने ड्रोन से लिए गए वीडियो पोस्ट किए जिसमें कोई सड़क दिखाई नहीं दे रही, केवल छतें और पेड़ों की चोटियां पानी से ऊपर दिखाई दे रही हैं। अमेरिका के अन्य हिस्सों में तेज गर्मी और उमस के हालात हैं।

राष्ट्रीय मौसम सेवा ने कहा कि लगभग डेढ़ करोड़ लोग ऐसे स्थानों पर हैं जहां के लिए गर्मी की चेतावनी जारी की गई है वहीं नौ करोड़ लोग ऐसे स्थान पर हैं जहां के लिए गर्मी की थोड़ी कम स्तर की चेतावनी जारी की गई है।

### वाशिंगटन, रिचमंड वर्जीनिया में 37.8 डिग्री सेल्सियस तापमान

देश भर में लाखों लोगों का जीवन तेज गर्मी के कारण अस्त-व्यस्त हो गया है। वाशिंगटन और रिचमंड, वर्जीनिया में लगभग 100 डिग्री फारेनहाइट (37.8 डिग्री सेल्सियस) तापमान का पूर्वानुमान व्यक्त गया है, जबकि फिलाडेल्फिया, न्यू जर्सी और डेट्रॉयट में 90 डिग्री सेल्सियस तापमान रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है।





# भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल को बड़ी सफलता, पुरुष सिंगल्स वर्ग में करेंगे प्रतिनिधित्व

**नई दिल्ली, 23 जून (एजेंसियां) ।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल ने पुष्टि करते हुए बताया कि वह अगले महीने से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए आधिकारिक रूप से क्वालिफाई कर गए हैं। नागल इन खेलों में पुरुष सिंगल्स वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। नागल दूसरी बार ओलंपिक में हिस्सा लेंगे, इससे पहले वह टोक्यो 2020 में भी खेलने उतरे थे जहां उन्हें दूसरे दौर में हार का सामना करना पड़ा था।

### नागल ने सोशल मीडिया पर दी जानकारी

मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मैंने पेरिस ओलंपिक के लिए आधिकारिक रूप से क्वालिफाई कर लिया है। यह मेरे लिए एक यादगार क्षण है क्योंकि ओलंपिक मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है। मेरे अब तक के करियर का एक महत्वपूर्ण पल टोक्यो ओलंपिक में भाग लेना था। तब से मैंने पेरिस मेरे लिए एक बड़ा लक्ष्य रहा है। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने कहा कि आईटीएफ के अनुसार 10 जून को क्वालीफिकेशन के लिए जब खिलाड़ियों की रैंकिंग पर विचार किया गया था तब नागल वैकल्पिक खिलाड़ियों की सूची में थे।

### बोपन्ना-बालाजी डबल्स में पेश करेंगे चुनौती

रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी पेरिस खेलों में पुरुष डबल्स स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करेंगे। शीर्ष-10 खिलाड़ी होने के नाते बोपन्ना के पास अपना जोड़ीदार चुनने का विकल्प था। एआईटीए ने उनकी पसंद को मंजूरी दे दी और उन्हें बालाजी के साथ जोड़ा। नागल ने इस महीने की शुरुआत में हीलब्रॉन चैलेंजर जीतकर क्वालीफिकेशन की संभावना बढ़ा ली थी क्योंकि वह एटीपी सिंगल्स रैंकिंग के शीर्ष 80 में पहुंच गए थे। हीलब्रॉन की जीत इस सत्र में नागल का दूसरा चैलेंजर खिताब था, उन्होंने इस साल की शुरुआत में चेन्नई चैलेंजर में जीत हासिल की थी।

### नागल के लिए अच्छा रहा है 2024

इस 26 साल के खिलाड़ी के लिए 2024 सत्र अच्छा रहा है। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई और विश्व रैंकिंग में 37वें स्थान पर काबिज अलेक्जेंडर बुब्लिक को शुरुआती दौर में हराकर उलटफेर किया था। उन्होंने इंडियन वेल्स मास्टर्स और मोंटे कार्लो मास्टर्स जैसी एटीपी 1000 स्पर्धा के मुख्य ड्रॉ के लिए भी क्वालिफाई किया था।

## न्यूज़ ब्रीफ

### इंग्लैंड टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में



### 9.4 ओवर में चेज किया 116 रन का टारगेट, क्रिस जॉर्डन ने हैट्रिक ली

**ब्रिजटाउन, 23 जून (एजेंसियां)।** इंग्लैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप में अपने आखिरी सुपर-8 मुकाबले में अमेरिका को 10 विकेट से हराया। इंग्लिश टीम ने 116 रन का टारगेट 9.4 ओवर में ही चेज कर लिया। इस जीत के साथ डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड टी-20 वर्ल्ड कप में सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर गई। इंग्लैंड सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी है। ऐसे में ग्रुप-2 का आखिरी मैच नॉकआउट हो गया है। इसे जीतने वाली टीम टॉप-4 में पहुंच जाएगी।

ब्रिजटाउन में इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर फील्डिंग का फैसला किया।

इंग्लिश गेंदबाजों ने कप्तान बटलर के फैसले को सही साबित करते हुए अमेरिकी टीम को 18.5 ओवर में 115 रन पर ऑलआउट कर दिया। फिर कप्तान जोस बटलर और फिल सॉल्ट की ओपनिंग जोड़ी ने 116 रन का टारगेट महज 9.4 ओवर में ही चेज कर लिया।

इंग्लैंड की ओर से क्रिस जॉर्डन ने हैट्रिक ली। उन्होंने 19वें ओवर में कोरी एंडरसन, अली खान, नोशतुश केंजीगे और सौरभ नेत्रवल्कर के विकेट लिए। वे इस वर्ल्ड कप में हैट्रिक लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए हैं।

उनसे पहले पैट कमिंस दो बार यह कारनामा कर चुके हैं। रन चेज में कप्तान जोस बटलर ने 38 बॉल पर 6 चौके और 7 छक्कों के सहारे नाबाद 83 रन बनाए, जबकि फिल सॉल्ट ने 21 बॉल पर दो चौकों की मदद से नाबाद 25 रन बनाए। दोनों के बीच 59 बॉल पर नाबाद 117 रन की ओपनिंग साझेदारी हुई।

अमेरिका की ओर से नीतीश कुमार ने सबसे ज्यादा 30 रन बनाए। कोरी एंडरसन ने 29 रन की पारी खेली। जॉर्डन के अलावा, आदिल रशीद और सैम करन ने 2-2 विकेट झटके, जबकि रीस टॉप्ली और लियाम लिविंगस्टोन को एक-एक विकेट मिला।

### ज्योति-अदिति और परनीत की महिला कम्पाउंड टीम ने रचा इतिहास, विश्व कप में लगाई स्वर्ण पदकों की हैट्रिक



**अंताल्या (तुर्की) ।** भारतीय तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की कम्पाउंड महिला टीम ने इस सत्र में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां तीसरे चरण में एस्टोनिया पर जीत से विश्व कप में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगायी, जबकि प्रियांश को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। शीर्ष वरीयता प्राप्त इस तिकड़ी ने यहां एकतरफा फाइनल में एस्टोनिया की लिसेल जाटमा, मीरी मैरिटा पास और मैरिस टेट्समैन को 232-229 से हराया। भारत की महिला कम्पाउंड टीम ने अप्रैल में शंघाई और और मई में येचियोन में क्रमशः विश्व कप के पहले चरण और दूसरे चरण के स्वर्ण पदक जीते थे। इस तरह टीम इस सत्र में अपराजेय रही है।

# टी20 विश्वकप : भारतीय टीम सुपर आठ के तीसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचने उतरेगी

**ग्रोस आइलेट, 23 जून (एजेंसियां) ।**

**भारतीय टीम टी20 विश्वकप क्रिकेट के सुपर आठ के तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगी। भारतीय टीम ने अब तक सुपर आठ में अपने दोनो ही मुकाबले जीते हैं जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। भारतीय टीम ने पहले अफगानिस्तान और फिर बांग्लादेश को हराया है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहले मैच में बांग्लादेश को हराया था पर दूसरे मैच में उसे अफगानिस्तान के हाथों हार का सामना करना पड़ा है जिससे उसका मनोबल गिरा है।**



अफगानिस्तान से हारने के बाद अब ऑस्ट्रेलिया की सेमीफाइनल की राह भी कठिन हो गयी है। उसे सेमीफाइनल में पहुंचनले के लिए भारतीय टीम के खिलाफ जीत के साथ ही ये भी उम्मीद करनी होगी कि अफगानिस्तान टीम बांग्लादेश से हार जाए। भारतीय टीम में इस मैच के लिए बदलाव की उम्मीद नहीं है कयोंकि अफगानिस्तान के खिलाफ बल्लेबाजों के साथ ही गेंदबाजों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया था। कप्तान रोहित शर्मा से लेकर विराट कोहली, हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे भी फार्म में आते दिख रहे हैं। वहीं गेंदबाजी में स्पिनर कुलदीप यादव जबरदस्त प्रदर्शन कर रहे हैं, ऐसे में यहां की स्पिन लेती पच पर उनका सामना करना ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों के लिए बेहद कठिन रहेगा। इस मैच में भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार रहेगी पर कंगारु टीम की संभावनाओं को भी कम नहीं माना जा सकता क्योंकि वह इस मैच में जीत के लिए पूरा जोर लगा देगी।

ऑस्ट्रेलिया को हालांकि इस मैच में अपनी बल्लेबाजी ठीक करनी होगी। अफगानिस्तान के खिलाफ उसके बल्लेबाज विफल रहे थे हालांकि गेंदबाजों का प्रदर्शन ठीक था। इस मैच में भारतीय बल्लेबाजों को स्पिनर एडम जम्पा और तेज गेंदबाज पैट कमिंस से सावधान रहना होगा। जम्पा एक शानदार स्पिनर हैं और यहां की पिच पर उन्हें सहायता भी मिलेगी। वहीं कमिंस ने पिछले दो मैच में लगातार हैट्रिक लेकर दिखाया है कि वह अभी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में शामिल हैं।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**ऑस्ट्रेलिया:** मिशेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम जम्पा।

# पंत की गिलक्रिस्ट के साथ तुलना....अभी ठीक नहीं, पूर्व क्रिकेटर इयान स्मिथ का मानना



**सेंट लूसिया, 23 जून (एजेंसियां) ।** न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर इयान स्मिथ का मानना है कि ऋषभ पंत की एडम गिलक्रिस्ट के साथ तुलना अभी जल्दबाजी होगी लेकिन अगर पंत अपनी वर्तमान फॉर्म को जारी रखता है, तब वह ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी के करीब पहुंच सकता है। स्मिथ स्वयं भी विकेटकीपर बल्लेबाज रहे हैं। पंत ने इंडियन प्रीमियर लीग में अच्छा प्रदर्शन किया और टी20 विश्व कप में भी पंत विकेट के आगे और विकेट के पीछे अपनी भूमिकाओं को अच्छी तरह से निभा रहे हैं। पंत को वर्तमान में विश्व क्रिकेट के सबसे प्रतिभाशाली क्रिकेटरों में गिना जाता है। पंत ने ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट शतक लगाए हैं, लेकिन गिलक्रिस्ट की बराबरी पर पहुंचने के लिए उन्हें लंबा रास्ता तय करना है। जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 15000 से अधिक रन बनाने के साथ 800 से अधिक कैच लिए हैं। स्मिथ ने कहा, पंत ने दुर्घटना के बाद दमदार वापसी की है और वे बेहतरीन फॉर्म में नाराज आ रहे है। वह बेहद कुशल खिलाड़ी है। वह आक्रामक है, वह खतरनाक खिलाड़ी है। गिलक्रिस्ट की तरह पंत ने भी दिखा दिया है कि वह प्रत्येक प्रारूप में किसी भी क्रम में बल्लेबाजी कर सकते हैं। टी20 विश्व कप में उन्हें तीसरे नंबर पर भेजा जा रहा है और उन्होंने अभी तक इस फैसले को सही साबित किया है। स्मिथ ने कहा, 'वह किसी भी खिलाड़ी का अच्छी तरह से साथ निभा सकते हैं फिर चाहे वह कोहली हो या रोहित शर्मा।

उन्होंने कहा, 'वह पहली गेंद को ही हिट कर सकता है और गेंद को सीमा रेखा के पास पहुंचा सकता है। उसके पास रन बनाने के अन्य विकल्प भी हैं। पंत ने टीम में केएल राहुल जैसे अच्छे खिलाड़ी की जगह ली है। केएल राहुल विश्व स्तरीय क्रिकेटर है और उसकी जगह लेना मायने रखता है। 26 वर्षीय क्रिकेटर की गिलक्रिस्ट से तुलना करने के लिए हालांकि अभी इंतजार करना होगा।

# भारतीय टीम के ड्रेसिंग रुम पहुंचे रिचडर्स ने की टीम इंडिया की जमकर प्रशंसा



**नॉर्थ साउंड, 22 जून (एजेंसियां) ।** भारतीय क्रिकेट टीम ने अब तक आईसीसी टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर करते हुए सुपर आठ में लगातार दूसरी जीत दर्ज की है। इससे भारतीय टीम का सेमीफाइनल में पहुंचना तय माना जा रहा है। भारतीय टीम ने सुपर आठ में पहले अफगानिस्तान और उसके बाद बांग्लादेश को हराया है। इसी बीच वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज विवियन रिचडर्स भी भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम पहुंचे। रिचडर्स को अपने सामने देखकर भारतीय टीम के खिलाड़ी बेहद खुश नजर आये। इस दौरान रिचडर्स ने भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा से कहा कि अगर वेस्टइंडीज टी20 विश्व कप से बाहर होती है तो वह भारतीय टीम का समर्थन करेंगे। रिचडर्स भारत- बांग्लादेश मैच के बाद फील्डिंग मेडल देने भारतीय ड्रेसिंग रूम में पहुंचे थे। उन्होंने तारीफ करते हुए कहा ," बेहतरीन प्रदर्शन इतनी दमदार टीम से मैं ज्यादा क्या कहूं। आपका प्रदर्शन अभी तक अच्छा रहा है और मैं इतना ही कहूंगा कि अगर वेस्टइंडीज टीम नहीं जीत पाती है तो मैं आपके साथ हूं। वेस्टइंडीज का होने के नाते आपको यहां देखकर मुझे काफी अच्छा लग रहा है। वहीं रिचडर्स के भारतीय ड्रेसिंग रुम में आने का एक वीडियो बीसीसीआई ने पोस्ट किया। इसमें रिचडर्स फील्डिंग मेडल सूर्यकुमार यादव को देते दिख रहे हैं। सूर्या ने इस मैच में स्क्वेयर लेग पर लिटन दास का शानदार कैच पकड़ा था।



इंटरस्टेट एरिना पोलो चैंपियनशिप एचपीआरसी स्पोर्ट्स एरिना आउट स्कर्ट अजीजनगर, मोइनाबाद मंडल में खेली गई जिसमें एचपीआरसी अध्यक्ष आर. चैतन्य कुमार, कुंवर साईं विजेंद्र सिंह उपाध्यक्ष रियाज अहमद प्रशासनिक सचिव के साथ एचपीआरसी विजेता और उपविजेता ए-बी टीम के साथ मौजूद रहे ।

# अफगानिस्तान ने पहली बार ऑस्ट्रेलिया को हराया


### वर्ल्ड कप का सबसे बड़ा उलटफेर, 149 रन चेज नहीं कर सके कंगारू; जीत के 4 हीरो

**किंग्सटाउन, 23 जून (एजेंसियां) ।** राशिद खान की कप्तानी में अफगानिस्तान ने टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे बड़ा उलटफेर किया। एक बार टी-20 और 6 बार वनडे वर्ल्ड कप जीत चुकी ऑस्ट्रेलिया को अफगानिस्तान ने सुपर-8 मैच में हरा दिया है। क्रिकेट के किसी भी फॉर्मेट में ऑस्ट्रेलिया पर अफगानिस्तान की यह पहली जीत है।वेस्टइंडीज के किंग्सटाउन में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिशेल मार्श ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी और अफगानिस्तान की टीम को 148 रन पर रोक दिया। लेकिन गुलबदीन नाइब ने 4 विकेट लेकर कंगारुओं से जीत छीन ली। ऑस्ट्रेलिया 127 रन पर ऑलआउट हो गई।इस मैच में सबकुछ हुआ। हैट्रिक लगी, रनआउट के चांस छूटे, फील्डर्स ने असंभव से कैच पकड़े। पहली गेंद से आखिरी गेंद तक किसी क्रिकेट फैन की नजर मैच से हटी नहीं और नतीजे ने सभी को चौंका दिया।राशिद खान ने जब गुलबदीन नईब को गेंदबाजी दी, तब तक वे 7 गेंदबाजों को आजमा चुके थे। ऑस्ट्रेलिया 10 ओवर में 70 रन बना चुका था। ग्लेन मैक्सवेल 31 और मार्कस स्टोइनिस 11 रन बनाकर जम चुके थे। तीसरी ही गेंद पर गुलबदीन ने शॉर्ट बॉल पर स्टोइनिस का विकेट लिया। स्टोइनिस को इतने ज्यादा बाउंस की उम्मीद नहीं थी, उन्होंने शॉट खेला और गेंद हवा में चली गई। विकेटकीपर रहमानुल्लाह गुरबाज ने अच्छा कैच पकड़ा। गुलबदीन 13वां ओवर लेकर आए तो टिम डेविड को इनस्विंगर पर अपना शिकार बनाया। डीआरएस में टिम डेविड एलबीडब्ल्यू आउट करार दिए गए। 15वें ओवर में गुलबदीन ने ऑस्ट्रेलिया को सबसे बड़ा झटका दिया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को जीत की ओर ले जा रहे ग्लेन मैक्सवेल को आउट किया। नूर अहमद ने बैकवर्ड पॉइंट पर उनका शानदार कैच लपका। 17वें ओवर में गुलबदीन ने पैट कमिंस को बोल्ड कर जीत की उम्मीदें खत्म कर दीं। गुलबदीन ने 4 ओवर में सिर्फ 20 रन दिए और 4 विकेट लिए।




अफगानी ओपनर गुरबाज ने 60 रन की पारी खेली। 49 गेंदों पर खेली गई इस पारी का स्ट्राइक रेट 122 का था। गुरबाज ने 4 चौके और 4 सिक्स लगाए। अफगानिस्तान को फाइटिंग टोटल तक पहुंचाने में गुरबाज का बड़ा रोल रहा।दूसरे ओपनर जादरान ने भी फिफ्टी लगाई। जादरान ने 51 रन की पारी में 6 चौके लगाए। ये फिफ्टी 106 के स्ट्राइक से लगाई, रफ्तार धीमी थी, लेकिन उन्होंने विकेट को एक छोर से संभाले रखा।

राशिद खान ने आज अपने हाईएस्ट विकेट टेकर फजल हक फारुकी की जगह नवीन उल हक से बॉलिंग की शुरुआत कराई। नवीन ने तीसरी ही गेंद पर उनका फैसला सही साबित कर दिया।



# रिलायंस का मार्केट-कैप 32,271 करोड़ कम हुआ एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक टॉप गेनर

**मुंबई, 23 जून (एजेंसियां) ।** बीते कारोबारी हफ्ते मार्केट कैपिटलाइजेशन के लिहाज से देश की टॉप-10 कंपनियों में से 3 का मार्केट कैप कंबाइंड रूप से 1,06,125.98 करोड़ (1.06 लाख करोड़) बढ़ा है। इस दौरान एचडीएफसी बैंक मार्केट का टॉप गेनर रहा है।

इसके वैल्यूएशन में 52,092 करोड़ का इजाफा हुआ है। अब इसका मार्केट कैप 12.67 लाख करोड़ हो गया है। इसके अलावा, आईसीआईसीआई बैंक का 36,119 करोड़ बढ़कर 8.14 लाख करोड़ और इंफोसिस का मार्केट कैप 17,915 करोड़ बढ़कर 6.36 लाख करोड़ हो गया है।

### 32,271 करोड़ गिरी रिलायंस की मार्केट वैल्यू

वहीं, इस दौरान इस लिस्ट की 7 कंपनियों का मार्केट कैप 1,01,769 करोड़ गिरा है। इसमें टॉप लूजर रिलायंस इंडस्ट्रीज रही है। इसके वैल्यूएशन में 32,271.31 करोड़ की कमी आई है। रिलायंस के अलावा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज , भारती एयरटेल, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ,हिंदुस्तान यूनिलीवर के मार्केट वैल्यूएशन में गिरावट हुई है।

### पिछले हफ्ते 641 अंक बढ़ा सेंसेक्स

पिछले हफ्ते सेंसेक्स में 217.13 अंक या 0.28 की तेजी रही थी। वहीं, हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन निफ्टी ने 23,667 का रिकॉर्ड स्तर छुआ। हालांकि, दिनभर के दिनभर के कारोबार के बाद यह नीचे आया और 65 अंक की गिरावट के साथ 23,501 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, सेंसेक्स में भी 269 अंक की गिरावट रही, ये 77,209 के स्तर पर बंद हुआ। इसके 30 शेयरों में 20 में गिरावट और 10 में तेजी देखने को मिली। सरकारी बैंक के शेयर्स में सबसे ज्यादा गिरावट देखने को मिली। मार्केट कैपिटलाइजेशन क्या होता है मार्केट कैप किसी भी कंपनी के टोटल आउटस्टैंडिंग शेयरों यानी वे सभी शेयर, जो फिलहाल उसके शेयरहोल्डर्स के पास हैं, की वैल्यू है। इसका कैलकुलेशन कंपनी के जारी शेयरों की टोटस नंबर को स्टॉक की प्राइस से गुणा करके किया जाता है। मार्केट कैप का इस्तेमाल कंपनियों के शेयरों को कैटेगराइज करने के लिए किया जाता है ताकि निवेशकों को उनके रिस्क प्रोफाइल के अनुसार उन्हें चुनने में मदद मिले।

## न्यूज़ ब्रीफ

### भारतीय कपास के निर्यात में 67 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद, बांग्लादेश में बढ़ी मांग से होगा लाभ



**मुंबई ।** बांग्लादेश की मिलों में कॉटन (कपास) की बढ़ती मांग की वजह से भारत के कॉटन निर्यात में वृद्धि का अनुमान है। सितंबर में समाप्त होने वाले 2023-24 सीजन के लिए भारत के कॉटन का निर्यात में बांग्लादेश के मिलों की बढ़ती मांग के कारण दो तिहाई अधिक वृद्धि होने का अनुमान है। कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीएआई) को उम्मीद है कि शिपमेंट लगभग 26 लाख गांठ (प्रत्येक गांठ 170 किलोग्राम) तक पहुंच जाएगा जो पिछले सीजन में 15.5 लाख गांठ से 67.7 प्रतिशत अधिक है। सीएआई के अध्यक्ष अतुल गणात्रा ने बताया कि बांग्लादेश मिलें जो मुश्किल से अपना काम चला रही हैं, अब वे भारतीय कॉटन खरीद रही हैं। क्योकि ब्राजील और अमेरिका के उनके आयात शिपमेंट में देरी हो रही है। भारत से लगभग हर महीने 1-1.5 लाख गांठ बांग्लादेश को निर्यात किया जा रहा है। सड़क मार्ग के जरिए बांग्लादेश को 5 दिनों में कॉटन मिल जाता है। इससे भारत के कॉटन निर्यात में वृद्धि हो रही है। कपास प्रेसिंग का अनुमान बढ़ा सीएआई ने अपने प्रेसिंग अनुमान में 2023-24 सीजन के 317.70 लाख गांठ की वृद्धि की है, यह फरवरी में 309 लाख गांठ थी। यह वृद्धि मुख्य रूप से मध्य भारत से आई है, जहां हाल ही में किसानों ने अपने पुराने स्टॉक को लोड करने के लिए तैयार हुए हैं। हालांकि चालू सीजन के लिए प्रेसिंग पिछले साल की तुलना में 318.9 लाख गांठ कम है। गणात्रा ने प्रेसिंग आंकड़ों में आई वृद्धि को बाजारों में आने वाली कैरी फॉरवर्ड स्टॉक को माना है। मई के अंत तक 296.53 लाख प्रेसिंग की जा चुकी है। प्राकृतिक फाइबर का आयात बढ़ा प्राकृतिक फाइबर का आयात 16.4 लाख गांठ होने का अनुमान है। इसमें से 5.5 लाख गांठ देश में मई के अंत तक आ चुका है। शुरुआती स्टॉक, आयात और प्रेसिंग के अनुमानों को मिलाकर कुल आपूर्ति 363 लाख गांठ होने का अनुमान है जो पिछले सीजन में 355.4 लाख गांठ से अधिक है। सीएआई ने कॉटन मांग 317 लाख गांठ (311 लाख गांठ ) रहने का अनुमान लगाया है। गैर एमएसएमई सेक्टर में मांग 201 लाख गांठ (280 लाख गांठ ) रहने का अनुमान है, जबकि एमएसएमई सेक्टर में यह मांग 100 लाख गांठ (15 लाख गांठ ) से अधिक रहने का अनुमान है।

### मानसून और जुलाई में आने वाले बजट पर रहेगी बाजार की नजर, डॉलर के मुकाबले रुपया और कच्चे तेल की कीमत पर भी बाजार की नजर रहेगी



**मुंबई ।** इस सप्ताह निवेशकों की नजर मानसून की प्रगति, जुलाई में आने वाले बजट, विदेशी निवेशकों द्वारा किये जाने वाले निवेश, डॉलर के मुकाबले रुपए की चाल, कच्चे तेल की कीमत और वैश्विक बाजार पर भी बाजार की नजर रहेगी। वहीं वैश्विक स्तर पर अमेरिका में पहली तिमाही का जीडीपी डाटा और व्यक्तिगत उपभोग व्यय मूल्य सूचकांक के आंकड़े 27 और 28 जून को जारी किये जाएंगे। इनका असर बाजार पर देखने को मिल सकता है। बाजार विश्लेषकों का कहना है कि विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर सरकार के खरीफ फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने से हुई लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह मजबूत रहे घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक के नतीजों का असर भी बाजार पर रहेगा।

### जबलपुर में हो रही है स्टीविया की खेती शक्कर से 200 गुना ज्यादा मीठी स्टीविया की पत्तियां

**जबलपुर धार ।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय ने डायबिटीज और बीपी के मरीजों के लिए स्टीविया पत्ती उत्पादन के लिए हर्बल प्लांट तैयार किए हैं। इन पत्तियों की मिठास शक्कर से 200 गुना ज्यादा है। डायबिटीज और बीपी के मरीजों को इसको खाने से नुकसान नहीं होता है। इस हर्बल पौधे के माध्यम से तैयार पत्तियों की डिमांड मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र के साथ-साथ रूस में भी बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। ऑर्गेनिक फार्मिंग से तैयार एक क्विंटल स्टीविया पत्तियों की कीमत 20 से 25000 रूपये के बीच मिलती है। वही बिना ऑर्गेनिक फार्मिंग के पौधों की पत्तियों की कीमत प्रति क्विंटल 8 से 10000 रूपये मिलती है। इन पत्तियों से जो पाउडर तैयार होता है। वह 400 से 450 रुपए प्रति किलो में आसानी से बिक रहा है।1 किलो पत्ती में 20 किलो शक्कर की मिठास होती है।स्टीविया पत्तियों में कैलोरी की मात्रा शून्य होती है। जिसके कारण डायबिटीज और बीपी के मरीज इसे आसानी से उपयोग में ला सकते हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### नीट परीक्षा मामले...

इसके अलावा, आईएमए ने नीट-यूजी परीक्षा में अनियमितताओं की जांच को सीबीआई को सौंपने और एनटीए के डायरेक्टर जनरल को हटाने के लिए शिक्षा मंत्रालय को भी धन्यवाद दिया है।

केंद्र सरकार ने 22 जून की रात जांच की जिम्मेदारी सीबीआई को सौंपी थी। इससे पहले सरकार ने शनिवार रात 9 बजे एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) के डायरेक्टर जनरल सुबोध कुमार सिंह को हटा दिया था। उनकी जगह प्रदीप सिंह खरोला को नया डीजी नियुक्त किया गया।

मंत्रालय की देर रात जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है इस परीक्षा की प्रक्रिया की पारदर्शिता के लिए शिक्षा मंत्रालय ने एक समीक्षा करने के बाद इस मामले की व्यापक जांच करने का दायित्व सीबीबाई को सौंपने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय परीक्षा एंजेंसी (एनटीए) ने नीट परीक्षा का आयोजन 05 मई 2024 को किया था। यह परीक्षा ओएमआर (कलम और कागज ) के माध्यम से की गई थी। इस परीक्षा मे नकल, दूससे से लिखवाने और अन्य तरह की गड़बड़ियो की शिकायत मिलने के बाद सरकार ने यह निर्णय लिया है।

अलग से लिए गए एक निर्णय में सरकार ने एनटीए के वर्तमान प्रमुख को हटा दिय है उनकी जगह प्रदीप सिंह खरोला को अतिरिक प्रभार दिया गया है। सरकार ने सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम 2024 को भी प्रभावी बना दिया है ताकि परिक्षाओं मे गड़बड़ी करने वाले लोगों से सख्ती से निपटा जा सके। शिक्षा मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा है कि सरकार परिक्षाओं की पवित्रता को सुनिश्चित कर छात्रों के हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्रालय ने फिर कहा है कि परिक्षाओं में किसी भी प्रकार की गड़बड़ियों में लिप्त पाए गए व्यक्तियों और संगठन के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

इससे पहले बिहार पुलिस ने इस मामले में कुछ लोगों को भी गिरफ्तार किया था। बता दें कि विपक्ष और सामाजिक संगठनों ने नीट यूजी का पेपर लीक होने का आरोप लगाया और मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी। ऐसे में केंद्र सरकार ने नीट पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई को सौंपी। बिहार पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने पूछताछ में स्वीकार किया कि परीक्षा से एक दिन पहले ही पेपर लीक हो गया था। पुलिस अब सॉल्वर गैंग के लोगों से भी पूछताछ कर रही है। केंद्र सरकार ने अनियमितताओं की शिकायत के बाद नीट और यूजीसी नेट समेत कई अहम परीक्षाएं कराने वाली एजेंसी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को उनके पद से हटा दिया है। साथ ही एक पैनल का गठन किया है, जो नीट परीक्षा में हुईं अनियमितताओं की जांच करेगा। बीती 5 मई को हुई नीट यूजी की परीक्षा में करीब 24 लाख छात्र शामिल हुए थे, लेकिन जैसे ही 4 जून को रिजल्ट घोषित किए गए और उसमें 1500 से ज्यादा छात्रों को ग्रेस मार्क्स देने का खुलासा हुआ तो मामला अदालत में पहुंच गया। इसके बाद एनटीए ने छात्रों को दिए ग्रेस मार्क्स हटाने और इन छात्रों की परीक्षा फिर से लेने का फैसला किया। आज इन 1500 से ज्यादा छात्रों की फिर से नीट यूजी की परीक्षा आयोजित की जा रही है। साथ ही नीट के कथित पेपर लीक मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई भी चल रही है।

### बिहार के बाद...

पेश होने का भी निर्देश दिया है। देश में इन दिनों नीट और यूजीसी नेट परीक्षाओं को लेकर हंगामा चल रहा है और केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा जांच की जा रही है। दरअसल नीट परीक्षा में पेपर लीक होने का शक है। वहीं यूजीसी नेट की परीक्षा सरकार ने रद्द कर दी है। सरकार का कहना है कि यूजीसी नेट का पेपर डार्कनेट पर लीक हो गया था, जिसके चलते परीक्षा के अगले दिन ही परीक्षा को रद्द करने का आदेश जारी कर दिया गया। बिहार पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने पूछताछ में स्वीकार किया कि परीक्षा से एक दिन पहले ही पेपर लीक हो गया था। पुलिस अब सॉल्वर गैंग के लोगों से भी पूछताछ कर रही है।

### छत्तीसगढ़ में नक्सलियों...

बीजापुर आ रहे थे। इसी दौरान नक्सलियों ने फरसेगढ़ और रानीबोदली गांव के बीच कमांड आईईडी ब्लास्ट कर दिया। हालांकि, इस घटना में थाना प्रभारी आकाश मसीह और जवान दोनों सुरक्षित हैं। वाहन के अगले हिस्से को नुकसान पहुंचा था।

दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र के नक्सली आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। पैसों की कमी को पूरा करने के लिए अब उन्होंने नकली नोट छापना शुरू कर दिया है। इसके लिए संगठन के बड़े कैडर्स ने अपने लड़ाकों को नोट छापने के लिए स्पेशल ट्रेनिंग भी दी है। पुलिस ने रविवार को तलाश अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा नकली नोट बनाये जाने की मशीन, नकली नोट के सैंपल, विस्फोटक और हथियारों को बरामद किया।

जिला पुलिस अधीक्षक किरण चौहान ने बताया कि नक्सलियों द्वारा नकली नोट छापकर खपाने की फिराक की सूचना मिलने पर जिला बल, जिला रिजर्व पुलिस बल बस्तर फाईटर एवं 50 वाहिनी केन्द्रीय सुरक्षा बल की संयुक्त पार्टी विशेष नक्सल गस्त सर्चिंग हेतु ग्राम मैलासूर, कोराजगुड़ा, दंतेशपुरम व आस-पास के क्षेत्र की ओर रवाना हुए। अभियान के दौरान सुरक्षा बलों के द्वारा जंगल-झाड़ियों में तलाश करते हुए आगे बढ़ रहे थे कि ग्राम कोराजगुड़ा के जंगल-पहाड़ी में नक्सली सुरक्षा बलों की गतिविधियों को देखकर जंगल-पहाड़ी का आड़ लेकर भागने में सफल हुए।

उन्होंने बताया कि घटना स्थल की सघन सर्चिंग करने पर अलग-अलग जगहों पर नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गये नकली नोट बनाने का उपकरण, कलर प्रिंटर मशीन, इन्वर्टर मशीन, कलर इंक एवं 50, 100, 200 व 500 रुपए के नकली नोट के सैम्पल तथा भरमार बंदूक, वायरलेस सेट, मैग्जीन पोच, नक्सली काली वर्दी कपड़ा एवं भारी मात्रा में विस्फोटक सामाग्री बरामद किया गया। श्री चौहान ने बताया कि भोलभाले आदिवासियों को धोखे में रखकर अंदरूनी क्षेत्रों के साप्ताहिक बाजारों में लम्बे समय से नकली नोट खपा रहे थे। जानकारी के अनुसार वर्ष 2022 में बड़े नक्सली कैडरों के द्वारा प्रत्येक एरिया कमेटी के एक-एक नक्सली सदस्य को नकली नोट छापने का प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण पश्चात् अपने-अपने एरिया कमेटी में प्रशिक्षित नक्सली द्वारा नकली नोट छापकर अंदरुनी क्षेत्रों के साप्ताहिक बाजारों में खपाया जा रहा था।

### चार नक्सलियों ने...

महिला नक्सली नुप्पो सोमड़ी, हेमला एर्रा एवं कड़ती हिड़िया को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में 74 वाहिनी आसूचना शाखा का विशेष प्रयास रहा है। सभी आत्मसमर्पित नक्सली नक्सल संगठन में जुडक़र विभिन्न नक्सली गतिविधियों जैसे पुलिस गस्त पार्टी की रेकी कर हमला करना, पुलिस पार्टी के आने-जाने वाले मार्गो में स्पाईक लगाना, मार्गों को खोद कर अवरूद्ध करना, शासन-प्रशासन के विरूद्ध में नक्सली पर्चा-पाम्पलेट लगाना आदि घटनाओं में शामिल रहे है। आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधाएं दी जाएगी।

### इसरो ने आरएलवी...

परिस्थितियों में आरएलवी की स्वायत्त लैंडिंग क्षमताओं को फिर से प्रदर्शित किया। इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में बताया कि इसमें 500 मीटर की क्रॉस-रेंज शामिल है, जो एलईएक्स -02 के 150 मीटर से काफी अधिक है, और अधिक तेज हवा की स्थिति में है।

पुष्पक नाम के इस पंखों वाले यान (आरएलवी) को भारतीय वायु सेना के चिनूक हेलिकॉप्टर से 4.5 किलोमीटर की ऊंचाई पर छोड़ा गया। इस रिलीज़ बिंदु से पुष्पक ने स्वायत्त रूप से क्रॉस-रेंज सुधार में निष्पादित किया, यह रनवे के पास पहुंचा और रनवे केंद्र रेखा पर एक सटीक क्षैतिज लैंडिंग की।

निम्न लिफ्ट-टू-ड्रैग अनुपात की विशेषता वाले इसके वायुगतिकीय विन्यास के परिणामस्वरूप लैंडिंग वेग 320 किमी प्रति घंटे से अधिक हो गया, जबकि वाणिज्यिक विमानों के लिए 260 किमी प्रति घंटे और सामान्य लड़ाकू जेट के लिए 280 किमी प्रति घंटे होता है।

टचडाउन के बाद, ब्रेक पैराशूट का उपयोग करके यान की गति को लगभग 100 किमी प्रति घंटे तक कम कर दिया गया, इसके बाद गति को कम करने और रनवे पर रोकने के लिए लैंडिंग गियर ब्रेक का उपयोग किया गया। इस ग्राउंड रोल चरण के दौरान, पुष्पक ने स्थिरता और सटीकता बनाए रखने के लिए अपने पतवार और नोज व्हील स्टीयरिंग सिस्टम का उपयोग किया।

इस मिशन ने अंतरिक्ष से लौटने वाले यान के लिए दृष्टिकोण और लैंडिंग स्थितियों का अनुकरण किया। एक पुन: प्रयोज्य लॉन्च यान (आरएलवी) के विकास के लिए महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों को प्राप्त करने में इसरो की विशेषज्ञता की पुष्टि की।

### जीरो कैजुअल्टी...

फ्लडगेट्स सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं। केन्द्रीय जल आयोग के बाढ़ निरीक्षण केन्द्र आवश्यकता के अनुरूप और अंतरराष्ट्रीय स्तर के होने चाहिए।

श्री शाह ने कहा कि जो नदियां बारहमासी नहीं हैं, उनमें मिट्टी का कटाव अधिक होता है और गाद जमना बाढ़ का कारण बन जाता है। उन्होंने निर्देश दिया कि नदियों के जलस्तर के पूर्वानुमान को अपग्रेड कर बाढ़ की समस्या को कम करने के प्रयास हों। बाढ़ की स्थिति में जलजमाव से निपटने के लिए सड़क निर्माण के डिज़ाइन में ही प्राकृतिक जलनिकासी को शामिल किया जाना चाहिए। श्री शाह ने कहा कि पूर्वोत्तर में कम से कम 50 बड़े तालाब बनाकर ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को मोड़ने की व्यवस्था होनी चाहिए जिससे बाढ़ से निजात मिले और कृषि, सिंचाई एवं पर्यटन विकसित हों। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी फायदा मिलेगा।

केंद्रीय गृह मंत्री ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और पर्यावरण मंत्रालय को आग लगने से पहले ही इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए समुचित एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए। गृह मंत्री ने इसके लिए नियमित रूप से फायरलाइन बनाने, सूखे पत्तों को हटाने और स्थानीय निवासियों और वनकर्मियों के साथ समय-समय पर मॉक ड्रिल करने की ज़रूरत पर बल दिया। इसके साथ ही उन्होंने एक ही स्थान पर बार-बार आग लगने की घटनाओं का विश्लेषण करने को भी कहा। गृह मंत्री ने एनडीएमए को जंगल में लगने वाली आग की घटनाओं से निपटने के लिए विस्तृत मैनुअल तैयार करने को भी कहा।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने बिजली गिरने को लेकर मौसम विभाग की चेतावनियों को विभिन्न माध्यमों से समय पर जनता तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा विकसित मौसम, वर्षा और बाढ़ चेतावनी संबंधित ऐप को एकीकृत किए जाने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया, जिससे इनका लाभ लक्षित आबादी तक पहुंच सके। श्री शाह ने निर्देश दिया कि विभिन्न एजेंसियों द्वारा चलाए जा रहे सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रमों में तालमेल होना चाहिए तथा इन्हें एकीकृत किया जाना चाहिए, ताकि इनका अधिकतम प्रभाव हो सके।

बैठक के दौरान भारतीय मौसम विभाग और केन्द्रीय जल आयोग ने विस्तृत प्रस्तुतियां दीं। सभी संबंधित विभागों ने पिछले साल हुई बाढ़ समीक्षा बैठक में केन्द्रीय गृह मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों पर की गई कार्रवाई के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने मौजूदा मानसून के लिए की गई अपनी तैयारियों और भविष्य की कार्ययोजना के बारे में भी जानकारी साझा की। करीब दो घंटे चली इस बैठक में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला, राज्यों के गृह सचिव, जल संसाधन, नदी विकास एवं नदी संरक्षण पृथ्वी विज्ञान , पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालयों के अधिकारी, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष, एनडीएमए के सदस्य एवं सचिव (प्रभारी), एन डी आर एफ और मौसम विभाग के महानिदेशक, केंद्रीय जल आयोग, एनएचएआई के अध्यक्ष और संबंधित मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

### उरी में सेना...

आतंकियों को मार गिराया था। ये दोनों तश्कर-ए-ताइबा से जुड़े थे।

पड़ोसी मुल्क पाकिस्तानी उत्तरी कश्मीर में फिर से आतंकवाद को सक्रिय करने की साजिश रच रहा है। इस क्षेत्र में 2005 से 2015 तक आतंक फैला था। हालांकि 2019 में जम्मू-कश्मीर पुलिस की एक मुहिम के तहत बारामुला जिले को आतंकी मुक्त घोषित किया गया था। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, पाकिस्तानी मूल के विदेशी आतंकियों की संख्या अभी स्थानीय आतंकियों से ज्यादा है, लेकिन इनका सफाया किया जा रहा है। अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू-कश्मीर में अर्धसैनिक बलों की तैनाती शुरू कर दी गई है। जम्मू जिले को इस बार अर्धसैनिक बलों की 24 अतिरिक्त कंपनियां मिली हैं, जोकि पिछले वर्ष की तुलना में पांच से छह अधिक हैं। पहली बार अमरनाथ यात्रा के रूट, यात्रियों के रुकने के स्थलों, लंगरों और अन्य जगहों पर तैनाती के अलावा अर्धसैनिक बल उन जगहों पर भी तैनात किए जा रहे हैं, जहां पर किसी अप्रिय घटना होने की आशंका है। जम्मू में अर्धसैनिक बलों की 10 कंपनियां पहुंच चुकी हैं, जिन्हें पुरानी मंडी, राम मंदिर, पीरखो मंदिर, भगवती नगर आधार शिविर में तैनात किया गया है। इसके अलावा पुरमंडल मोड़ से लेकर झज्जर कोटली तक पूरे हाईवे पर जवान भेजे गए हैं। इसमें कुंजवानी, गंग्याल, सिद्दड़ा, नगरोटा का इलाका शामिल है। अगले कुछ दिन में अन्य कंपनियां भी पहुंच जाएंगी। इन अतिरिक्त कंपनियों के अलावा जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवान भी लगाए जाएंगे। इन जगहों के अलावा पुलिस ने आरएस पुरा, सुचेतगढ़, अखनूर, परगवाल, ज्यौड़ियां, खौड़, अरनिया, अब्दुल्लियां, मीरां साहिब क्षेत्र में कुछ ऐसे स्थान चिह्नित किए हैं, जिन्हें आतंकी निशाना बना सकते हैं। इन जगहों पर अर्धसैनिक बल तैनात किए गए हैं। इनमें आईटीबीपी, एसएसबी, सीआईएसएफ की कंपनियां शामिल हैं।

कुल मिलाकर पूरे जम्मू जिले में अर्धसैनिक बलों और पुलिस को मिलाकर करीब 15 हजार सुरक्षाकर्मी अलग-अलग जगह पर तैनात किए जा रहे हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 20 फीसदी अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए जा रहे हैं। एसएसपी जम्मू विनोद कुमार का कहना है कि यात्रा की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की जा रही है। कुछ संवेदनशील इलाके चिह्नित किए गए हैं, जहां पर विशेष सुरक्षा होगी।

### आज से शुरू...

भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया है। राष्ट्रपति ने अध्यक्ष के चुनाव तक प्रोटेम स्पीकर की सहायता के लिए सुरेश कोडिकुन्निल, थालिकोट्टई राजुतेवर बालू, राधा मोहन सिंह, फग्गन सिंह कुलस्ते और सुदीप बंद्योपाध्याय को भी नियुक्त किया है। सूत्रों की मानें तो संसद के निचले सदन यानी लोकसभा में स्पीकर का पद भाजपा को मिलने की संभावना है, जबकि डिप्टी स्पीकर का पद एनडीए के सहयोगी दलों में से किसी को दिया जा सकता है। इंडी ब्लॉक ने डिप्टी स्पीकर पद की मांग की है, जो परंपरागत रूप से हमेशा विपक्ष के पास जाता है। हालांकि, 17वीं लोकसभा में डिप्टी स्पीकर नहीं था। हालांकि, भाजपा नीत एनडीए और कांग्रेस नीत इंडिया ब्लॉक दोनों ओर से स्पीकर और डिप्टी स्पीकर पद के लिए उम्मीदवारों के नाम घाषित नहीं किए गए हैं।

### अगरतला में ...

सवार होने के लिए अगरतला रेलवे स्टेशन आये थे। हिरासत में लिये गये लोगों को पुलिस को सौंप दिया गया और रविवार को अदालत में पेश किया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दो महीने से भी कम समय में त्रिपुरा में 54 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया और ये सभी अवैध मार्गों से भारत में घुसे थे और देश के अन्य हिस्सों में नौकरी की तलाश में निकलने वाले थे। राज्य पुलिस ने हालांकि भारत-बंगलादेश सीमा पर 95 प्रतिशत तार बाड़ लगाने और कड़ी सुरक्षा निगरानी के बावजूद बांग्लादेश से लगातार घुसपैठ के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को जिम्मेदार ठहराया है।

### जम्मू-कश्मीर में ...

करने के लिए पुलिस मूल्यों और पेशेवर कौशल का प्रशिक्षण और प्रशिक्षण देने के लिए समर्पित है।

श्री सिन्हा ने कहा, मुझे विश्वास है कि ये बहादुर कर्मी पूरी जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और समर्पण के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करेंगे और जम्मू कश्मीर पुलिस की समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने जम्मू-कश्मीर पुलिस के वीर जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए राष्ट्र के प्रति उनकी वीरता, बलिदान और निस्वार्थ सेवा के लिए उनकी सराहना की। उपराज्यपाल ने कहा, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हमेशा बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में पेशेवर उत्कृष्टता का उच्च स्तर दिखाया है। कई दशकों से, यह विशिष्ट पुलिस बल हमारे देश की अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए समर्पण के साथ काम कर रहा है और जम्मू-कश्मीर की प्रगति के पहियों को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने नशीले पदार्थों की तस्करी, साइबर अपराध और कट्टरपंथ के उभरते खतरों पर बोलते हुए विरोधियों से एक कदम आगे रहने के लिए पुलिस में उच्च स्तर की प्रेरणा और व्यावसायिकता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, मुझे जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और हमारी सुरक्षा एजेंसियों पर पूरा भरोसा है। वे न केवल नागरिकों की सुरक्षा और तत्काल जरूरतों के प्रति उत्तरदायी हैं, बल्कि साइबरस्पेस में आतंकवाद से भी प्रभावी ढंग से निपट रहे हैं।

उपराज्यपाल ने नागरिक कार्रवाई कार्यक्रमों के लिए जम्मू कश्मीर पुलिस की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि हम पुलिस बल के आधुनिकीकरण तथा पुलिस, सुरक्षा कर्मियों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। आरंभ में उपराज्यपाल ने राष्ट्रीय सलामी ली, परेड का निरीक्षण किया तथा टुकड़ियों द्वारा किए गए शानदार मार्च पास्ट की सलामी ली। उन्होंने कैडेटों को सम्मानित किया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आरआर स्वैन ने नवनियुक्त रंगरूटों को शुभकामनाएं दीं तथा उनसे ईमानदारी से काम करने तथा लोगों की सेवा में समर्पित होने को कहा।

# एक रात में बनकर तैयार हो गया था यह मंदिर

## यहां नीलम पत्थर की है भगवान शिव की मूर्ति



**औरंगाबाद जिले के देवकुंड में च्यवन ऋषि के आश्रम के पास बने भगवान शिव की हजारो वर्ष पुरानी मंदिर है। वैसे तो यहां हर त्रयोदशी को भीड़ होती है। लेकिन महाशिवरात्रि और श्रावण माह में खास भीड़ होती है। देवकुंड का प्रसिद्ध दूधेश्वर महादेव मंदिर ना सिर्फ औरंगाबाद जिले, बल्कि बिहार के प्रमुख तीर्थ स्थानों में गिना जाता है। यहां नीलम पत्थर से निर्मित भगवान शिव का शिवलिंग स्थापित है जो हजारों वर्ष पुराना है। मान्यताओं के अनुसार यह कई हजार वर्ष पुराना है क्योंकि भगवान श्रीराम ने भी यहां पर पूजा की थी।**

औरंगाबाद जिले के देवकुंड में च्यवन ऋषि के आश्रम के पास बने भगवान शिव की हजारो वर्ष पुरानी मंदिर है। वैसे तो यहां हर त्रयोदशी को भीड़ होती है। लेकिन महाशिवरात्रि और श्रावण माह में खास भीड़ होती है। देवकुंड का प्रसिद्ध दूधेश्वर महादेव मंदिर ना सिर्फ औरंगाबाद जिले, बल्कि बिहार के प्रमुख तीर्थ स्थानों में गिना जाता है। यहां नीलम पत्थर से निर्मित भगवान शिव का शिवलिंग स्थापित है जो हजारों वर्ष पुराना है। मान्यताओं के अनुसार यह कई हजार वर्ष पुराना है क्योंकि भगवान श्रीराम ने भी यहां पर पूजा की थी।

विभिन्न धार्मिक ग्रंथों के अनुसार भृगु ऋषि के पुत्र च्यवन ऋषि यहां तप करने पहुंचे थे, तब यह घना जंगल हुआ करता था। च्यवन ऋषि ने यहां आश्रम बनाया और एक कुंड की स्थापना की थी। बगल में एक पवित्र सरोवर है, जिसकी स्थापना भी च्यवन ऋषि ने ही किया था। बताया जाता है कि भगवान श्रीराम यहां पहुंचकर पवित्र सरोवर में स्नान करके ऋषि का दर्शन किया था और शिवलिंग की स्थापना करके पूजा अर्चना की थी, तभी से यह शिवलिंग यहां स्थापित है। देवकुंड मंदिर को लेकर यहां के लोगों के अनुसार कहा जाता है की यह विशाल मंदिर एक ही पत्थर में बना हुआ है।

ऐसा माना जाता है कि इस मंदिर के अलावा औरंगाबाद जिले में ही उमगा मंदिर और देव स्थित सूर्य मंदिर का निर्माण एक ही रात में हुआ था और इसे स्वयं भगवान विश्वकर्मा ने बनाया था।

ऐसा कहा जाता है कि रात को मंदिर नहीं था लेकिन सुबह जब लोगों ने देखा तो यहां पर विशाल मंदिर बना हुआ मिला था। शिव की नगरी देवतालाब का नाम ही तालाब से मिलकर बना है। देवतालाब मंदिर के आसपास कई तालाब हैं। वैसे देवतालाब में कई तालाबों का होना, यहां की विशेषता है। शिव मंदिर प्रांगण में जो तालाब है यह शिव-कुंड के नाम से प्रसिद्ध है। इस कुंड से जल भरकर ही श्रद्धालु सदाशिव भोलेनाथ के शिवलिंग पर जल चढ़ाया जाता है यह परंपरा सदियों से चली आ रही है।

मंदिर के पुजारी संजय गिरी बताते हैं कि बाबा धाम बैजनाथ धाम के तर्ज पर देवकुंड में भी कांवरिया पटना के गाय घाट से गंगा जल उठाकर मसौढ़ी, नदौल, जहानाबाद, कजर, करपी, शहर तेलपा होते हुए 115 किलोमीटर पैदल यात्रा कर भगवान भोलेनाथ की आर-ाधना करते हुए देवकुंड पहुंचकर बाबा दूधेश्वर नाथ पर जलाभिषेक करते हैं। यहां स्थित बाबा दूधेश्वरनाथ शिव मंदिर देश का एक मात्र ऐसा मंदिर है जहां नीलम पत्थर का शिवलिंग स्थित है।

# आषाढ़ माह में आएंगे ये व्रत-त्यौहार



हमारे देश में व्रत और त्योहारों का बहुत अधिक महत्व माना जाता है। न केवल ये त्योहार हमारी जिंदगी में खुशियां लाते हैं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टि से भी इनका हमारे जीवन में सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलता है। यूं तो हर महीने कोई न कोई त्योहार और व्रत जरूर आता है, लेकिन कुछ मौके ऐसे होते है जो बहुत खास होते हैं और उनका महत्व बढ़कर देखा जाता है। क्योंकि आषाढ़ मास की शुरुआत हो चुकी है, ऐसे में ये जानना बहुत जरूरी है कि इस महीने में कौन से खास व्रत और त्योहार आने वाले हैं।

### आषाढ़ महीने का समय

आपको बता दें कि 23 जून से आषाढ़ मास की शुरुआत हो चुकी है और ये 21 जुलाई तक रहेगा। इस महीने से ही चातुर्मास की भी शुरुआत होती है। यही वो समय होता है जब भगवान विष्णु चार महीनों के लिए विश्राम करते हैं और इसमें कई मंगल कार्यों पर मनाही होती है। हिन्दू कैलेंडर के अनुसार आषाढ़ को चौथा महीना माना जाता है, हालांकि अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार ये जून- जुलाई के वक्त होता है। तो देखते हैं कि कौन से ऐसे व्रत और त्योहार हैं, जिनके लिए आपको आषाढ़ मास में तैयार रहना है।

### जानें ये व्रत और त्यौहार

### संकष्टी चतुर्थी

इस महीने की 25 तारीख को संकष्टी चतुर्थी मनाई जाएगी। ये दिन भगवान गणेश को समर्पित होता है और इस दिन उनकी पूजा करने से विशेष फल प्राप्त होता है। इस दिन व्रत रखने का बहुत अधिक महत्व माना जाता है। इस व्रत को पूरे नियमों के साथ रखने के बाद रात्रि में चंद्रमा की पूजा करने के बाद खोला जाता है।

### पंचक की शुरुआत

आपको बता दें कि इसी महीने पंचक की भी शुरुआत होने वाली है। पंचक पांच दिनों का ऐसा समय होता है जिसे अशुभ माना जाता है। इस समय के दौरान कोई भी शुभ कार्य जैसे कि शादी-विवाह , मुंडन, गृह प्रवेश आदि करने की मनाही होती है। इस समय भगवान की पूजा करने के भी कुछ नियम होते हैं। ये पंचक 26 जून को शुरू होने वाला है और 30 जून तक चलेगा।

### काल भैरव पूजा

इस महीने की 28 तारीख को कालभैरव की पूजा यानी कि काल अष्टमी मनाई जाएगी। ये दिन काल भैरव को समर्पित होता है। और पूरे तंत्र मंत्र के साथ उनकी पूजा करके उन्हें प्रसन्न किया जाता है। काल भैरव का आशीर्वाद प्राप्त करने से जीवन मे कई संकटों से छुटकारा मिलता है।

### कृष्ण जन्माष्टमी

आषाढ़ महीने की मासिक कृष्ण जन्माष्टमी की बात करें तो 28 जून को इसे मनाया जाएगा। आपको बता दें कि ये मासिक जन्माष्टमी होती हैं और इस दिन भी लड्डू गोपाल की पूजा की जाती है। इस दिन व्रत रखने से भी कई लाभ मिलते हैं।

# 29 जून की शाम इन राशियों के घर होगा मां लक्ष्मी का आगमन, होंगे मालामाल




ज्योतिष की मानें तो 29 जून 2024 को शुक्र का उदय होने वाला है। बता दें कि 25 अप्रैल को शुक्र अस्त हुए थे। ज्योतिष में शुक्र न केवल एक शुभ ग्रह माना जाता है, बल्कि मांगलिक कार्यों में भी इसे शुभ माना जाता है। शुक्र ऐश्वर्य-वैभव, भौतिक सुख, भोग-विलास, कला, सौंदर्य, वैवाहिक आदि के कारक माने गए हैं। यूं तो शुक्र उदय का सभी 12 राशि वाले जातकों पर शुभ और अशुभ प्रभाव पड़ने वाला है। लेकिन कुछ राशियां ऐसी हैं जो इस दौरान सबसे ज्यादा लाभान्वित होंगी। आइए जानते हैं उन राशियों के बारे में।

### वृषभ राशि

वृषभ राशि वाले जातकों को इस दौरान जमकर लाभ मिलने वाला है। अगर आपने निवेश किया है तो आपको फायदा मिलेगा। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। धन में वृद्धि होगी। घर-परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा। घर पर कोई मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होगा।

### सिंह राशि

शुक्र का उदय सिंह राशि वाले जातकों के लिए फायदेमंद साबित होगा। कारोबारियों को मनमुताबिक सफलता मिलेगी। आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। आर्थिक लाभ मिलेगा। आपके भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी।

### तुला राशि

तुला राशि वाले जातकों को लाभ मिलेगा। आपके आर्थिक पक्ष में भी सुधार देखने को मिलेगा। परिवारवालों के साथ धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। कार्यस्थल पर आपके काम की तारीफ होगी।

### कुंभ राशि

कुंभ राशि वाले जातकों की इस दौरान सारी परेशानियां दूर हो जाएंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। जीवनसाथी के साथ अच्छा वक्त बितेगा। आप मानसिक रूप से फिट रहेंगे। घर पर खुशियों का माहौल रहेगा। नौकरीपेशा हैं तो लाभ मिलेगा।

### मीन राशि

मीन राशि वाले जातकों को इस दौरान जमकर लाभ मिलेगा। कार्यस्थल पर आपके काम की तारीफ होगी।

छात्रों के लिए समय शुभ है। परिवारवालों का भी पूरा सहयोग मिलेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। लव लाइफ में रोमांस बढ़ेगा। करियर, व्यापार और नौकरी में सफलता मिलेगी।

# गणेश चतुर्थी पर क्यों नहीं करना चाहिए चंद्रमा का दर्शन

## जानें इसके पीछे का रहस्य

गणेश चतुर्थी का पर्व बेहद शुभ माना जाता है। इस दिन भगवान गणेश की पूजा का विधान है। चतुर्थी का दिन भक्त बेहद भक्ति और उत्साह के साथ मनाते हैं। ऐसा कहा जाता है कि इस दिन पार्वती पुत्र भगवान गणेश की पूजा करने से सभी विघ्नों का नाश होता है। इसके साथ ही जीवन की सभी बाधाओं का अंत होता है।

वहीं, हिंदू मान्यताओं के अनुसार, इस दिन चंद्रमा को भूलकर भी नहीं देखना चाहिए, तो आइए इसके पीछे की क्या वजह है? इसके बारे में जानते हैं -

इस वजह से चतुर्थी पर चंद्रमा को नहीं देखना चाहिए

पौराणिक कथाओं के अनुसार, एक बार भगवान गणेश पृथ्वी की परिक्रमा करने निकले थे। इस दौरान सभी देवी-देवता उन्हें नमन कर रहे थे, लेकिन चंद्र देव ने अपनी चमक, रोशनी और खूबसूरती के गुमान में उनके गजानन मुख का मजाक उड़ा दिया था।



उनके इस अभिमान को समाप्त करने के लिए बप्पा ने उन्हें सदैव के लिए काले होने का श्राप दे दिया था। बाद में चंद्र देव को अपनी गलती का एहसास हुआ और उन्होंने भगवान गणेश से क्षमा मांगी।

जिसपर गौरी पुत्र ने कहा कि मयह श्राप पूर्ण रूप से तो खत्म नहीं हो सकता है, लेकिन इसे कम किया जा सकता है। तब उन्होंने इसका प्रभाव कम करते हुए कहा, मजो लोग चुतर्थी के मौके पर चांद को देखेंगे उन्हें बेवजह कलंक का सामना करना पड़ेगाफ।

गणेश चतुर्थी पर चंद्रमा के दर्शन से क्या होता है?


धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, गणेश चतुर्थी पर चांद देखने से झूठे आरोपों का सामना करना पड़ता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन चंद्रमा को देखने से निर्दोष होने पर भी बदनामी का सामना करना पड़ता है, जिसके बारे में आपने अपने घर के बड़े-बुजुर्गों से भी सुना होगा।ऐसे में इस तिथि पर गलती से भी चांद को न देखें। हालांकि अगर लोग अंजाने में यह गलती कर बैठते हैं, तो उन्हें कृष्ण-कृष्ण का जाप कर लेना चाहिए।

# शिवलिंग पर जल चढ़ाते समय करें इस स्तोत्र का पाठ, दुख और गरीबी होगी दूर

सोमवार का दिन देवों के देव महादेव को समर्पित होता है। इस दिन भगवान शिव की विशेष पूजा की जाती है। साथ ही भगवान शिव के निमित्त सोमवारी व्रत रखा जाता है। इस व्रत की महिमा का गुणगान शिव पुराण में विस्तार से किया गया है। चिर काल में जगत जननी मां पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए सोमवारी व्रत किया था। इस व्रत के पुण्य फल से भगवान शिव एवं मां पार्वती परिणय सूत्र में बंधे थे। अतः सोमवारी व्रत का विशेष महत्व है। इस व्रत को सभी वर्ग के लोग कर सकते हैं। विवाहित स्त्रियां सुख-सौभग्य में वृद्धि और पति की लंबी आयु के लिए सोमवार के दिन व्रत रखती हैं। वहीं, कुंवारी लड़कियां शीघ्र विवाह के लिए व्रत रखती हैं। इस व्रत को करने से शीघ्र विवाह के योग बनते हैं। अगर आप भगवान शिव की कृपा पाना चाहते हैं, तो सोमवार के दिन स्नान-ध्यान के बाद विधि-विधान से महादेव की पूजा करें। वहीं, शिवलिंग पर जल चढ़ाते समय इस स्तोत्र का पाठ करें।

### दारिद्र्य दहन शिव स्तोत्र

**विश्वेश्वराय नरकार्णवतारणाय कर्णामृताय शशिशेखरधारणाय ।**
**कर्पूरकान्तिधवलाय जटाधराय दारिद्र्यदुःखदहनाय नमः शिवाय ।।**
**गौरीप्रियाय रजनीशकलाधराय कालान्तकाय भुजगाधिपकङ्कणाय ।**



**गङ्गाधराय गजराजविमर्दनाय दारिद्र्यदुःखदहनाय नमः शिवाय ।।**
**भक्तप्रियाय भवरोगभयापहाय उग्राय दुर्गभवसागरतारणाय ।**
**ज्योतिर्मयाय गुणनामसुकृत्यकाय दारिद्र्यदुःखदहनाय नमः शिवाय ।।**
**चर्मांबराय शवभस्मविलेपनाय भालेक्षणाय मणिकुण्डलमण्डिताय ।**
**मंजीरपादयुगलाय जटाधराय दारिद्र्यदुःखदहनाय नमः शिवाय ।।**
**पञ्चाननाय फणिराजविभूषणाय हेमांशुकाय भुवनत्रय मण्डिताय ।**
**आनन्दभूमिवरदाय तमोमयाय दारिद्र्यदुःखदहनाय नमः शिवाय ।।**
**गौरीविलासभवनाय महेश्वराय पञ्चाननाय शरणागतकल्पकाय ।**
**शर्वाय सर्वजगतामधिपाय तस्मै दारिद्र्यदुःखदहनाय नमः शिवाय ।।**
**भानुप्रियाय भवसागरतारणाय कालान्तकाय कमलासनपूजिताय ।**
**नेत्रत्रयाय शुभलक्षणलक्षिताय दारिद्र्यदुःखदहनाय नमः शिवाय ।।**
**रामप्रियाय राघुनाथवरप्रदाय नागप्रियाय नरकार्णवतारणाय ।**
**पुण्येषु पुण्यभरिताय सुरार्चिताय दारिद्र्यदुःखदहनाय नमः शिवाय ।।**
**मुक्तेश्वराय फलदाय गणेश्वराय गीतप्रियाय वृषभेश्वरवाहनाय ।**
**मातङ्गचर्मवसनाय महेश्वराय दारिद्र्यदुःखदहनाय नमः शिवाय ।।**
**वसिष्ठेनकृतं स्तोत्रं सर्व दारिद्र्यनाशनम् ।**
**सर्वसंपत्करं शीघ्रं पुत्रपौत्रादिवर्धनम् ।।**

# ऑफ व्हाइट साड़ी में जहीर इकबाल की दुल्हन बनीं सोनाक्षी सिन्हा



बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल एक दूजे के हो चुके हैं । दोनों की रजिस्टर्ड मैरिज हो चुकी है और अब कपल ने अपनी शादी की तस्वीर शेयर की है। इन तस्वीरों में दोनों का पूरा हंसता-खेलता परिवार भी दिख रहा है ।इन तस्वीरों में सोनाक्षी और जहीर मैचिंग आउटफिट में नजर आए। सोनाक्षी जहां ऑफ व्हाइट हैवी साड़ी और बालों में गजरा लगाए नजर आईं। वहीं जहीर व्हाइट चिकनकारी कुर्ते में काफी हैंडसम लग रहे हैं। दोनों के चेहरे पर शादी की खुशी साफ झलक रही है। शादी की तस्वीरो में सोनाक्षी पिता शत्रुघ्न सिन्हा का हाथ भी पकड़े हुए दिखाई दी।

## सोनाक्षी ने लव स्टोरी के बारे में बताया

सोनाक्षी सिन्हा ने इंस्टाग्राम पर इन फोटो को शेयर करते हुए अपनी और जहीर की लव स्टोरी के बारे में भी बताया। एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, 'आज के ही दिन, सात साल पहले (23।06।2017) हम दोनों ने एक दूसरी की आंखों में प्यार देखा था। तब इस प्यार के साथ एक दूसरे का हाथ थामने का तय किया। आज उस प्यार ने हमें सभी चुनौतियों और जीत को हासिल करवाया है। हमारी फैमिली और हमारे ईश्वर के आशीर्वाद के साथ आज से हम दोनों पति पत्नी हैं।'

## 7 साल से एक साथ हैं जहीर-सोनाक्षी

एक्ट्रेस के इस पोस्ट के बाद ये तो साफ हो गया है कि सोनाक्षी सिन्हा और जहीर सात साल से एक दूसरे के साथ है। वहीं दोनों की शादी की फोटोज सामने आते ही फैंस और सेलेब्स ने बधाई देना शुरू कर दिया है। सोशल मीडिया पर ढेरों फैंस एक्ट्रेस की फोटोज को शेयर कर रहे हैं। साथ ही कपल को बधाई दे रहे हैं। वहीं कपल का आज शाम वेडिंग रिसेप्शन होने वाला है और वेन्यू पर गेस्ट का पहुंचना भी शुरू हो गया है। जोया मोरानी रिसेप्शन में शामिल होने के लिए वेन्यू पर पहुंच चुकी हैं। इसके अलावा एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी भी अपने मंगेतर के साथ सोनाक्षी-जहीर की शादी में पहुंची हैं।

### कल्कि 2898 एडी का फाइनल वॉर आउट

# ट्रेलर में दिखीं महाभारत के सबसे बड़े युद्ध की झलकियां




रिबेल स्टार प्रभास और उनकी टीम बहुप्रतीक्षित पैन-इंडिया फिल्म कल्कि 2898 एडी की रिलीज के लिए कमर कस ली है। नाग अश्विन की निर्देशित यह साइंस-फिक्शन थ्रिलर सबसे महत्वाकांक्षी फिल्मों में से एक है। फिल्म में प्रभास के साथ बॉलीवुड मेगास्टार अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण, कमल हासन और दिशा पटानी जैसे सितारे हैं। हाल ही में मेकर्स ने फिल्म का फाइनल वॉर यानी दूसरा फाइनल ट्रेलर रा लॉन्च किया है।पहले ट्रेलर में फिल्म की दुनिया और उसके किरदारों से परिचय कराया गया था, जबकि दूसरे ट्रेलर में फिल्म की स्टोरी और भावनाओं पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हुए उसे आगे बढ़ाया गया है।कलियुग में आने वाले अवतार कल्कि दीपिका पादुकोण द्वारा अभिनीत सुमति के गर्भ में रहते हैं। अश्वत्थामा (अमिताभ बच्चन) बच्चे को बचाने का वादा करता है। लेकिन भैरव (प्रभास) इनाम जीतने के लिए सुमति को पकडऩे की कोशिश करता है। इनाम हासिल करने से भैरव कॉम्प्लेक्स तक पहुंच सकता है।बाद में ट्रेलर में प्रभास और अमिताभ के बीच आमना-सामना दिखाया गया है। इस भैरव कहता है कि वह अब तक कोई भी लड़ाई नहीं हारी है। इस बीच ट्रेलर में महाभारत के सबसे बड़े युद्ध की कुछ झलकियां भी दिखाई गई हैं।कल्कि 2898 एडी एक काल्पनिक भविष्य पर आधारित है, जिसका विषय पौराणिक है।


# थलापति विजय की फिल्म गोट का एक्शन फुल टीजर रिलीज

### एक्टर का दिखा सरप्राइजिंग अवतार




साउथ सिनेमा स्टार विजय थलापति के 50वें बर्थडे के मौके पर एक्टर ने अपने फैंस को अपनी नई फिल्म गोट से नया तोहफा दिया है। थलापति विजय की फिल्म गोट मौजूदा साल में ही रिलीज होगी और अपने बर्थडे के मौके पर एक्टर ने अपने फैंस को खाली हाथ नहीं जाने दिया है। एक्टर ने अपनी फिल्म गोट से अपना एक्शन और स्टंटफुल टीजर शेयर किया है। इस टीजर में थलापति विजय का डबल रोल दिख रहा है, जिसे देखने के बाद विजय के फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं हैं।इस टीजर की शुरुआत ही एक्शन से होती है और विजय के पीछे कुछ बाइकर्स और कार मैन पड़े हैं और विजय अपनी ही धुन में बाइक को एक्शन में दौड़ा रहे हैं। वही, टीजर का आखिरी सीन सबसे ज्यादा सरप्राइजिंग और रोंगटे खड़े करने वाला है। टीजर के आखिर में एक्टर का बाइक पर टर्न और एक्टर का डबल रोल दिखना फैंस के लिए किसी सरप्राइजिंग अवतार से कम नहीं है।गोट के मेकर्स ने बीते दिन सॉन्ग चिन्ना-चिन्ना कंगल का एक पोस्टर शेयर कर इसकी जानकारी दी थी और एक पोस्टर भी शेयर किया था। इस पोस्टर में विजय बतौर रोल अपनी फैमिली के साथ दिख रहे थे । फिल्म को वेंकट प्रभु ने डायरेक्ट किया है और फिल्म आगामी 5 सितंबर को रिलीज होन जा रही है।

# चिरंजीवी स्टारर विश्वंभरा में एक्टर कुणाल कपूर भी हुए शामिल




मेगा स्टार चिरंजीवी की फैंटेसी एडवेंचर फिल्म विश्वंभरा काफी चर्चाओं में हैं। फिल्म को लेकर अक्सर नए-नए अपडेट सामने आ रहे हैं। इस कड़ी में फिल्म के कलाकारों में एक और नाम जुड़ा है।मेकर्स ने नाम का खुलासा करते हुए बताया कि मशहूर एक्टर कुणाल कपूर इस फिल्म की कास्ट में शामिल हो गए हैं। उन्हें इस फिल्म के अहम किरदार को निभाने के लिए साइन किया गया है। यह फिल्म संक्रांति 2025 पर रिलीज होने वाली है। कलाकारों में त्रिशा कृष्णन और आशिका रंगनाथ भी शामिल हैं।इंस्टाग्राम पर कुणाल ने लिखा, इस फिल्म में मैं चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाने के लिए बेहद एक्साइटेड हूं। एक ऐसे व्यक्ति के साथ स्क्रीन शेयर करने का अवसर मिला है, जिसका मैं बचपन से ही बहुत बड़ा फैन रहा हूं।विक्रम, वामसी और प्रमोद की प्रशंसित तिकड़ी और यूवी क्रिएशंस के बैनर तले निर्मित विश्वंभर में ऑस्कर विजेता संगीतकार एम।एम। कीरवानी का संगीत होगा।हाल ही में फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं। इसमें चिरंजीवी का लुक भी सामने आया, जो एक्शन सीक्वेंस से बताया जा रहा है। फोटो में वह रेड कलर की शर्ट और जीन्स पहने नजर आ रहे हैं। उन्होंने गले में चेन, एक हाथ में घड़ी और आंखों पर काला चश्मा लगाया है।फिल्म के एक्शन सीक्वेंस को पॉपुलर स्टंट कोरियोग्राफर की जोड़ी राम-लक्ष्मण कोरियोग्राफ कर रहे हैं। खबर है कि इस एक्शन सीक्वेंस के लिए मेकर्स ने 3 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। विश्वंभरा 10 जनवरी 2025 को रिलीज होगी।बात करें अगर कुणाल कपूर की, तो वो एक्टर के साथ-साथ बिजनेसमैन भी हैं। वह टॉप क्राउड-फंडिंग प्लेटफॉर्म केटो के को-फाउंडर हैं। उन्होंने 2012 में बिजनेस पार्टनर जहीर अडेनवाला और वरुण सेठ के साथ मिलकर केटो की स्थापना की थी।

कुणाल के पिता किशोर कपूर बिजनेसमैन और मां सिंगर थीं। उन्होंने कम उम्र में ही एक्टर बनने का सपना देखा। इसके लिए उन्होंने एक्टिंग स्कूल में एडमिशन लिया और नसीरुद्दीन शाह के थिएटर ग्रुप मोटले से भी शामिल हुए। उन्होंने फिल्म अक्स में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम किया।

# बॉक्स ऑफिस पर मजबूत पकड़ बनाए हुए है चंदू चैंपियन

### आधी लागत वसूलने की ओर बढ़ा कारोबार



कार्तिक आर्यन की चंदू चैंपियन काफी प्रमोशन और बज के बाद सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने दर्शकों को काफी प्रभावित किया है। हालांकि फिल्म की बॉक्स ऑफिस शुरुआत थोड़ी धीमी रही लेकिन पॉजिटिव वर्ड ऑफ माउथ की वजह से फिल्म ने इसके बाद रफ्तार पकड़ ली और इसी के साथ इसने हर दिन शानदार कलेक्शन किया।

अब ये फिल्म रिलीज के दूसरे हफ्ते में भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म कर रही है। चलिए यहां जानते हैं चंदू चैंपियन ने रिलीज के 8वें दिन कितना कलेक्शन किया है?चंदू चैंपियन में कार्तिक आर्यन की दमदार परफॉर्मेंस की खूब तारीफ हो रही है। फिल्म में अपने किरदार में जान फूंकन के लिए कार्तिक आर्यन ने खूब मेहनत की है। दर्शक भी एक्टर के ट्रांसफॉर्मेशन से हैरान है।

इसी के साथ चंदू चैंपियन को क्रिटिक्स और दर्शकों से भी बेहद पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला है। इस फिल्म ने रिलीज के पहले हफ्ते में टिकट काउंटर पर अच्छा परफॉर्म किया अब ये रिलीज के दूसरे हफ्ते में एंट्री कर चुकी है और ये बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए हैं।फिल्म की कमाई की बात करें तो चंदू चैंपियन ने रिलीज के पहले दिन 4.75 करोड़, दूसरे दिन 7 करोड़, तीसरे दिन 9.75 करोड़, चौथे दिन 5 करोड़, पांचवें दिन 3.25 करोड़, छठे दिन 3 करोड़ और सातवें दिन 2.5 करोड़ की कमाई की. इसी के साथ चंदू चैंपियन का एक हफ्ते का कलेक्शन 35.25 करोड़ रुपये हो गया है.

# लॉस एंजिल्स 2024 के इंडियन फिल्म फेस्टिवल के लिए जूरी में शामिल हुईं श्रिया पिलगांवकर



एक्ट्रेस श्रिया पिलगांवकर को लॉस एंजिल्स के इंडियन फिल्म फेस्टिवल (आईएफएफएलए) के 2024 एडिशन में शॉर्ट्स कैटेगरी के लिए जूरी पैनल में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए सम्मान की बात है।श्रिया ने कहा, मुझे लॉस एंजिल्स 2024 के इंडियन फिल्म फेस्टिवल में शॉर्ट्स फिल्म कैटेगरी के लिए जूरी सदस्य के तौर पर आमंत्रित किया गया है। इससे मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं। मैं फेस्टिवल में हिस्सा लेने और उभरते साउथ एशियन फिल्ममेकर्स द्वारा इन शानदार शॉर्ट्स फिल्मों को देखने के लिए एक्साइटिड हूं।एक्ट्रेस ने कहा, फिल्म फेस्टिवल का माहौल हमेशा क्रिएटिविटी से भरा होता है। मैं अलग-अलग कहानीकारों और कलाकारों से मिलने और बातचीत करने तथा आईएफएफएलए में फिल्मों की लाइनअप को देखने के लिए बेहद एक्साइटिड हूं।श्रिया को 2018 में मिर्जापुर में देखा गया था। सीरीज में उन्होंने स्वीटी का किरदार निभाया था, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया। इसके अलावा, वह गिल्टी माइंड्स, ताजा खबर और द ब्रोकन न्यूज 2 जैसी सीरीज के लिए भी जानी जाती हैं।उन्होंने साल 2016 में शाहरुख खान की फिल्म फैन से बॉलीवुड में डेब्यू किया।श्रिया ने इंटरनेशनल प्रोजेक्ट्स में भी अपनी पहचान बनाई है। वह गुरिंदर चड्ढा द्वारा निर्देशित ब्रिटिश सीरीज बीचम हाउस और दिग्गज फिल्म निर्माता क्लाउड लेलौच की फ्रेंच फिल्म अन प्लस उन में नजर आई हैं।इंडियन फिल्म फेस्टिवल 27 जून को शुरू होगा और 30 जून को समाप्त होगा।इस साल, शॉर्ट्स प्रोग्राम में राजश्री देशपांडे की हेमा, लास्ट डेज ऑफ समर और लोरी शामिल हैं।फेस्टिवल का समापन विजय सेतुपति और अनुराग कश्यप स्टारर महाराजा के साथ होगा। गुनीत मोंगा और करण जौहर की किल समेत भारत की कुछ फिल्में फेस्टिवल का हिस्सा बनेंगी।

# बॉक्स ऑफिस पर जारी है मुंज्या का जलवा, कारोबार 70 करोड़ के हुई पार



अभय वर्मा और शरवरी वाघ इन दिनों सातवें आसमान पर हैं। इसकी वजह भी है दरअसल इन दोनों की लेटेस्ट रिलीज हॉरर कॉमेडी फिल्म मुंज्या ने बॉक्स ऑफिस पर जलवा बिखेरे हुए है। इस फिल्म ने अपनी लागत से कई गुना ज्यादा बिजनेस कर लिया है और इसकी बॉक्स ऑफिस पर पकड़ अब भी मजबूत बनी हुई है। चलिए यहां जानते हैं मुंज्या ने रिलीज के 15वें दिन कितना कलेक्शन किया है? मुंज्या ने बॉक्स ऑफिस पर वो कर दिखाय़ा है जो इस साल रिलीज हुई कई बड़ी फिल्में नहीं कर पाई। ना तो इस फिल्म में कोई बड़ी स्टार कास्ट है और ना ही ये भारीभरकम बजट में बनाई गई है। लेकिन मुंज्या की कहानी में बड़ा दम है जिसने दर्शकों का दिल जीत लिया है। इसी वजह से मुंज्या बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही है और कार्तिक आर्यन की चंदू चैंपियन के सामने भी ये फिल्म धड़ल्ले से करोड़ों का कारोबार कर रही है। मुंज्या अब रिलीज के तीसरे हफ्ते में एंट्री कर चुकी है और इसकी कमाई की रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रही है।फुंज्या के कलेक्शन की बात करें तो इस फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 4 करोड़ से खाता खोला था और इस फिल्म के पहले हफ्ते का कलेक्शन 35.3 करोड़ रुपये रहा। दूसरे हफ्ते में इस फिल्म ने 32.65 करोड़ का कलेक्शन किया। वहीं अब ये फिल्म रिलीज के तीसरे हफ्ते में है और इसके थर्ड फ्राइडे की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं।सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक मुंज्या ने रिलीज के तीसरे शुक्रवार यानी 15वें दिन 2.75 करोड़ का कलेक्शन किया है। इसी के साथ मुंज्या का 15 दिनों का कुल कलेक्शन अब 70.70 करोड़ रुपये हो गया है। मुंज्या को रिलीज हुए दो हफ्ते पूरे हो चुके हैं और ये तीसरे हफ्ते में एंट्री कर चुकी है लेकिन इसकी कमाई की रफ्तार में कोई कमी नहीं आ रही। 40 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म 70 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर चुकी है।

### रेड बॉडीकोन आउटफिट पहन पलक तिवारी ने दिखाया हॉट अवतार

# किलर पोज देख फिदा हुए फैंस



पलक तिवारी अक्सर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस को हुस्न का कायल कर देती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही बवाल मचाने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट हॉट लुक से एक बार फिर से सोशल मीडिया का टैम्परेचर बढ़ा दिया है। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस आहें भरने लगे हैं।टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं।

# आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आज का दिन मिलाझुला रहेगा कही काम बनेंगे कही दिक्कतें आंएगी मिश्रित परिणाम रहेगे. आमदनी ठीक रहेगी, लेकिन बढ़ते खर्चों पर विराम लगाने में आप सफल नहीं हो पाएंगे. दिन–प्रतिदिन के कार्य सुचारू रूप से चलते रहेंगे. कुछ भी काम करने से पहले पर्याप्त पूछताछ करें. काम के लिए लंबी दूरी की यात्रा लाभदायक होगी. गृहस्थी मे हल्का सा तनाव बनेगा लेकिन दिन बदलते ही शान्ति का अनुभव होगा स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आज का दिन खुशहाल और बहतर रहेगा । छात्रों का पढाई के प्रति मन आकृष्ट होगा। जीवनसाथी के करियर में बदलाव आने से घर में खुशी का माहौल बनेगा.नए प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा.आप अपने काम में सफल भी होंगे.माता–पिता का सहयोग भी बना रहेगा.शाम को उनके साथ किसी धार्मिक स्थल पर जायेंगे.किसी अपने से आपको बड़ी खुशखबरी मिल सकती है.आपके पास कुछ नई जिम्मेदारियां आ सकती हैं.गाय को गेहूँ गुड खिलाए ।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह**

आज काम का ओवरलोड रहेगा थकावट ज्यादा रहेगी परन्तु काम करने की ताकत और बातचीत बेहतर रहेगी. नए विचार दिमाग में आएंगे. राजनीतिक क्षेत्र के लोगों के लिए समय पहले से अच्छा हो सकता है. यदि कोई गुमराह हो रहा है, तो आप उस पर नजर रख सकते हैं. घबराएं नहीं, ध्यान से समझकर समय रहते अवसर का लाभ उठायें. दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा.बच्चों के साथ कहीं यात्रा होगी मौसमी बिमारी से सावधानी जरुरी हैं।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आज नयी योजना को मूर्तरुप देना उचित होगा भविष्य मे लाभदायक होगी। अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने के इए आज का दिन शुभ है, भाग्य आपका पक्ष लेगा और आपके रुके हुए कार्य प्रगति करेंगे. आर्थिक रूप से आप अच्छा करेंगे और कुछ अतिरिक्त प्रयासों के साथ एक पुराना दिया गया ऋण भी वापिस प्राप्त कर सकते हैं. कोई भी निवेश करने से पहले किसी जानकार व्यक्ति की सलाह अवश्य लें. विरोधियों को आप परास्त करेंगे आप की ईच्छा शक्ति बलवान रहेगी।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

आज छात्रों को सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे .आपको अपने काम पर पूरा फोकस रखना चाहिए. ऑफिस के किसी काम में आपको अधिक समय लग सकता है. कारोबार में आपको धन लाभ हो सकते हैं.किसी खास व्यक्ति से अचानक मुलाकात आपके करियर की दिशा को बदल सकती है.आपको रोजगार के उचित अवसर प्राप्त हो सकते हैं.किसी भी जरुरी काम में आपको जल्दबाजी करने से बचना चाहिए, शिवमंत्र का जप करें चमेली का दीप प्रज्वलित करें।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

आज कुछ पुराने मामले सुलझ सकते है परन्तु पहल आप को ही करनी पडेगी . जिस पहचान और पुरस्कार की उम्मीद आप कर रहे थे, वह बाद के लिए टल सकती है और आपको हताशा का सामना करना पड सकता है. सरकारी क्षेत्र के अटके कार्य फिर से चल पड़ेंगे. खर्च थोड़ा संभल कर करें. आज आप काम में अधिक व्यस्त रहें. इससे आपको शारीरिक थकान रहेगी. शाम के वक्त पार्क मे ठहलने के लिए निकले बॉडी को रिलैक्स फील होगा।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आप परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर जांएगे अपने परिवार के साथ समय बिताने के लिए आज अच्छा दिन है. पारिवारिक आय में सुधार होगा और बच्चे प्रत्येक दिशा मे अच्छा प्रदर्शन करेंगे. परिवार में कुछ सुखद घटनाएं घट सकती हैं. माता की संपत्ति के पक्ष में कानूनी मुद्दे कुछ गति प्राप्त कर सकते हैं. व्यापार में हालात सामान्य रहेंगे. आय में अनियमितता के कारण कुछ परेशानी हो सकती है किसी नए व्यक्ति के साथ यात्रा का योग नही हैं भोजन करते समय मौन रहें आप के स्वास्थ्य के लिए जरुरी हैं।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आज कार्यालय मे माहौल खुशनुमा रहेगा आज के कुछ जरूरी काम पूरे हो सकते हैं. आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा.जीवनसाथी के साथ लंबी बातचीत हो सकती है. आपके रिश्तों में मजबूती आयेगी.आपके कुछ नए दोस्त भी बन सकते हैं.आपका सामाजिक दायरा अचानक बहुत बढ़ जायेगा.आसपास के लोगों से आपको मदद मिलती रहेगी. आपको व्यवसाय में लाभ मिलने की पूरी उम्मीद है.दैनिक कार्यों से कुछ समय मिलेगा असहाय लोगों को जरुरत की वस्तु की सेवा करें आत्मीय शान्ति होगी।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आज मन और बुद्धि को स्वच्छ रखें ईष्ट मंत्र का जप करें गजब का उत्साह देखने को मिलेगा. अपने वर्तमान संगठन में अधिक ज्ञान प्राप्त करने का प्रयास करना सबसे अच्छा होगा.अगर आप कलाकार हैं तो अपना कौशल दिखाने के लिए कई नए मौक़े मिलेंगे. घर और काम पर दबाव रहेगा क्रोध और बेचैन बना सकता है. अपने वरिष्ठ अधिकारियों पर दबाव न डालें. यह इसके लिए सही समय नहीं है. आज सुबह पौधों को जल सींचे तुलसी के पास दीप जलाएं।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

सुबह माता–पिता का आशीर्वाद लेकर निकले सफलता निकट होगी और पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा. आप भौतिक सुखों पर व्यय कर सकते हैं. आपकी भाषा शैली काफ़ी प्रभावशाली रहेगी. आप काफी प्रसिद्ध रहेंगे. परिवार के सदस्यों का आपके प्रति बहुत अच्छा बर्ताव रहेगा. इस अवधि में आर्थिक रूप से संपन्न रहेंगे. आपका सम्मान होगा तथा ख्याति बढेग़ी. व्यापार का विस्तार भी हो सकता है. आपकी मेहनत रंग लाएगी. जीवनसाथी के साथ आनंददायी समय बीतेगा, बच्चों पर अधिक दबाव मत बनाए कुछ छूट देना होगा ।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

आप पीपल वृक्ष का रोपण करें वंशवृद्धि होगी । आप किसी जरूरी काम को पूरा करने की सोच रहे हैं, तो वह काम आज पूरा हो जाएगा.जीवनसाथी के साथ डिनर का प्लान बना सकते हैं.आपको किस्मत का पूरा–पूरा सहयोग प्राप्त होगा.अधिकारियों से आपको मदद मिलेगी.आप व्यापार में किसी से साझेदारी कर सकते हैं. परिवार वालों का हंसी–मजाक घर के वातावरण को खुशनुमा बना देगा.गौशाला मे बच्चों के साथ जाए अपने हाथों से सेवा करें ।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

आप को बहतर स्वास्थ्य के लिए अधिक तला हुआ अधिक मीठा भोजन का त्याग करना होगा । कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. प्रसन्नता रहेगी. भाइयों का साथ मिलेगा. शाम के वक़्त अचानक मिली कोई अच्छी ख़बर पूरे परिवार की ख़ुशी और उत्साह की वजह साबित होगी. आप को मित्रों के रुके हुए काम अपनी क्षमता पर पूरे करने पडेंगे रिश्ता और मजबूर होगा।

## सोमवार का पंचांग

दिनांक : 24 जून 2024 , सोमवार
विक्रम संवत : 2081
मास : आषाढ़ , कृष्ण पक्ष
तिथि : तृतीया रात्रि 01:25 तक
नक्षत्र : उत्तराषाढा दोपहर 03:54 तक
योग : ऐन्द्र प्रातः 11:50 तक
करण : वणिज दोपहर 02:28 तक
चन्द्रराशि : मकर
सूर्योदय : 05:43, सूर्यास्त 06:53 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 05:55, सूर्यास्त 06:48 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 05:46, सूर्यास्त 06:42 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:36 , सूर्यास्त 06:43 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

अमृत : 06:00 से 07:30
शुभ : 09:00 से 10:30
चल : 01:30 से 03:00
लाभ : 03:00 से 04:30
अमृत : 04:30 से 06:00
राहुकाल : प्रातः 07:30 से 09:00
दिशाशूल : पूर्व दिशा
उपाय : दही धनिया खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष :– भद्रा दोपहर 02:27 से रात्रि 01:24 तक




पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें
पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com


# हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी : धर्मेंद्र प्रधान



**रोहतक, 23 जून (एजेंसियां)।** हरियाणा के रोहतक स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में नवनियुक्त सांसदों, प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी और प्रदेश के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान का सम्मान समारोह रविवार को आयोजित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान धर्मेंद्र प्रधान ने विधानसभा चुनाव के प्रचार का आगाज कर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि अगले सौ दिन जी–जान से मेहनत करें। हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने वाली है।

इस दौरान धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कभी भी संविधान का सम्मान नहीं किया। कांग्रेस ने हमेशा संविधान के साथ खिलवाड़ करने की नीति पर काम किया, वह लूट की राजनीति करती है। भाजपा का लक्ष्य कांग्रेस के भ्रष्टाचार को जनता के सामने लाना है। कार्यकर्ताओं को रीढ़ की हड्डी बताते हुए उन्होंने कहा कि आगामी सौ दिनों में भाजपा हर जिले में पहुंचकर कार्यकर्ताओं की बात सुनेगी और जहां कहीं भी कमी रह गई है उसे दूर करेगी। हरियाणा सरकार की ओर से जनता को दी जा रही सुविधाओं में अगर कहीं कमी रह गई है तो उसे दुरुस्त किया जाएगा। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि हरियाणा में अगर दूसरी पार्टी की सरकार बन जाती है तो भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था कैसे बन पाएगा?

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प को साथ लेकर चलेगा और प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनेगी। आज का यह कार्यक्रम हरियाणा विधानसभा चुनाव के प्रचार का आगाज है। अगले तीन महीने में कांग्रेस पार्टी की नींव ढह जाएगी, धर्मेंद्र प्रधान के गुरु मंत्र को पार्टी कार्यकर्ता घर–घर तक पहुंचाएंगे। दस साल के शासनकाल में उनकी सरकार ने सभी वर्ग के लोगों के हित में काम किया है, इसलिए एक बार फिर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी।

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। लोकसभा में भले ही मिला–जुला चुनाव परिणाम रहा हो, लेकिन केंद्र में तीसरी बार सरकार बनाकर जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी की गई है। विपक्ष ने लोकसभा चुनाव के दौरान बहुत हथकंडे अपनाए और कुछ लोगों को बहकाने में भी कामयाब हो गए। विधानसभा चुनाव में भी विपक्षी दलों की ओर से इस तरह के हथकंडे अपनाये जाएंगे, इसलिए भाजपा के कार्यकर्ता और प्रदेश की जनता को सजग रहने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की पहली प्राथमिकता जनता को घर बैठे योजनाओं का लाभ देना है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बन गई तो वह 'धींगा–मुश्ती' वाली सरकार होगी। इस सरकार में भाई–भतीजावाद का बोलबाला रहेगा। इसलिए पार्टी के कार्यकर्ता मेहनत करें और प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने में अपना योगदान दें।

# 23 पुलिस टीमों ने 6 घंटे चलाया ऑपरेशन आक्रमण 16 आरोपियों को किया गिरफ्तार



**चरखी दादरी, 23 जून (एजेंसियां)।** हरियाणा के चरखी दादरी जिला पुलिस ने रविवार को छह घंटे ऑपरेशन आक्रमण चलाकर अलग–अलग मामलों में 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मचा रहा। पुलिस ने 114 बोतल देसी शराब, दो पिस्तौल और 5 कारतूस समेत आरोपियों से 6150 रुपये बरामद किए गए। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत थाने में केस दर्ज किए गए।पुलिस प्रवक्ता पवन कुमार ने बताया कि एसपी पूजा वशिष्ठ ने ऑपरेशन आक्रमण के लिए 23 पुलिस टीमों का गठन करवाया, जिनमें 113 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल किए गए। इन टीमों ने अपराधियों पर कड़ा प्रहार करते हुए उन्हें दबोचने में सफलता हासिल की। आबकारी अधिनियम के तहत पुलिस थानों में सात मामले दर्ज हुए। इन मामलों में सात आरोपियों की गिरफ्तारी हुई और उनके कब्जे से देसी शराब की 114 बोतलें बरामद की गई। इसके अलावा पुलिस टीमों ने जुआ खेलते हुए चार आरोपियों को काबू किया। इनसे 6150 रुपये बरामद किए गए।

अभियान के तहत पुलिस टीमों ने गुप्त सूचना के आधार पर दो युवकों को अवैध हथियार समेत गिरफ्तार है। दोनों के कब्जे से दो देसी पिस्तौल और 5 कारतूस बरामद हुए। आरोपियों के खिलाफ सशस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। जिला पुलिस ने कई साल से फरार चल रहे एक पीओ दबोचने में भी सफलता हासिल की है। उसके खिलाफ धारा 174–ए के तहत केस दर्ज किया गया। वहीं, अपराध के दो पुराने मामलों में भी दो आरोपियों को पकड़ा है।

ऑपरेशन आक्रमण के तहत पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 91 चालान किए। इनमें 67 चालान गलत लेन में चलने पर किए गए। शराब पीकर गाड़ी चलाने पर 2, ब्लैक फिल्म का एक, गलत दिशा में गाड़ी दौड़ाने के दो चालान किए गए। इसके अलावा 19 अन्य अधिनियम के तहत चालान किए गए। जिले में अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं है। इन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। भविष्य में भी पुलिस की इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। आमजन से अपील है कि अपराध और नशा की रोकथाम में पुलिस का सहयोग करें।

# राजस्थान कांग्रेस ने विधानसभा उपचुनाव के लिये समिति का गठन किया



**जयपुर, 23 जून (एजेंसियां)।** राजस्थान में लोकसभा चुनाव के बाद राजस्थान में रिक्त हुए पांच विधानसभा क्षेत्रों में आगामी उप चुनाव की तैयारी के लिये राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिये चार सदस्यीय समितियों का गठन किया है।राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने रविवार को कहा कि इन समितियों द्वारा ब्लॉक, मण्डल एवं बूथ कांग्रेस समितियों की बैठक करके क्षेत्र के जमीनी कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि जमीनी स्तर पर संगठन का मतदाताओं से संवाद एवं जुड़ाव के लिये कार्य योजना बनाकर विधानसभा उप चुनावों में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिये रूपरेखा तैयार की जायेगी।श्री चतुर्वेदी ने बताया कि झुन्झुनु के लिये गठित समिति में सांसद बृजेन्द्रसिंह ओला, महासचिव रामसिंह कस्वां, जिलाध्यक्ष दिनेश सूण्डा, विधायक मनोज मेघवाल को शामिल किया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र दौसा के लिये गठित समिति में सांसद मुरारीलाल मीणा, महासचिव पुष्पेन्द्र भारद्वाज, जिलाध्यक्ष रामजीलाल ओड, विधायक रफीक खान, विधानसभा क्षेत्र देवली–उनियारा में सांसद हरीश मीणा, महासचिव प्रशांत शर्मा, जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा और विधायक विकास चौधरी को शामिल किया गया है।

# व्यापारी का अपहरण करने के मामले में तीन बदमाश गिरफ्तार



**अजमेर, 23 जून (एजेंसियां)।** राजस्थान में अजमेर पुलिस के विशेष दल एवं रामगंज थाना पुलिस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करके एक व्यापारी का अपहरण करके फिरौती वसूलने के मामले पर्दाफाश करते हुए मुख्य आरोपी सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

अजमेर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डा. दुर्ग सिंह राजपुरोहित ने रविवार को पत्रकारों को बताया कि 19 जून को रामगंज थाना क्षेत्र में प्लास्टिक करोबारी नरेश मनकानी का आरोपियों ने बंदूक की नोक पर दिनदहाड़े अपहरण करके फिरौती के रूप में 20 लाख रुपये वसूल लिये और उसे क्षेत्र में ही जंगल में पटक कर फरार हो गये। उन्होंने बताया कि इस मामले को पुलिस ने काफी गंभीरता से लिया और विशेष पुलिस दल का गठन करके आरोपियों की तलाश शुरु कर दी। पुलिस ने करीब 350 सीसीटीवी फुटेज को खंगालकर आरोपियों की पहचान कर ली।

बाद में दबिश देकर उन्हें दबोंच लिया। साथ ही फिरौती की राशि से खरीदी गई कार भी जब्त कर ली। श्री राजपुरोहित ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में कूका के नाम से कुख्यात सलमान चीता (24) , और साजन चीता (25) दोनों ही रामगंज थाना क्षेत्र के हैं जबकि फिरोज मेहरात (25) ब्यावर का है । आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

# जोधपुर में सांप्रदायिक हिंसा के बाद घर की छतों से दो ट्रॉली पत्थर जब्त

## *65 लोगों के खिलाफ एफआईआर*



**जोधपुर, 23 जून (एजेंसियां)।** राजस्थान के जोधपुर में हुई सांप्रदायिक हिंसा के मामले में पुलिस ने अब तक 65 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है, इनमें से कई लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। हिंसा के बाद रविवार को पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया, जिसमें मकानों की छतों से टनों पत्थर जब्त किए। गिरफ्तारी के विरोध में कई महिलाएं थाने पहुंच गईं।

जोधपुर में सांप्रदायिक हिंसा के बाद माहौल अभी तक शांत नहीं हुआ है। पुलिस ने रविवार को हिंसाग्रस्त इलाकों की छतों पर ड्रोन की मदद से तलाशी अभियान चलाया। इसमें छतों पर टनों पत्थर जब्त किए गए। पुलिस ने मामले में 65 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। गौरतलब है कि जोधपुर के सूरसागर इलाके में शुक्रवार देर रात ईदगाह का रास्ता हिंदू मोहल्ले की तरफ खोले जाने को लेकर विवाद हो गया था। इसके बाद यहां घरों पर पथराव किया गया, जिसमें कई लोग घायल भी हुए। पथराव में कई गाड़ियां भी टूट गईं और एक दुकान को भी आग के हवाले कर दिया गया, इसके बाद पुलिस का भारी जाब्ता मौके पर तैनात कर दिया गया। एडीसीपी पश्चिम निशांत भारद्वाज ने बताया कि शुक्रवार की रात हुई जबरजस्त पत्थरबाजी में पुलिस के दो अधिकारी घायल हो गए, वहीं पत्थर लगने से एक महिला की आंख की रोशनी चली गई। इसके बाद पुलिस ने मकानों का तलाशी अभियान चलाया था, जिसमें दो ट्रॉली पत्थर बरामद हुए।

हिंसा के बाद पुलिस की ओर से की गई गिरफ्तारी के विरोध में बहुत सी महिलाएं थाने पहुंच गईं। इसके बाद पुलिस ने उन्हें धारा 144 का हवाला देते हुए मौके से हटने के लिए कहा तो महिलाओं ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की और आरोप लगाया कि पुलिस ने गलत लोगों को गिरफ्तार किया है।

# भाजपा कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का समाधान करें : भजनलाल



**जयपुर, 23 जून (एजेंसियां)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं को पार्टी, समाज और देश के लिए समर्पित बताते हुए उनका आह्वान किया है कि वे जनता के बीच जाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करें।

श्री शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित एक कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त बुराइयों को मिटाना और जरूरतमंद की मदद करना ही उसके जीवन का उद्देश्य होता है, इसलिए उसे सम्मान मिलना चाहिए।उन्होंने जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें याद करते हुए कहा कि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रखर राष्ट्रवादी नेता थे जिन्होंने देश भर में आजादी की अलख जगाई और अपना पूरा जीवन मां भारती को समर्पित कर दिया। श्री शर्मा ने कहा कि उन्होंने राष्ट्र को सर्वोपरि रखते हुए कश्मीर मुद्दे पर तत्कालीन कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया और जनसंघ का गठन किया।श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का वादा किया था और सरकार बनने के बाद देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दृढ़ इच्छा शक्ति का परिचय देते हुए अनुच्छेद 370 को हटा दिया गया। श्री शर्मा ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे अपने–अपने क्षेत्र में जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का समाधान करने में मदद करें। मंडल अध्यक्ष पार्षद के साथ मिलकर क्षेत्र के निवासियों के दुख तकलीफ को दूर करें। श्री शर्मा ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने आसपास के जरूरतमंद व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाएं। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता पूरे समर्पण भाव से पार्टी और समाज के लिए कार्य करता है । क्षेत्र में होने वाले नवनिर्माण का उद्घाटन भी कार्यकर्ता के हाथों से ही होना चाहिए।

# यमुनानगर के आजाद नगर में मां बेटे की हत्या, बेटी को घर में पड़े मिले शव



**यमुनानगर, 23 जून (एजेंसियां)।** हरियाणा के यमुनानगर के आजाद नगर की गली नंबर 2 में मां बेटे की हत्या का मामला सामने आया है। घर में कमरे के अंदर दोनों के शव पड़े मिले। आजाद नगर निवासी 45 वर्षीय मीना व उसके 23 वर्षीय बेटे राहुल का शव रविवार शाम घर में पड़ा मिला। उनकी बेटी काजल प्यारा चौक पर मोबाइल की दुकान में काम करती है। वह घर पर आई तो उसने दोनों के शव कमरे के अंदर पड़े देखे। सूचना मिलते ही थाना शहरी यमुनानगर पुलिस, डीएसपी अभिलाष जोशी, थाना प्रभारी जगदीश चंद्र व सीआईए की टीम में मौके पर पहुंची। घर के अंदर सामान बिखरा हुआ पड़ा है जिसे देखकर आशंका जाताई जा रही है कि लूट के इरादे से मां बेटे की हत्या की गई है।वहीं हैरान कर देने वाली बात यह है कि जिस घर में हत्या हुई है वह गली के बीचों बीच है और आबादी वाला एरिया है। किसी ने भी मां बेटे के चिल्लाने का शोर नहीं सुना। मौके पर गली में रहने वाले लोगों की भीड़ मौजूद है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बरसात से पहले ही इस गांव के लोगों को कटाव का डर

# गांव, विद्यालय और कब्रिस्तान पर मंडरा रहा खतरा

**मुजफ्फरपुर (एजेंसियां)।**

बिहार के बेतिया जिले के मैनाटांड़ प्रखंड के थरूहट क्षेत्र के गदियानी भंगहा गांव के लोग ओरिया नदी के कटाव से बरसात होने के पहले से ही भयभीत हैं। यहां ओरिया नदी कटाव करते हुए धीरे-धीरे आगे की तरफ बढ़ रही है। नदी के कटाव से गांव, राजकीय प्राथमिक उर्दू विद्यालय भंगहा गदियानी, मस्जिद और कब्रिस्तान पूरी तरह से खतरे के निशाने पर हैं। नदी कभी भी गांव, विद्यालय, मस्जिद और कब्रिस्तान को अपने आगोश में ले सकती है।



जानकारी के मुताबिक, गदियानी भंगहा गांव की आबादी लगभग चार हजार है और दो सौ घर हैं। यहां गरीब तबके के लोग निवास करते हैं। विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या 150 है। वर्ग एक से पांच तक की कक्षाओं का संचालन होता है। सोहेल आलम, प्रदीप कुमार, राहुल कुमार, प्रिया कुमारी और रोशनी खातून आदि विद्यार्थियों ने बताया कि बरसात का मौसम आते ही हम लोग पूरी तरह से सहम जाते हैं कि हमारा गांव और विद्यालय नदी के गर्भ में समा न जाए। इसका हमेशा डर सताता रहता है। नदी प्रतिवर्ष कटाव कर आगे की तरफ बढ़ती रहती है।

सन 2019 में आई विनाशकारी बाढ़ ने नसरुद्दीन मियां, आलम मियां, क्याम मियां, अबुलहसन मियां, मोदाक मिया, मोनाफ मियां और मुस्मात गुलशन सहित 11 लोगों के घरों को अपने गर्भ में ले लिया था। उस घटना में सभी लोग बेघर हो गए थे और सभी लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। वहीं, राजकीय प्राथमिक विद्यालय गदियानी भंगहा के तीन शौचालय भी नदी में जलमग्न हो गए थे।

ग्रामीण अखलाक मियां, सलीम मियां, अमजद मियां, नयन मियां, अलिएमाम मियां और नबी मियां सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ के विनाशकारी प्रकोप से हम सभी ग्रामीण पूरी तरह से भयभीत और परेशान रहते हैं। लेकिन किसी जन प्रतिनिधि और प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता है। इससे बरसात के दिनों में हम लोगों के दिलों में हमेशा बाढ़ का भय रहता है।

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले वर्ष विधायक वीरेंद्र गुप्ता की पहल से फ्लड फाइटिंग का काम हुआ था, लेकिन वह भी नाकाम साबित हो रहा है। गांव सहित विद्यालय मस्जिद व कब्रिस्तान पर अभी भी खतरा मंडरा रहा है। अभी पूरा बरसात का मौसम बाकी है, इसके बावजूद भी नदी प्रतिदिन कब्रिस्तान का कटाव कर रही है। नदी पूरी तरह गांव से सटकर बहती है जो कभी भी पूरे गांव को अपने आगोश में ले सकती है। ग्रामीणों ने बताया कि अगर ससमय बाढ़ रोधी कार्य नहीं किया जाता है तो हम लोग उग्र होकर आंदोलन भी करेंगे।

इधर, सीओ आशीष आनंद ने बताया कि बरसात से पहले सार्थक पहल की जाएगी। ताकि गदियानी भंगहा के लोगों को कटाव से बचाया जा सके। मामले की जानकारी वरीय अधिकारी को दी जाएगी, ताकि सार्थक पहल की जा सके।

# बहन को मेरा पति, मां को मेरे ससुर भगा ले गए , अब मुझे न्याय चाहिए हुजूर




**पटना (एजेंसियां)।**

मुजफ्फरपुर में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां दो दिन के अंदर जीजा अपनी साली को और ससुर अपनी समधन को लेकर फरार हो गए। दो दिन बाद भी जब चारों घर नहीं लौटे तो एक महिला न्याय मांगने के लिए थाना पहुंच गई। महिला ने अपने पति और ससुर के खिलाफ शिकायत की। उसका आरोप है कि उसका पति उसकी बहन और ससुर उसकी मां को लेकर फरार हो गया। काफी इंतजार किया लेकिन कोई नहीं आए। अब वह अपने बच्चे के साथ दर-दर की ठोकर खा रही है। घटना सकरा थाना क्षेत्र के एक गांव की है जिसने थाने में आवेदन दिया है जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दिया है।

दर्ज प्राथमिकी में पीड़िता ने बताया कि 2021 में उसकी शादी भगवानपुर निवासी छोटू से हुई थी। शादी के कुछ दिन तक सब कुछ ठीक ठाक रहा। एक बच्चे को भी जन्म दिया।

सबकुछ ठीक चल रहा था। इसी बीच छोटू का दिल मेरी छोटी बहन पर आ गया। दोनों बातचीत करने लगे और दोनों घर से भागकर शादी रचा ली। जब यह बात मैंने अपनी मां को बताई तो आननफानन में वह मेरे ससुराल पहुंची। इसी बीच मेरे ससुर और मेरी मां एक-दूसरे के करीब आ गए। अचानक मेरे ससुर मेरी मां को अपने साथ भगा ले गए। जब दोनों घर नहीं लौटे तो मुझे चिंता हुई।

पीड़िता ने कहा कि छानबीन करने पर जब सच्चाई का पता चला तो मैं हैरान रह गई। मेरी मां भी बहन की तरह की प्रेम प्रसंग में पड़ गई। इसके बाद पुलिस के पास पहुंची। पीड़िता ने बताया कि दोनों एक ट्रेन से सफर कर निकल गए और अब मैं यहां पर भटक रही हूं। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच चल रही है। परिजन और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है।

# सड़क हादसे में बच्ची की मौत घर से बाहर निकली थी

### ई-रिक्शा की चपेट में आई; अस्पताल पहुंचते ही गई जान

**पटना (एजेंसियां)।**

खगड़िया में शनिवार देर शाम सड़क दुर्घटना में एक छह वर्षीय बच्ची की मौत हो गई है। जिसके बाद परिजनों में चित्कार मचा है। घटना खगड़िया अलौली सड़क मार्ग की है। बताया जा रहा है कि बच्ची अपने घर के बाहर निकली थी। इसी दौरान तेज गति से आ रहे ई रिक्शा चालक ने बच्ची के ऊपर ई रिक्शा को पलट दिया। घटना में बच्ची बुरी तरह घायल हो गई।



आनन-फानन में परिजनों के द्वारा बच्ची को अस्पताल लाया गया। लेकिन तब तक बच्ची की मौत हो चुकी थी। सदर अस्पताल के डॉक्टर ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। बच्ची की पहचान मथुरापुर नवटोलिया निवासी संतोष शर्मा की पुत्री वैष्णवी कुमारी के रूप में हुई है।

गौरतलब है कि खगड़िया अलौली सड़क मार्ग पर कई बार सड़क हादसा हो चुका है। इसमें लोगों की जान भी गई है। बताया जा रहा है कि सड़क किनारे आवासीय स्थल रहने के कारण अक्सर कुछ दूरी तक घटनाएं होती रहती हैं। मृतक बच्ची के पिता ने बताया कि वे लोग अपने घर के अंदर थे। बच्ची अकेले ही बाहर थी। इसी दौरान अलौली की तरफ जा रहे हैं एक ई रिक्शा चालक में वाहन से नियंत्रण खो दिया, और वह उनकी बच्ची पर आकर पलट गया।

# बहन के साथ दुष्कर्म करता रहा फुफेरा भाई, गर्भवती कर हुआ फरार

### बच्चे को जन्म देकर नाबालिग मांग रही न्याय

**पटना (एजेंसियां)।**

दरभंगा के कमतौल थाना क्षेत्र के एक गांव में भाई और बहन की रिश्ते को तार-तार कर देने का मामला सामने आया है। नाबालिग लड़की ने अपने ही फुफेरे भाई पर दुष्कर्म कर गर्भवती कर देने की प्राथमिकी दर्ज करवाई है। इस मामले को लेकर पहले दिल्ली के केशुपुरम थाना में जीरो प्राथमिकी दर्ज कराई गई जिसके आधार दरभंगा के कमतौल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।




दर्ज प्राथमिकी ने लड़की ने कहा है कि आरोपी फुफेरा भाई अपनी मां के निधन के बाद करीब 10 वर्षों से उसके घर मे रहा करता था। इस दौरान एक रात उसने मेरे साथ दुष्कर्म किया उसके बाद से डरा धमका कर लगातार वह दुष्कर्म करता रहा जब उसका मन भर गया तो वह उसका घर छोड़कर दिल्ली में ही रह रहे वह अपने पिता के घर चला गया।

पीड़िता ने कहा कि जब वह अपने माता पिता के साथ चार महीने पहले वह अपनी बहन के ससुराल गई। जहां उसकी तबीयत बिगड़ने पर उसे डॉक्टर से इलाज करवाया गया जहां वह गर्भवती पाई गई। इसके बाद वह अपने माता पिता के साथ अपने फूफा के दिल्ली वाले घर पर गई जहां हमलोगों के पहुंचते ही आरोपी और फूफा दोनो घर छोड़कर फरार हो गए लेकिन हमलोग उसके आने के इंतजार में उसके ही घर मे बैठे रहे। इस दौरान 13 मई को उसने अपने फूफा के घर में ही एक बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद मेरे परिजन आरोपी और उसके पिता से लगातार संपर्क करने और खोजने की कोशिश करते रहे लेकिन इनलोगों का कुछ पता नही चल पा रहा है।

कमतौल थानाथक्ष पंकज कुमार ने बताया कि पीड़िता और आरोपी दोनो एक ही गांव के है जबकि आरोपी फुफेरा भाई बताया जा रहा है। पीड़िता द्वारा दिये गए आवेदन की जांच की जा रही है क्योंकि यह मामला पहले दिल्ली के केशुपुरम थाना में जीरो प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी उसी आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# कैमूर में आपसी रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुई गोलीबारी, दो लोग गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर

**पटना (एजेंसियां)।**

बिहार के कैमूर जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर गांव में दो पक्षों में आपसी रंजिश को लेकर जमकर गोलीबारी हुई। इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद दोनों घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद वाराणसी हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे मोहनिया डीएसपी दिलीप कुमार पूरे मामले की जांच में जुट गए। घायलों की पहचान पुरुषोत्तमपुर गांव निवासी नीतीश कुमार और आकाश कुमार के रूप में हुई है।




घटना को लेकर मोहनिया डीएसपी दिलीप कुमार ने बताया कि रामगढ़ थाना क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर गांव में आपसी रंजिश को लेकर दो पक्षों में गोलीबारी हुई है। इस घटना में नीतीश और आकाश का नाम के दो लोगों को गोली लगी है। एक को पेट में और दूसरे के हाथ में गोली लगी है। किस मामले को लेकर गोलीबारी की घटना हुई है अभी यह साफ नहीं हो सका है। घायल पक्ष द्वारा कोई आवेदन अभी नहीं दिया गया है, लेकिन पूरे मामले की जांच चल रही है।

# बेगूसराय में हादसा, रेलवे के स्टाफ की मौत

### बाइक से घर लौट रहे थे, बोलेरो ने मारी टक्कर

**पटना (एजेंसियां)।**

बेगूसराय में तेज रफ्तार बोलेरो ने मोटरसाइकिल सवार रेल कर्मी को कुचल दिया। हादसे में रेल कर्मी की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। घटना सिंघौल थाना क्षेत्र के सिंघौल स्थित एनएच 31 के समीप की है। मृतक रेल कर्मी की पहचान सिंघौल थाना क्षेत्र के सिंघौल वार्ड नंबर एक के रहने वाले मोहम्मद नौशाद के रूप में की गई है।



बताया जा रहा है कि मो. नौशाद अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बोलेरो ने मोटरसाइकिल में जोरदार धक्का मार दिया। इस हादसे में रेल कर्मी की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने सिंघौल थाना पुलिस को दी। मौके पर सिंघौल थाने की पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदस्य पाल भेज दिया है। और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार मो. नौशाद हाजीपुर में रेल कर्मी के पद पर कार्यरत थे।

इस संबंध में सिंगल थानेदार अमित कुमार ने बताया है कि शनिवार रात बोलेरो और मोटरसाइकिल के बीच भीषण टक्कर हो गई।

इस हादसे में रेलवे के कर्मचारी की मौत हो गई। वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर वापस लौट रहे थे। तभी वह सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। मामले की जांच की जा रही है। कुछ लोगों से पूछताछ चल रही है। बोलेरो चालक की तलाश में छापेमारी चल रही है। इस घटना की सूचना मिलते ही परिजनों के बीच कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का कहना है कि नौशाद घर में इकलौता कमाने का शख्स था।

# बिहार में अब तीसरा पुल हादसा, पूर्वी चंपारण में निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा गिरा

**पटना (एजेंसियां)।**

एक सप्ताह के अंदर बिहार में अब तीसरा पुल हादसा हुआ है। इस बार पूर्वी चंपारण के घोड़ासहन प्रखंड में डेढ़ करोड़ की लागत से बन रहा निर्माणाधीन पुल भरभरा कर गिर गया। अब इसका वीडियो वायरल हो रहा है। लोग बिहार सरकार पर सवाल खड़ा कर रहे हैं।

लोगों का कहना है कि घोड़ासहन प्रखंड अमावा से चैनपुर स्टेशन की ओर जाने वाली सड़क पर बन रहे पुल की ढलाई का काम कई दिनों से चल रहा था। शनिवार को पूल के एक हिस्से की ढलाई भी हुई थी। अचानक रात में करीब 40 फीट लंबा हिस्सा गिर गया।

लोगों का कहना है कि पुल निर्माण में गुणवत्ता का कोई ख्याल नहीं रखा गया था। पुल में इस्तेमाल की गई सामग्रियों की गुणवत्ता काफी खराब है। इसलिए अररिया के बकरा नदी पर जैसे पुल हादसा हुआ था, वैसा ही हाल यहां भी हुआ।लोगों ने कहा कि अब सवाल उठता है कि ढलाई के वक्त ही पूल ध्वस्त हो जा रहा है। इसकी गुणवत्ता क्या होगी? इसके लिए कौन जिम्मेवार है? बिहार सरकार इस मामले की जांच करे और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करे।

इधर, पुल हादसे के विरोध में लोगों ने जमकर नारेबाजी की। गिरे हुए पुल के सामने ग्रामीण खड़े हो गए इसके बाद नारेबाजी करने लगे। उनका कहना है कि घोड़ासहन प्रखंड के अमवा से चैनपुर स्टेशन जाने वाली सड़क में 40 फीट पुल बनने का काम चल रहा था। ढलाई के कुछ घंटे बाद ही पुल ध्वस्त हो गया। उन्होंने बताया कि आरसीसी पुल का निर्माण धीरेंद्र कंस्ट्रक्शन प्राइ-वेट लिमिटेड द्वारा करवाया जा रहा है।

# आरोपी ने मदद करने के बहाने महिला से दुष्कर्म किया, जबरन गर्भपात भी कराया

### अब दे रहा जान लेने की धमकी

**सीतामढ़ी (एजेंसियां)।**

बिहार के सीतामढ़ी जिले के रीगा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर महिला ने आरोपियों पर एफआईआर दर्ज करवाई है। प्राथमिकी में पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने एक कोर्ट केस में महिला की मदद करने का झांसा देकर दुष्कर्म किया है।



प्राथमिकी के मुताबिक, साल 2020 में अपराधियों ने पीड़िता की छोटी बहन की हत्या कर दी थी। हत्या की एफआईआर के बाद मुकदमे में सहयोग करने के लिए सांखी गांव निवासी दिवंगत किशोरी सिंह के बेटे अजीत सिंह उर्फ पिंटू सिंह ने उसे आश्वासन दिया कि वह इस मुकदमे में सहयोग करेगा। इसके लिए उसने महिला का मोबाइल नंबर ले लिया। पीड़िता ने प्राथमिकी में बताया कि अजीत ने एक दिन केस में पैरवी के लिए सीतामढ़ी के एक होटल में फोन कर बुलाया और वहीं एक कमरे में रखा। साथ ही रात में दुष्कर्म किया और आपत्तिजनक स्थिति में वीडियो बना लिया। इसके बाद वीडियो का भय दिखाकर लगातार दुष्कर्म करने के लिए मजबूर करता रहा। पीड़िता ने आवेदन में लिखा है कि इंदल साह ने मंदिर में शादी करवा दी। हालांकि, कुछ महीने बाद जब वह गर्भवती हो गई तो उसकी मर्जी के खिलाफ अजीत और इंदल ने मिलकर गर्भपात करवा दिया। इसके बाद अजित सिंह पिस्तौल का भय दिखाकर जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़िता ने थाने में दिए आवेदन में लिखा है कि वह दर-दर की ठोकर खा रही है। उसकी बहन की हत्या हो गई है। अब उसे दुष्कर्म करने साथ-साथ अब जान से मारने की धमकी दी जा रही है। वहीं, इस संबंध में थानाध्यक्ष फेराज हुसैन ने बताया कि आवेदन पर एफआईआर कर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्टीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com